RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 8
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने मनायी दीवाली
विदेश-10

www.dailypioneer.com

महुआ मोइत्रा के संसद से निष्कासन की सिफारिश

● लोकसभा की आचार समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन और चार ने विरोध किया, रिपोर्ट शीतकालीन सत्र में लोकसभा के पटल पर रखी जाएगी और इससे संबंधित प्रस्ताव पर मतदान होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

महुआ मोइत्रा की फाइल फोटो

लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की अनुशंसा की।

मोइत्रा ने आचार समिति की सिफारिश को खारिज करते हुए इसे एक कंगारू अदालत द्वारा पहले से फिक्स मैच करार दिया और कहा कि यह भारत में लोकतंत्र की मौत है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने बैठक की जिसमें समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया। सूत्रों का कहना है कि 479 पृष्ठों वाली इस रिपोर्ट में मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। अब आचार समिति की रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा के पटल पर रखी जाएगी और इससे संबंधित प्रस्ताव पर मतदान होगा। सोनकर ने संवाददाताओं से कहा कि समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन किया और चार ने इसका विरोध किया। रिपोर्ट का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों ने समिति की अनुशंसा को पूर्वाग्रत से युक्त और गलत बताया। इस बीच, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपनी सांसद महुआ मोइत्रा का पुरजोर समर्थन किया। तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि जो भी सरकार से सवाल करता है, उसे केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा 'परेशान' किया जाता है।

मोइत्रा के लिए परेशानी तब शुरू हुई जब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से तृणमूल कांग्रेस सदस्य के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक शिकायत भेजी, जिसमें उन पर अडाणी समूह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए व्यवसाई दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सदन में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में आचार समिति की बैठक सबसे पहले 26 अक्टूबर को हुई थी निशिकांत दुबे और देहाद्रई ने पेश हुए थे। इसके बाद दो नवंबर को मोइत्रा समिति के समक्ष उपस्थित हुई थीं।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस द्वारा निलंबित सांसद परनीत कौर ने रिपोर्ट के समर्थन में वोट दिया है। वह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। अमरिंदर सिंह अब कांग्रेस छोड़ चुके हैं। लोकसभा के पूर्व महासचिव पी डी टी आचारी ने कहा कि यह शायद पहली बार है जब लोकसभा आचार समिति ने किसी सांसद को निष्कासित करने की सिफारिश की है। वर्ष 2005 में रिश्वत लेकर सवाल पूछने के एक अन्य मामले में 11 सांसदों को संसद से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन उनके निष्कासन की सिफारिश राज्यसभा की आचार समिति और लोकसभा जांच समिति द्वारा की गई थी। महुआ (शेष पेज 9)

अयोध्या में पहली बार योगी कैबिनेट की बैठक

● मुख्यमंत्री ने मंत्रियों संग रामलला के दर्शन किए, 14 प्रस्ताव पास, लखनऊ से बाहर मंत्रिमंडल की बैठक एक दुर्लभ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अयोध्या

अयोध्या में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा पार्क में अपने सहयोगियों के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए।

परंपरा से हटकर अयोध्या में हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन, ड्रोन नीति, मंदिर संग्रहालय और विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से करने सहित कई प्रस्तावों को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम और हनुमान की तस्वीरों वाले एक बैनर के सामने खड़े होकर स्वयं मीडियाकर्मियों को मंत्रिमंडल की इस बैठक में मंजूर किए गए प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा, मंत्रिमंडल की इस बैठक में कुल 14 प्रस्ताव पेश किए गए जिन्हें मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव मंजूर किया जो इस राज्य में उपलब्ध जलाशयों में परिवहन के अवसरों की संभावना तलाशेगा। मुख्यमंत्री और अन्य ने पीला गमछा पहन रखा था जिस पर श्री सीता राम लिखा था। योगी आदित्यनाथ ने कहा, यह प्राधिकरण जलमार्ग का उपयोग कर परिवहन और व्यापार में सुधार के लिए काम करेगा और उत्तर प्रदेश को एक महत्वपूर्ण निर्यातक केंद्र बनाएगा। अधिकारियों ने कहा कि मंत्रिमंडल ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया है। इसके साथ ही मांझा जामतारा में एक मंदिर संग्रहालय के लिए 25 एकड़ भूमि आबंटित करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा, इस मंदिर संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी के बीच हिंदू धर्म के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस संग्रहालय में विभिन्न वीथिकाएं होंगी जहां एक मंदिर के विभिन्न पहलुओं जैसे इसकी डिजाइन, निर्माण आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रस्तावित संग्रहालय की प्रदर्शनी वीथिकाओं में देश के प्रसिद्ध मंदिरों की विशेषताएं और वास्तुशिल्प पेश की जाएंगी।

सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, मंदिर संग्रहालय के पीछे मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में हिंदू धर्म के बारे में जागरूकता विकसित करना है। संग्रहालय में अलग-अलग दीर्घाएं होंगी जो मंदिर के विभिन्न पहलुओं जैसे उसके डिजाइन, निर्माण आदि को प्रदर्शित करेंगी। मंत्रिमंडल ने अयोध्या रिसर्च इंस्टीट्यूट को अंतरराष्ट्रीय रामायण वैदिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के तौर पर विकसित करने का भी प्रस्ताव मंजूर किया। साथ ही मां पातेश्वरी देवीपाटन विकास परिषद के गठन को भी मंजूरी दी गई है जो भारत-नेपाल सीमा पर स्थित देवीपाटन मंडल के विकास का काम देखेगी। इस बैठक में मुजफ्फरनगर में शुक्रताल के विकास के लिए शुक्रतीर्थ विकास परिषद के गठन का भी प्रस्ताव मंजूर किया गया। शुक्रताल वह स्थान है जहां 5000 वर्ष पूर्व शुकदेव गोस्वामी ने अभिमन्यु के बेटे महाराजा परीक्षित को भगवत पुराण सुनाया था। यह उत्तर भारत में प्रसिद्ध पवित्र स्थलों में से एक है। इसके अलावा, हाथरस में दाऊजी लखी मेला, अयोध्या के सभी प्रमुख मेलों, बुलंदशहर में गंगा मेला और वाराणसी में देव दीपावली के प्रांतीयकरण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने महिलाओं और बच्चों को पोषकता से भरपूर खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों (शेष पेज 9)

कांग्रेस को 100 साल सत्ता के लिए तरसाएं: मोदी

● कहा- देश की प्रगति को रिवर्स गेयर में ले जाने में माहिर है यह पार्टी, प्रधानमंत्री ने कई चुनावी रैलियों को किया संबोधित

एजेंसी। छतरपुर

सतना में बृहस्पतिवार को जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस को देश की प्रगति को रिवर्स गियर में ले जाने के लिए माहिर बताते हुए लोगों से उसे कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से तरसाने का आह्वान किया। वह 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा शासित मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक रैली में बोल रहे थे।

लोगों को कांग्रेस के जाल में न फंसने की चेतावनी देते हुए उन्होंने ने कहा, जिस तरह रिवर्स गियर में गाड़ी हमें पीछे ले जाती है, उसी तरह कांग्रेस भी रिवर्स गियर में माहिर है और अच्छे शासन को बुरे शासन में बदलने में माहिर है। मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में थी, तब उसने लगभग 100 वर्ष पहले जल स्रोतों की समृद्ध विरासत वाले बुन्देलखण्ड की जल समस्याओं का हल करने के लिए कुछ नहीं किया और वहां के लोग लंबे समय तक पानी की एक बूंद के लिए भी तरसते रहे। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे भी कांग्रेस को कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से तरसा दें तब इनका दिमाग ठिकाने आएगा।

मोदी ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से भरी कांग्रेस को न तो देश का विकास समझ आया और न ही देश की विरासत से उसका कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि कोरोना वायरस काल में गरीबों के बच्चों को भूखा नहीं सोना पड़ा, लेकिन इसका श्रेय मोदी को नहीं, बल्कि आप सभी को जाता है, क्योंकि ये आपके वोट की ताकत थी जिसके कारण मोदी गरीबों को खाना खिला सका। छतरपुर जिले के खजुराहो में हुई जी-20 बैठकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार होती तो उसके लिए पूरा देश दिल्ली से शुरू होता और दिल्ली में खत्म होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली में योजनाओं की घोषणा होती थी। बड़े-बड़े विदेशी नेता दिल्ली आते थे। दिल्ली में बड़े-बड़े कार्यक्रम होते थे....कांग्रेस नेता जब भी अपने विदेशी दोस्तों को दिल्ली से बाहर ले जाते थे तो उन्हें भारत की गरीबी दिखाते थे। चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस नेताओं के लिए गरीब पर्यटन का विषय बन गए थे।

उन्होंने कहा कि मोदी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले भाई-बहनों को पक्का मकान दे रहा है, जबकि कांग्रेस नेता उनके साथ फोटो खिंचवाकर लौट आते हैं। मोदी एक गरीब परिवार के बेटा है। उन कुपोषित बच्चों की देखभाल कर रहा है जिनके साथ ये सजे-धजे कांग्रेसी फोटो खिंचवाते थे।' मोदी उन गरीबों को मुफ्त राशन मुहैया करा है जिनके साथ बैठकर वे फोटो और वीडियो सेशन के लिए खाना खाते थे और दिल्ली लौटने के बाद (शेष पेज 9)

पाकिस्तानी गोलीबारी में बीएसएफ जवान बलिदान

लाल फाम कीमा की फाइल फोटो

भाषा। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में बुधवार देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास पाकिस्तानी रेंजर्स की बिना उकसावे वाली गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, सांबा में सीमा चौकियों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी, जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पिछले 24 दिनों में संघर्ष-विराम उल्लंघन की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल लाल फाम कीमा घायल हो गए, जिन्हें पहले एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर जम्मू के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, 50 वर्षीय कीमा मिजोरम के आइजोल के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि कीमा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

बीएसएफ ने एक बयान में कहा, आठ-नौ नवंबर 2023 की दरमियानी रात के दौरान, पाकिस्तान रेंजर्स ने रामगढ़ क्षेत्र में बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया। रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि (शेष पेज 9)

शोपियां मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

श्रीनगर (भाषा)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बृहस्पतिवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ा एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के काठोहलान इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही तलाशी दल के जवान संदिग्ध स्थान के पास पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादी ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी चलाना शुरू कर दिया, जिसका सुरक्षा बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया। प्रवक्ता ने बताया कि आखिरकार मुठभेड़ में आतंकवादी को मार गिराया और उसका शव मुठभेड़ वाली जगह से बरामद कर लिया गया। आतंकी की पहचान मैसर अहमद डार उर्फ आदिल के रूप में हुई है। वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीआरएफ से जुड़ा था। मुठभेड़ स्थल से संदिग्ध सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि बरामद की गई सभी सामग्रियों को आगे की जांच के लिए रिकॉर्ड में ले लिया गया है।

विश्व कप क्रिकेट

● परिणामः न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

● आजः दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान

क्विक न्यूज

घूसखोरी में रेल अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई मे यार्ड और पार्सल विभाग मे तैनात रेलवे के अधिकारियो के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए। अधिकारियो पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पर पार्सल लेने और मूल्यवान पार्सल वैन की तैनाती की सुविधा देने के लिए बड़े पैमाने पर रिश्वतखोरी मे लिप्त रहने का आरोप है। रेलवे के सतर्कता ब्यूरो और सीबीआई की ओर से हाल ही मे की गई संयुक्त औचक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, एजेंसी ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। जिन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया उनमे तत्कालीन मुख्य पार्सल सुपरवाइजर, चीफ यार्ड मास्टर तथा उप स्टेशन प्रबंधक (यार्ड) शामिल हैं।

लिंगायत समुदाय ने जाति जनगणना को किया खारिज

एजेंसी। बेंगलुरु

● कर्नाटक में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत समुदाय ने जाति जनगणना को अवैज्ञानिक बताया, इससे पहले वोक्कालिगा समुदाय भी इसे खारिज कर चुका है

वोक्कालिगा समुदाय के बाद अब कर्नाटक के दूसरे प्रमुख समुदाय लिंगायत ने भी बृहस्पतिवार को सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण, जिसे जाति जनगणना के नाम से जाना जाता है, को अवैज्ञानिक बताते हुए खारिज कर दिया और नए सिरे से सर्वेक्षण कराने की मांग की। यह निर्णय अखिल भारतीय वीरशैव महासभा की बैठक में लिया गया, जो वीरशैव लिंगायतों की सर्वोच्च संस्था है।

साल 2015 में तत्कालीन सिद्धरमैया नीत कांग्रेस सरकार ने राज्य में 170 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण शुरू किया था जिसकी रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को इसके तत्कालीन अध्यक्ष एच कंथाराज के नेतृत्व में जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया था। बिहार सरकार द्वारा हाल में जाति जनगणना के निष्कर्ष जारी किए जाने के बाद सिद्धरमैया सरकार पर कई वर्गों से दबाव है कि राज्य के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट को सार्वजनिक की जाए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने हाल में कहा था कि रिपोर्ट मिलने के बाद वह फैसला लेंगे जिसके इस महीने के अंत में मिलने की उम्मीद है।

हालांकि दो प्रमुख समुदायों द्वारा खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस सरकार के लिए यह मुद्दा परेशानी वाला बन सकता है और टकराव की स्थिति बन सकती है, जहां दलित और अन्य पिछड़े वर्ग इसे सार्वजनिक करने की मांग कर रहे हैं। महासभा के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक शामनुरू शिवशंकरप्पा ने कहा, हम खुश नहीं हैं। यह वैज्ञानिक नहीं है। यह यहां बैठे-बैठे किया गया और वे घर-घर नहीं गए। आठ साल पहले यह किया गया था। इसलिए हमारी राय है कि इसे एक बार फिर वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए। पिछले हफ्ते, वोक्कालिगा नेताओं ने एक बैठक में, जिसमें डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और समुदाय के संतों ने भी भाग लिया था।

इसमें एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें सरकार से जाति जनगणना को 'अस्वीकार' करने का आग्रह किया गया था। हालांकि, दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व करने वाले संघों ने बुधवार को मांग की कि गुप्त रखी गई जाति जनगणना के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाए। दोनों प्रमुख समुदायों पर जाति जनगणना को रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए, कर्नाटक राज्य पिछड़ी जाति महासंघ और कर्नाटक सीमांत समुदाय महासंघ के नेताओं ने आंदोलन करने की धमकी दी। इस सवाल पर कि कुछ लोग दावा कर (शेष पेज 9)

अमेरिकी गायिका मिलबेन बोलीं, भारत के लिए पीएम मोदी बेस्ट

● महिलाओ के प्रति उनके रुख को सराहा, बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान पर भड़कीं

● कहा-अगर मैं भारत की नागरिक होती तो मैं बिहार चली जाती और मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ती

एजेंसी। न्यूयार्क

प्रसिद्ध अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन।

मैरी मिलबेन ने महिलाओं के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख की सराहना करते हुए उन्हें भारत और भारतीय नागरिकों की प्रगति के लिए सर्वश्रेष्ठ नेता बताया। प्रशंसित अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण में शिक्षा और महिलाओं की भूमिका समझाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विवादास्पद टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की। उन्होंने की किसी साहसी महिला से आगे आने और मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने का सुझाव दिया। मिलबेन ने महिलाओं के प्रति उनके रुख के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की और उन्हें भारत और भारतीय नागरिकों की प्रगति के लिए सर्वश्रेष्ठ नेता बताया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में मैरी मिलबेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से 'बिहार में नेतृत्व करने के लिए किसी महिला को सशक्त बनाने' के लिए भी कहा।

मिलबेन अतीत में भी खुले तौर पर मोदी का समर्थन कर चुकी हैं। मिलबेन ने नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए लिखा कि आज भारत एक निर्णायक क्षण का सामना कर रहा है। खासतौर पर बिहार में, जहां महिलाओं की अस्मिता कोचुनौती दी जा रही है, और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की टिप्पणियों के बाद मेरा मानना है कि इस चुनौती का केवल एक ही उत्तर है कि किसी साहसी महिला को आगे आकर बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी (शेष पेज 9)

पूछताछ के बाद बिगड़ी एल्विश की तबीयत

गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती, हरियाणवी सिंगर फाजिलपुरिया से भी हो सकती है पूछताछ

● डॉक्टरों ने एल्विश को ब्लड टेस्ट की जांच कराने के साथ ही बेड रेस्ट की सलाह दी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एल्विश यादव। (फाइल फोटो)

यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी.2 विनर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन अचानक एल्विश की तबीयत बिगड़ गई। सूत्रों के अनुसार, एल्विश को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने डेंगू, मलेरिया और सीबीसी की जांच के लिए कहा है। साथ ही बेड रेस्ट की सलाह दी है।

वहीं, लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल्ल, फेम सिंगर फाजिलपुरिया से भी नोएडा पुलिस पूछताछ कर सकती है। रेव और सांप तस्करी मामले में मंगलवार देर रात 45 मिनट की पूछताछ के दौरान एल्विश ने सिंगर फाजिलपुरिया का नाम लिया था। एल्विश ने पुलिस को बताया कि सांप के साथ का उसका जो वीडियो वायरल हुआ था वह सिंगर फाजिलपुरिया के शूटिंग सेट का था। फाजिलपुरिया ने ही सांप का अरेंजमेंट शूटिंग के लिए किया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि फाजिलपुरिया का नाम एफआईआर में नहीं है। मगर एल्विश के जवाब के बाद फाजिलपुरिया को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

सांप तस्करों से कराया जाएगा सामना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के जॉइंट सीपी आनंद कुलकर्णी ने बताया, जब सांप के साथ वायरल वीडियो को लेकर एल्विश से सवाल किया, तो उसने कहा कि सांपों का अरेंजमेंट फाजिलपुरिया ने अपनी शूट के लिए किया था। उसी सेट का वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एल्विश से 25 सवाल किए गए। शुरू के आसान सवालों का आराम से जवाब दिया। लेकिन, बाद में गोल.मोल बात करने लगा।

एल्विश को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया जा सकता है। नोएडा पुलिस ने सांपों के साथ पकड़े गए 5 आरोपियों की 14 दिन की रिमांड कोर्ट से मांगी है। रिमांड आज यानी गुरुवार को मिलने की संभावना है। रिमांड मिलने के बाद एल्विश और राहुल समेत अन्य आरोपियों का आमना.सामना कराया जाएगा। आमने.सामने की पूछताछ के दौरान यह भी तय हो जाएगा कि एल्विश ने जो बातें पुलिस को बताई हैंए वह कितनी सही है। रिमांड के दौरान स्टिंग का रीक्रिएशन भी किया जाएगा, आरोपियों को उन स्थानों पर भी लेकर जाया जाएगा, जिसका जिक्र एफआईआर और ऑडियो में है। रेव पार्टी और सांप तस्करी से जुड़े मामले में एल्विश के बाद अब फाजिलपुरिया की भी एंट्री हुई है।

ऐसे में नोएडा पुलिस इस केस में फूंक.फूंककर कदम रख रही है। बयानों की बजाए पुलिस का फोकस साइंटिफिक एविडेंस कलेक्ट करने पर ज्यादा है।

पुलिस ने कहा, कुमार विश्वास के काफिले पर हमले का आरोप गलत

● गाजियाबाद पुलिस ने जांच के बाद किया दावा, आईएमए ने आज बुलाई मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास द्वारा लगाए गए कार पर हमले के प्रयास के आरोप गाजियाबाद पुलिस की जांच में साबित नहीं हुए हैं।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बुधवार रात 10;20 बजे एक्स पर पोस्ट करके कहा. आज संज्ञान में आए प्रकरण में कुमार विश्वास के काफिले पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हमले के संबंध में प्रारंभिक जांच के क्रम में आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने अग्रिम जांच के क्रम में वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

वहीं कुमार विश्वास ने गुरुवार सुबह एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखा, मैंने बार-बार गाड़ी बीच में जबरन व आक्रामक तरीके से घुसाते देखा। मुझे देरी से पता चला कि सज्जन सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प करने के साथ अभद्र भाषा के साथ सुरक्षाकर्मियों को धकिया रहे थे।

डॉक्टर ने कहा, सुरक्षाकर्मियों ने पीटा, धमकी दी

कुमार विश्वास ने इस पोस्ट में जिस अज्ञात व्यक्ति का जिक्र किया, उनका नाम डॉक्टर पल्लव बाजपेई है। इस पोस्ट के कुछ देर बाद ही डॉक्टर पल्लव खून से लथपथ दिखे। उनके कान, नाक, मुंह और घुटने से खून निकल रहा था। उन्होंने थाना इंदिरापुरम में एक एप्लिकेशन दी। इसमें उन्होंने बताया कि मैं कार से हॉस्पिटल जा रहा था। रास्ते में मैंने एक पुलिस कार को साइड दी। इसके पीछे अपनी गाड़ी लगा ली। मेरे पीछे काले रंग की कार आ रही थी, जिसमें पुलिसकर्मी सवार थे। उन्होंने मुझे उतारकर मारपीट शुरू कर दी। झाड़ियों में गिराकर पीटा। गोली मारने की धमकी दी और मेरी घड़ी भी ले गए।

आईएमए ने कहा, ये व्यवहार झूठ की पराकाष्ठा

डॉक्टर पल्लव बाजपेई की तरफ से थाना इंदिरापुरम में बुधवार को जो एप्लिकेशन दी गई थी, उस पर अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। आईएमए वेस्ट गाजियाबाद ने इस प्रकरण में एक्स पर पोस्ट करके कुमार विश्वास को लिखा. यह व्यवहार आपकी धृष्टता, घमंड और झूठ की पराकाष्ठा दिखाती है। श्रीराम का नाम लेने वाले ऐसा कृत्य करते हैं। आप वीडियो देखें।

पार्किंग से बाहर के वाहनों को उठा लेगी पुलिस

● नियम का पालन न करने पर होगी कार्रवाई, हेल्पलाइन नंबर 9971009001 जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में कल से बाजारों के आसपास वाहनों को खड़ा करने पर आपकी गाड़ी टो कर ली जाएगी। यातायात पुलिस ने एडवाइजरी की है पार्किंग में वाहनों को खड़ा किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा।

असुविधा होने पर यातायात हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है। धन तेरस, दीपावली और भैया दूज पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न बाजारों जैसे.अट्टा, मार्केट, सेक्टर 27, इंदिरा मार्केट सेक्टर 27, सेक्टर 18 मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, ब्रहमपुत्र मार्केट सेक्टर 28, लॉजिक्स मॉल सिटी सेंटर, होशियारपुर, शॉप्रिक्स मॉल, सेक्टर 37, बाटिनकल गार्डन, किसान चौक, सूरजपुर, जगतफार्म, परीचौक, कस्बा कासना एवं दादरी आदि में वाहनों की अधिकता के डायवर्जन नियमानुसार किया जायेगा।

डायवर्जन प्लान : अट्टा मार्किट, इंदिरा मार्किट, सेक्टर 18 मार्केट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल एवं आस.पास के सभी मार्ग को नो.पार्किंग जोन बनाया गया है। नो.पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहनों को क्रेन द्वारा टो कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

अट्टा पीर चौक से कार मार्केट सेक्टर. 28 एवं अट्टा चौक से अट्टापीर तक ई.रिक्शा, ऑटोएटेम्पो का आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। आमजन व वाहन चालक अट्टा मार्केट, इंदिरा मार्केट, ब्रह्मपुत्र मार्केट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरुद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल में आने वाले अपने वाहनों को डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल की पार्किंग व सेक्टर 18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर सकेंगे।

नोएडा में कामकाजी महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी में महिला सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति का चतुर्थ चरण चल रहा है। इस दौरान महिलाओं को पुलिस के द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इस जागरूकता के दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है। महिलाओं को महिला अपराध, साइबर फ्रॉड व अन्य तरह के अपराधों के बारे में भी जागरूक कर उनसे सचेत रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण और महिला जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति प्रतिहार अभियान के तहत थाना फेस टू क्षेत्र के अंतर्गत कंपनी में कामकाजी महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव इस जागरूकता अभियान में पहुंचीं। उन्होंने कामकाजी महिलाओं को सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर फ्रॉड बहुत चल रहा है। ऐसे में आपको जागरूक रहने की जरूरत है। साइबर फ्रॉड से आप सभी बच्चे अगर किसी के साथ ऐसी घटना घटती है तो तत्काल प्रभाव से 1930 पर कॉल करें।

बिसरख में करंट लगने से दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र के पुराना हैबतपुर में बोरिंग का काम चल रहा था। इस दौरान बोरिंग करते समय करंट लगने से जीशान पुत्र दिलदार बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी कर्मी उसे तिगरी स्थित सरस्वती अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से ग्राम शादीपुर थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़ का रहने वाला था और हाल में पुराना हैबतपुर गांव में रह रहा था। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। नोएडा के थाना सेक्टर.58 क्षेत्र के फोर्टिस अस्पताल में ओल्ड विजयनगर निवासी साहिल सक्सेना को गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया। साहिल सक्सेना को घर के इनवर्टर से करंट लग गया था जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गए थे। उपचार के दौरान साहिल सक्सेना की मौत हो गई। थाना सेक्टर.58 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

बस की टक्कर से दरोगा गंभीर रूप से घायल

नोएडा। नोएडा की पुलिस लाइन में तैनात दरोगा सतेंद्र गौतम को बुधवार शाम सूरजपुर घंटा गोल चक्कर के पास तेज गति की निजी बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दरोगा घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उसे दबोच लिया। घायल दरोगा को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। उपचार के पश्चात उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं नोएडा के थाना सेक्टर.39 क्षेत्र के सेक्टर.37 फ्लाईओवर पर तेज गति में आ रही डीटीसी बस के चालक ने महिला अधिवक्ता की कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला अधिवक्ता घायल तथा उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। सेक्टर.41 निवासी शाहीन शेख ने थाना सेक्टर.39 में दर्ज सड़क हादसे की जानकारी दी।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड)
सीआईएनः L10719DL1995PLC277176
रजि. ऑफ.:288 बेसमेंट एजीसीआर एन्क्लेव पूर्वी दिल्ली शाहदरा शाहदरा डीएल 110092 आईएन
फोनः 011–45511351, ईमेलः info@integratedindustries.in

30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(ईपीएस को छोड़कर करोड़ रुपये में)

क्र. स.	विवरण	तिमाही समाप्त			छमाही समाप्त		वर्ष समाप्त
		30/09/2023 अलेखापरीक्षित	30/06/2023 अलेखापरीक्षित	30/09/2022 अलेखापरीक्षित	30/09/2023 अलेखापरीक्षित	30/09/2022 अलेखापरीक्षित	31/03/2023 लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	46.74	19.47	0.00	66.21	0.00	5.14
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण औरध्या असाधारण आइटम)	1.86	1.51	5.06	3.37	5.01	4.99
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण औरध्या असाधारण वस्तुओं के बाद)	1.86	1.51	5.06	3.37	5.01	4.99
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभध(हानि) (असाधारण औरध्या असाधारण वस्तुओं के बाद)	1.30	1.17	5.06	2.47	5.01	1.36
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय ख्इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय(कर के बाद) शामिल है	1.30	1.17	5.06	2.47	5.01	1.36
6	इक्विटी शेयर पूंजी	8.10	4.82	4.78	8.10	4.78	4.83
7	रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-	-	-
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद परिचालन के लिए) (वार्षिककृत नहीं)						
	मूल (रुपये में)	2.52	2.46	10.58	4.96	10.49	2.85
	तनुकृत (रुपये में)	2.38	2.46	10.58	4.82	10.49	2.85

टिप्पणियाँः

1 इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') (पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) के 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए इन उपरोक्त अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों ('परिणाम') की समीक्षा की गई और ऑडिट समिति द्वारा सिफारिश की गई और अनुमोदित किया गया 9 नवंबर, 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा। इसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, संशोधित के विनियमन 33 के संदर्भ में कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया है।

2 इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') (पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) के 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए अनऑडिटेड समेकित वित्तीय परिणाम ('परिणाम') भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।) कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा जाता है और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम के विनियमन 33 के संदर्भ में, 2015, यथा संशोधित।

3 अनऑडिटेड समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानक ('इंड एएस') – 34 'अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग' में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं। समय–समय पर संशोधित भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांत।

4 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों में दो सहायक कंपनियों के सीमित समीक्षा परिणाम शामिल हैं। दो सहायक कंपनियों के वित्तीय परिणामों को प्दक 110–समेकित वित्तीय विवरण के अनुसार समेकित किया गया है।

5 इंड एएस 108 – ''ऑपरेटिंग सेगमेंट'' के अनुसार व्यवसायध्भौगोलिक खंड की रिपोर्टिंग के संदर्भ में, कंपनी के संचालन में मुख्य रूप से दो व्यवसाय खंड शामिल हैं – खाद्य उत्पादों में व्यापार और खाद्य उत्पादों का विनिर्माण। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त होने वाली तिमाही और छह महीनों के लिए अलेखापरीक्षित समेकित खंड की जानकारी अनुबंध ''ए'' के अनुसार संलग्न की गई है।

6 25 मई, 2023 के एमसीए आदेश के तहत कंपनी का नाम इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से ''इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड'' में बदल दिया गया है और इसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा अनुमोदित किया गया है।

7 कंपनी ने व्यवसाय की नई श्रृंखला शुरू की है जिसमें खाद्य उत्पादों का व्यापार शामिल है और इन वित्तीय परिणामों में व्यवसाय की उक्त नई श्रृंखला से राजस्व शामिल है।

8 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान, कंपनी ने मेसर्स नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 100: हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस सहायक कंपनी (नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड) ने 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान नीमराना, राजस्थान में 34000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले एक चालू बिस्किट विनिर्माण संयंत्र का अधिग्रहण किया।

9 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान, कंपनी ने शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक–पोषण वेल एलएलसी का अधिग्रहण किया है और 30 मई, 2023 को शारजाह मीडिया सिटी–फ्री जोन अथॉरिटी के साथ पंजीकृत किया है। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के लिए समेकित वित्तीय विवरण।

10 दिनांक 9 सितंबर 2023 के प्रस्ताव के माध्यम से बोर्ड की मंजूरी और 11 अगस्त 2023 को आयोजित ईजीएम में पारित प्रस्ताव के माध्यम से शेयरधारकों की मंजूरी के अनुसार, कंपनी ने कंपनी की अपनी मौजूदा अधिकृत शेयर पूंजी को रुपये से बढ़ा दिया है। 18,00,00,000/– (केवल अठारह करोड़ रुपये) रुपये के अंकित मूल्य के 1,80,00,000 (एक करोड़ अस्सी लाख) इक्विटी शेयरों में विभाजित। 10/– (केवल दस रूपये) प्रत्येक से रु. 20,00,00,000/– (केवल बीस करोड़ रुपये) को रुपये के अंकित मूल्य के 2,00,00,000 (दो करोड़) इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया है। 10/– (रुपये दस मात्र)रुपये के अंकित मूल्य के 20,00,000 (बीस लाख) इक्विटी शेयरों के निर्माण 10/– (केवल दस रूपये) प्रत्येक द्वारा।

11 19 सितंबर, 2023 को निदेशक मंडल और 9 सितंबर, 2023 को कंपनी के शेयरधारकों द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुसरण में और लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में, 'संचालन के लिए निदेशक मंडल की समिति' कंपनी ने प्रतिभूतियों का निम्नलिखित आवंटन कियाः"ए. 33,22,441 (तैंतीस लाख बाईस हजार चार सौ इकतालीस मात्र) रुपये के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर। 10 (रुपये दस मात्र) प्रत्येक कंपनी ('इक्विटी शेयर'') रुपये की कीमत पर। प्रमोटर समूह (12,00,000 इक्विटी शेयर) और गैर प्रमोटर समूह (21,22,441) को 170– (एक सौ सत्तर रुपये मात्र) प्रति इक्विटी शेयर (रु. 160– (एक सौ साठ रुपये मात्र) प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) इक्विटी शेयर), तरजीही मुद्दे के आधार पर, अधिनियम और सेबी आईसीडीआर विनियमों, अन्य लागू कानूनों और उसी के संबंध में कंपनी और प्रस्तावित आवंटी के बीच निष्पादित समझौतों के अनुसार नकद विचार के लिए। उपरोक्त आबंटन के बाद, कंपनी की प्रदत्त इक्विटी पूंजी अब बढ़कर 8,14,89,960/– रुपये (आठ करोड़ चौदह लाख उन्यासी हजार नौ सौ साठ रुपये मात्र) हो गई है और पूरी तरह से मिश्रित आधार पर 10,59,19,960/– (रुपए दस करोड़ उनचास लाख उन्नीस हजार और नौ सौ साठ मात्र) रुपये हो गई है।

12 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के दौरान कंपनी ने रुपये के निर्गम मूल्य पर इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय 24,43,000 वारंट जारी किए हैं। प्रमोटर/गैर–प्रमोटर समूह को अधिमान्य आधार पर प्रस्तावित आवंटन के लिए 170/– रुपये। उपरोक्त आवंटन के बाद, कंपनी की पेड–अप इक्विटी पूंजी अब बढ़कर रु. हो गई है। 8,14,89,960/– (आठ करोड़ चौदह लाख अस्सी नौ हजार नौ सौ साठ रुपये मात्र) और पूरी तरह से पतला आधार पर रु. 10,59,19,960/– (रुपये दस करोड़ उनचास लाख उन्नीस हजार नौ सौ साठ मात्र)।

13 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण/प्रकटीकरण के अनुरूप करने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्निर्मित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड)
एसडी/–
सौरभ गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 01094455

स्थान : दिल्ली
दिनांकः 09 नवंबर, 2023

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड)
सीआईएनः L10719DL1995PLC277176
रजि. ऑफ.:288 बेसमेंट एजीसीआर एन्क्लेव पूर्वी दिल्ली शाहदरा शाहदरा डीएल 110092 आईएन
फोनः 011–45511351, ईमेलः info@integratedindustries.in

30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(ईपीएस को छोड़कर करोड़ रुपये में)

क्र. स.	विवरण	तिमाही समाप्त			छमाही समाप्त		वर्ष समाप्त
		30/09/2023 अलेखापरीक्षित	30/06/2023 अलेखापरीक्षित	30/09/2022 अलेखापरीक्षित	30/09/2023 अलेखापरीक्षित	30/09/2022 अलेखापरीक्षित	31/03/2023 लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	14.28	4.08	5.10	18.28	0.00	5.14
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण औरध्या असाधारण आइटम)	0.65	0.11	5.06	0.76	5.01	4.99
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण औरध्या असाधारण वस्तुओं के बाद)	0.65	0.11	5.06	0.76	5.01	4.99
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभध(हानि) (असाधारण औरध्या असाधारण वस्तुओं के बाद)	0.46	0.08	5.06	0.54	5.01	1.36
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय ख्इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय(कर के बाद) शामिल है	0.46	0.08	5.06	0.54	5.01	1.36
6	इक्विटी शेयर पूंजी	8.10	4.78	4.78	4.78	4.78	4.83
7	रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-	-	-
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद परिचालन के लिए) (वार्षिककृत नहीं)						
	मूल (रुपये में)	0.89	0.17	10.58	1.09	10.49	2.85
	तनुकृत (रुपये में)	0.84	0.17	10.58	1.06	10.49	2.85

टिप्पणियाँः

1 इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') (पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) के 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए इन उपरोक्त अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों ('परिणाम') की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई थी और 9 नवंबर, 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित। "इसे सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के संदर्भ में कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया है, जैसा कि संशोधित।

2 इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') (पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) के 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए अनऑडिटेड स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम ('परिणाम') भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।) कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 133 के तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा जाता है और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम के विनियमन 33 के संदर्भ में, 2015, यथा संशोधित।

3 अनऑडिटेड स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानक ('इंड एएस') – 34 'अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग' में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं। समय–समय पर संशोधित भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, और भारत में आम तौर पर स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांत।

4 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने की अन्य आय में रुपये की ब्याज आय शामिल है। कंपनी की सब्सिडियरी से 0.43 करोड़ रुपये मिले हैं।

5 इंड एएस 108 – ''ऑपरेटिंग सेगमेंट'' के अनुसार व्यवसायध्भौगोलिक खंड की रिपोर्टिंग के संदर्भ में, कंपनी के संचालन में मुख्य रूप से एक व्यवसाय खंड शामिल है – खाद्य उत्पादों में व्यापार। इसलिए, इंडस्ट्रीज एएस 108 के अनुसार कोई रिपोर्ट करने योग्य खंड नहीं है।

6 25 मई, 2023 के एमसीए आदेश के तहत कंपनी का नाम इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से ''इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड'' में बदल दिया गया है और इसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा अनुमोदित किया गया है।

7 कंपनी ने व्यवसाय की नई श्रृंखला शुरू की है जिसमें खाद्य उत्पादों का व्यापार शामिल है और इन वित्तीय परिणामों में व्यवसाय की उक्त नई श्रृंखला से राजस्व शामिल है।

8 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान, कंपनी ने मेसर्स नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 100: हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस सहायक कंपनी (नर्चर वेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड) ने 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान नीमराना, राजस्थान में 34000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले एक चालू बिस्किट विनिर्माण संयंत्र का अधिग्रहण किया।

9 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के दौरान, कंपनी ने शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक–पोषण वेल एलएलसी का अधिग्रहण किया है और 30 मई, 2023 को शारजाह मीडिया सिटी–फ्री जोन अथॉरिटी के साथ पंजीकृत किया है। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीने के लिए समेकित वित्तीय विवरण।

10 दिनांक 9 सितंबर 2023 के प्रस्ताव के माध्यम से बोर्ड की मंजूरी और 11 अगस्त 2023 को आयोजित ईजीएम में पारित प्रस्ताव के माध्यम से शेयरधारकों की मंजूरी के अनुसार, कंपनी ने कंपनी की अपनी मौजूदा अधिकृत शेयर पूंजी को रुपये से बढ़ा दिया है। 18,00,00,000/– (केवल अठारह करोड़ रुपये) रुपये के अंकित मूल्य के 1,80,00,000 (एक करोड़ अस्सी लाख) इक्विटी शेयरों में विभाजित। 10/– (केवल दस रूपये) प्रत्येक से रु. 20,00,00,000/– (केवल बीस करोड़ रुपये) को रुपये के अंकित मूल्य के 2,00,00,000 (दो करोड़) इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया है। 10/– (रुपये दस मात्र)रुपये के अंकित मूल्य के 20,00,000 (बीस लाख) इक्विटी शेयरों के निर्माण 10/– (केवल दस रूपये) प्रत्येक द्वारा।

11 19 सितंबर, 2023 को निदेशक मंडल और 9 सितंबर, 2023 को कंपनी के शेयरधारकों द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुसरण में और लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में, 'संचालन के लिए निदेशक मंडल की समिति' कंपनी ने प्रतिभूतियों का निम्नलिखित आवंटन कियाः"ए. 33,22,441 (तैंतीस लाख बाईस हजार चार सौ इकतालीस मात्र) रुपये के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर। 10 (रुपये दस मात्र) प्रत्येक कंपनी ('इक्विटी शेयर'') रुपये की कीमत पर। प्रमोटर समूह (12,00,000 इक्विटी शेयर) और गैर प्रमोटर समूह (21,22,441) को 170– (एक सौ सत्तर रुपये मात्र) प्रति इक्विटी शेयर (रु. 160– (एक सौ साठ रुपये मात्र) प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) इक्विटी शेयर), तरजीही मुद्दे के आधार पर, अधिनियम और सेबी आईसीडीआर विनियमों, अन्य लागू कानूनों और उसी के संबंध में कंपनी और प्रस्तावित आवंटी के बीच निष्पादित समझौतों के अनुसार नकद विचार के लिए। उपरोक्त आबंटन के बाद, कंपनी की प्रदत्त इक्विटी पूंजी अब बढ़कर 8,14,89,960/– रुपये (आठ करोड़ चौदह लाख उन्यासी हजार नौ सौ साठ रुपये मात्र) हो गई है और पूरी तरह से मिश्रित आधार पर 10,59,19,960/– (रुपए दस करोड़ उनचास लाख उन्नीस हजार और नौ सौ साठ मात्र) रुपये हो गई है।

12 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के दौरान कंपनी ने रुपये के निर्गम मूल्य पर इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय 24,43,000 वारंट जारी किए हैं। प्रमोटर/गैर–प्रमोटर समूह को अधिमान्य आधार पर प्रस्तावित आवंटन के लिए 170/– रुपये। उपरोक्त आवंटन के बाद, कंपनी की पेड–अप इक्विटी पूंजी अब बढ़कर रु. हो गई है। 8,14,89,960/– (आठ करोड़ चौदह लाख अस्सी नौ हजार नौ सौ साठ रुपये मात्र) और पूरी तरह से पतला आधार पर रु. 10,59,19,960/– (रुपये दस करोड़ उनचास लाख उन्नीस हजार नौ सौ साठ मात्र)।

13 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण/प्रकटीकरण के अनुरूप करने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्निर्मित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
(पूर्व में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड)
एसडी/–
सौरभ गोयल
(प्रबंध निद

ग्रैप चार की निगरानी को सड़क पर उतरे मंत्री

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सभी मंत्रियों के साथ बैठक कर अलग जिलों की सौंपीं जिम्मेदारी

● लोगों को पिछले आठ दिनों से सांस लेने में हो रही परेशानी, प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 20 फीसदी से ज्यादा बनी हुई है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में बृहस्पतिवार को भारी धुंध और प्रदूषण के बीच गुजरते वाहन। फोटो : रंजन डिमरी

पराली से निकलने वाला धुआं दिल्ली वाले को ठीक से सांस भी नहीं लेने दे रहा है। पिछले आठ दिनों से लगातार प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 20 फीसदी से ज्यादा बनी हुई है। अगले दो दिनों के बीच यह स्थिति बनी रहने की संभावना है। दिल्ली के लोग इस समय सबसे ज्यादा खराब हवा में सांस ले रहे हैं। पंजाब और हरियाणा के खेतों में जलाई जाने वाली पराली इसका बड़ा कारण है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को सभी मंत्रियों के साथ बैठक की।

गोपाल राय ने बैठक की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी ग्रेप-4 नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी मंत्री जमीन पर उतरेंगे। इस सन्दर्भ में मंत्रियों को अलग अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय को उत्तर और उत्तर पूर्व जिला, ट्रांसपोर्ट मंत्री कैलाश गहलोत को दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम जिला, राजस्व मंत्री आतिशी को पूर्व और दक्षिण पूर्व जिला, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को दक्षिण और नई दिल्ली लि, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन को सेंट्रल और शाहदरा जिला और समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को उत्तर पश्चिम जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गोपाल राय ने कहा कि पिछले कई दिनों से प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। पिछले 8-10 दिनों से उत्तर भारत में हवा की गति काफी धीमी और तापमान भी लगातार गिर रहा है। ऐसे में प्रदूषण के कण वायुमंडल में फैलने की बजाए निचले स्तर पर ही बने हुए है। इसलिए वाहन प्रदूषण, धूल प्रदूषण, बायोमास बर्निंग, पराली समेत जितने भी प्रदूषण के स्रोत हैं, उससे निपटने के लिए सीएक्यूएम ने ग्रैप-4 में लागू करने का आदेश दिया है। ग्रैप-4 के तहत दिल्ली में बीएस-3 के पेट्रोल वाहन, बीएस-4 के डीजन वाहन बैन है। साथ ही आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं को छोड़कर सभी प्रकार के ट्रकों की एंट्री बैन है। इसी के साथ सभी प्रकार के निर्माण कार्य चाहें वह सरकारी हो, चाहें प्राइवेट हो पूरी तरह से बैन है।

राय ने कहा कि कई दिनों से चर्चा है कि ग्रेप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है और निर्माण कार्य तथा अन्य गतिविधियां लगातार चल रही हैं। सड़कों पर ट्रक भी दौड़ रहे हैं। इसलिए आज दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों के साथ बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि जिन मंत्रियों के पास जो विभाग हैं उन्हें कैसे सक्रिय किया जाए। क्योंकि अधिकारियों, कर्मचारियों के अंदर प्रदूषण से निपटने के जिस प्रकार की सक्रियता होनी चाहिए वह नहीं दिख रही है। सभी मंत्री ग्राउंड जीरों पर उतरेंगे और ग्रैप-4 नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

मंत्रियों की निगरानी में मुख्य रूप से सीमा वाले क्षेत्रों जैसे सिंघु बार्डर, गाजिपुर बार्डर, ग्रुरुग्राम बार्डर, शाहदरा बार्डर, बहादुरगढ बार्डर और कापसहेड़ा बार्डर होंगे।

धनतेरस-दिवाली पर बाजार गुलजार

● व्यापारियों को बृहस्पतिवार और शुक्रवार को देश भर में 50 हजार करोड़ के रुपये के कारोबार का अनुमान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दीपावली और धनतेरस पर सजावट का सामान देखती युवती।

त्योहारी मौसम चल रहा है, दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद अब धनतेरस के बाद दीपावली आने वाली है। इसको लेकर बाजारों में धूम है।

सरोजनी नगर, लाजपत नगर, राजौरी गार्डन, तिलक नगर, चांदनी चौक, सदर बाजार, दरीबा कलां, मालीवाड़ा, कमला नगर, अशोक विहार, मॉडल टाउन, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रोहिणी, द्वारका, जानकपुरी, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, ग्रीन पार्क, यूसुफ सराय, कालकाजी, प्रीत विहार, शाहदरा एवं लक्ष्मी नगर सहित विभिन्न बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। धनतेरस व दीपोत्सव पर सड़कों पर लगने वाला अस्थायी बाजार भी पूरी तरह से सज गया है। इस बार धनतेरस 10 नवंबर को तो दिवाली 12 नवंबर को है।

धनतेरस पर खरीदारी को लेकर बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों ने धनतेरस के मौके पर खरीदारी करने पर उपहारों की बौछार कर रहे। ऐसे में नामी कंपनियों में ग्राहकों की भीड़ है. तो कहीं, खरीदारी पर कैश बैक तो कही जीरो परसेंट फाइनेंस की सुविधा तो कई प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। बाजार में सबसे ज्यादा मांग इलेक्ट्रानिक सामानों की है। सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों की कंपनियों ने नए-नए मॉडल बाजार में उतारे हैं। इसके अलावा बर्तनों को भी खरीदना शुभ माना जाता है।

दिवाली को लेकर जगमगाया बाजार : दीवाली को लेकर बाजार जगमगाया हुआ है। लोगों ने घर की साफ-सफाई और सजावट शुरू कर दी है। सभी लोग घर को खूबसूरत बनाने में लगे हैं। ऐसे में आर्टिफिशियल फूलों की झालर और बंधनवार लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। वहीं शुभ दीपावली, शुभ धनतेरस और स्वस्तिक स्टीकर से लेकर झूमर, हेंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रॉनिक मोमबत्ती आदि से दुकानें सजी हुई हैं।

धनतेरस आज : धनतेरस का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व है। धनतेरस के दिन सोना, चांदी व अन्य वस्तुओं को खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन सूर्यास्त के बाद मां लक्ष्मी की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन लोग कुछ न कुछ जरूर खरीदते हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की आज और कल धनतेरस के मौके पर देश भर में आज लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के खुदरा व्यापार का अनुमान है। वहीं दूसरी तरफ इस दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का दर्शन पूरी तरह बाजारों में दिख रहा है क्योंकि लगभग सारी खरीदारी भारतीय सामानों की ही हो रही है ।

पंजाब सरकार की विफलता से गैस चेंबर बनी दिल्ली : यादव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पंजाब में किसानों को विकल्प मुहैया कराने में प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आपराधिक विफलता ने दिल्ली को गैस चैंबर में तब्दील कर दिया है।

यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इस देश ने अभी तक अरविंद केजरीवाल से बड़ा झूठा नहीं देखा है। इस साल खेतों में पराली जलाने की 93 प्रतिशत घटनाएं पंजाब में हुई हैं, जिससे दिल्ली-एनसीआर गैस चैंबर में बदल गया है, क्योंकि आम आदमी पार्टी किसानों को विकल्प प्रदान करने में विफल रही है। यह आम आदमी पार्टी की ओर से (उनके) शासन की आपराधिक विफलता है। दिल्ली स्थित डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली के वायु प्रदूषण में 37 प्रतिशत हिस्सेदारी पड़ोसी राज्यों, विशेष रूप से पंजाब एवं हरियाणा में पराली जलाने से हुए प्रदूषण की थी। दिल्ली में तीन नवंबर के बाद 6 दिन हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जिसमें पराली का धुआं, खासकर राजधानी के वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है।

हल्की बारिश की संभावना एक्यूआई गंभीर श्रेणी में

नई दिल्ली। उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मौसम बदलने वाला है। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 437 दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है।

सरकार प्रदूषण पर सर्वदलीय बैठक बुलाये : लवली

प्रदूषण के विरोध में कांग्रेस नेता।

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार की विफलता पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भाजपा और आम आदमी पार्टी कार्यालय तक शांति मार्च किया। मार्च में सांकेतिक रूप में प्रदूषण से प्रभावित मरीजों के लिए एम्बुलेंस तथा स्ट्रेचर लेकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि एक तरफ भाजपा के नेता व मंत्री 5 राज्यों के चुनावों में व्यस्त है और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों की चिंता कैसे जेल से सरकार चलाने की हो रही है।

चांदनी चौक का पुनर्विकास कायम रखे सरकार

● जनहित याचिका की सुनवाई बंद करते हुए उच्च न्यायालय ने दिए सरकार को दिया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रदेश की सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि चांदनी चौक में किए गए पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कार्य को बरकरार रखा जाए और यह जारी रहे।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में कहा कि चांदनी चौक के व्यापारी संघ एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर कार्यवाही बंद करते समय की। अदालत ने चांदनी चौक इलाके में सड़कों के जंक्शन पर बूम-अवरोधकों की बेहतरी के लिए भी बाजार का पुनर्निर्माण किया गया था, और इसलिए इसके प्रति उनकी कुछ सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

अदालत ने यह टिप्पणी चांदनी चौक के पुनर्विकास के संबंध में दर्ज और सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनहित याचिका पर सुनवाई को जारी रखने का कोई कारण नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने आठ नवंबर को जारी एक आदेश में दिल्ली सरकार से पुनर्विकास कार्य सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

भाजपा का जदयू कार्यालय पर प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्वांचल मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को जंतर-मंतर पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि कुमार को अपनी अपमानजनक टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड से रोका गया लेकिन कई प्रदर्शनकारियों ने इन्हें पार करने की कोशिश की।

पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी तिमारपुर झील : आतिशी

● 40 एकड़ पर विकसित झील खूबसूरती के साथ-साथ सस्टेनेबल गवर्नेंस की भी मिसाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी के तिमारपुर के तैयार हो रहा झील परिसर।

राष्ट्रीय राजधानी अब दिल्ली भी धीरे-धीरे झीलों की नगरी बनाने जा रही है। केजरीवाल सरकार देश की राजधानी को झीलों का शहर बनाने की योजना पर काम कर रही है। इस दिशा में पर्यटन स्थल के रूप में तिमारपुर झील परिसर को विकसित कर रही है। जिसके तैयार होने के बाद लोग यहाँ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

इस परियोजना से जहां भूजल को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी, साथ ही इलाके के लोगों को पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी। इस कड़ी में जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को तिमारपुर झील का निरीक्षण किया और परियोजना की समीक्षा की।

तिमारपुर झील को 40 एकड़ जमीन पर विकसित किया जा रहा है। झील बनाने की परियोजना अपने अंतिम चरण में है। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण का 90 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। ग्रैप की पाबंदियों के कारण अभी निर्माण कार्य बंद है। पाबंदियाँ खत्म होने के बाद बाकी काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। जिसके बाद झील को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

ये झील खूबसूरती के साथ सस्टेनेबल गवर्नेंस की भी मिसाल है। यहाँ इकोलॉजिकल सिस्टम को बनाए रखने और लागत प्रभावी तरीकों के साथ ज्यादा से ज्यादा अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज करने के लिए परियोजना को तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में यहां बनाए जा रही एसटीपी का साफ पानी इस झील में छोड़ा जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद पानी को स्टोर कर ग्राउंड वॉटर को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी और वॉटर ट्रीटमेंट में भी फायदा होगा।

कभी यहां थी गंदगी

जल मंत्री आतिशी ने बताया कि तिमारपुर में 1940 के आसपास ट्रीटमेंट प्लांट हुआ करते थे। इन ऑक्सिडेशन पॉन्ड को गंदा पानी साफ करने के लिए प्रयोग किया जाता था। गंदे पानी को साफ करने का ये तरीका बहुत पुराना था, जिस कारण तिमारपुर की जमीन पर गंदा पानी जमा हो जाता था जिससे दुर्गंध आती थी। इसी वजह से यह प्लांट बंद किया गया।

विश्वस्तरीय सुविधाएं

तिमारपुर झील में फूड कैफे, ओपन एयर थियेटर, बटरफ्लाई पार्क, गैलरी, ऑडिटोरियम जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। परिसर खुलने के बाद झील की सुंदरता के साथ ही लोग सेल्फी प्वाइंट, सीटिंग एरिया की स्टेप प्लाजा, म्यूजियम जैसी सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे।

पर्वतारोही अनुराग मालू को एम्स से मिली छुट्टी

नई दिल्ली। पर्वतारोही अनुराग मालू को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में छह महीने उपचार और कई सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वह अप्रैल में नेपाल में माउंट अन्नपूर्णा में गहरे गड्ढे में गिरने के बाद चमत्कारिक तरीके से बचे थे।

राजस्थान के किशनगढ़ के रहने वाले मालू दुनिया की 10वीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट अन्नपूर्णा पर स्थित शिविर-3 से उतरने के दौरान 17 अप्रैल को करीब 6,000 मीटर की ऊंचाई से गिर गए थे और लापता हो गए थे। वह तीन दिन तक 70 मीटर गहरे गड्ढे में रहे और 20 अप्रैल की सुबह उन्हें वहां से निकाला जा सका। उन्हें सबसे पहले पास के एक चिकित्सा शिविर ले जाया गया और वहां पोखरा के मनिपाल अस्पताल लाया गया।

चिड़ियाघर में कार्ड से भुगतान कर सकेंगे विदेशी पर्यटक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में जल्द ही विदेशी पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय मास्टर कार्ड और वीजा कार्ड से भुगतान करने की सुविधा होगी। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की निदेशक आकांक्षा महाजन ने कहा कि इस सुविधा से और अधिक विदेशी पर्यटक चिड़ियाघर देखने आएंगे।

आकांक्षा महाजन के अनुसार, बिना पर्यटक गाइड के चिडियाघर आने वाले विदेशी नागरिकों को टिकट काउंटर पर भुगतान करते समय कठिनाई आती है और बाद में वे लौट जाते हैं। ज्यादातर विदेशी पर्यटक सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी में आते हैं और प्रशासन चाहते हैं कि विदेशी पर्यटक चिड़ियाघर में भी आएं। संबंधित बैंक अधिकारियों से कहा है कि सुविधा में सुधार करें ताकि अंतरराष्ट्रीय वीजा या मास्टर कार्ड रखने वाले पर्यटक इसका इस्तेमाल टिकट खरीदने के लिए कर सकें।

डीसीपीसीआर में धन के दुरुपयोग की होगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● उपराज्यपाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जांच प्रस्ताव को दी मंजूरी

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग डीसीपीसीआर) के कामकाज में सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच होगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने जांच शुरू करने के महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

राजभवन के अधिकारियों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए क्रमशः संशोधित अनुमान और बजट अनुमान के लिए डीसीपीसीआर के लिए बजट आवंटन की प्रक्रिया करते समय डीडब्ल्यूसीडी ने देखा कि डीसीपीसीआर की मांग तेजी से बढ़ी है। हाल के वर्षों में 2017-18 में मात्र 2 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्तीय वर्ष में 15.20 करोड़ रुपये हो गया है।

दिल्ली एलजी ने बाल एवं महिला विकास (डीडब्ल्यूसीडी) की मंजूरी के बिना डीसीपीसीआर कर्मचारियों की भर्ती कर रहा था और अपने अधिकार क्षेत्र और कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर भारत सरकार की योजनाएं जैसे- एकीकृत बाल विकास योजनाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमवीवीवाई), पोषण अभियान गतिविधियों में शामिल होकर व्यय कर रहा था। डीसीपीसीआर, प्रशासनिक विभाग को डीसीपीसीआर नियम 2008 के अनुसार उपयोगिता विवरण प्रस्तुत नहीं कर रहा था और न ही ऑडिट पैरा और टेस्ट ऑडिट नोट्स का ठीक से जवाब दे रहा था।

डीसीपीसीआर द्वारा फेलो, एसोसिएट फेलो, सलाहकार, उप सलाहकार विशेषज्ञ, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, परामर्शदाता के रूप में कर्मचारियों की नियुक्ति पर उपराज्यपाल की मंजूरी नहीं मांगी गई थी। एलजी ने बाल एवं महिला विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग, के जांच के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के कामकाज में सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों पर एक विशेष ऑडिट करने का आदेश दिया है।

बाल एवं महिला विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पाया कि निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना सलाहकारों की नियुक्ति, अध्यक्ष और सदस्यों का वेतन बढ़ाने की वजह से डीसीपीसीआर में वेतन घटक जो कि वर्ष 2017-18 में 17 लाख रुपये था से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 2 करोड़ रुपये हो गया था, जबकि इनमें किसी भी तरह की वृद्धि के लिए एलजी की मंजूरी की आवश्यकता थी।

इसके बाद डब्ल्यूसीडी विभाग ने प्रस्ताव दिया कि उक्त मामले में जांच शुरू की जा सकती है और धन आवंटन के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार करने से पहले सरकारी धन के दुरुपयोग के बारे में एक विशेष ऑडिट किया जाना चाहिए। इसके बाद सतर्कता निदेशालय (डीओवी) द्वारा मामले की जांच में निम्नलिखित विसंगतियां, अनियमितताएं पाई गईं

महिला एवं बाल विकास विभाग, के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्य करने वाला दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग, बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रावधानों का पालन नहीं कर रहा है।

प्रदूषण के चलते हरित मेलों का महत्व बढ़ गया है : सचदेवा

● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सम्पूर्णा संस्था के हरित दिवाली मेले का किया उद्घाटन, विधायक विजेन्द्र गुप्ता रहे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भव्य हरित दिवाली मेले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा।

राजधानी दिल्ली की हवा पिछले कई दिनों से गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। इस बीच सामाजिक संस्था ने इस बार लोगों से हरित दिवाली मनाने की अपील की है। इसी कड़ी में उसने रोहिणी सेक्टर-18 में भव्य हरित दिवाली मेले का आयोजन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा इस मेले का उद्घाटन किया। पूर्व अध्यक्ष एंव विधायक विजेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि थे।

इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सम्पूर्णा, दिल्ली समेत देश के अन्य भागों में महिला सुरक्षा, महिला आर्थिक स्वावलंबन, पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण इत्यादि विषयों को लेकर जन जागरण कर समाज के उत्थान के लिए तरह-तरह के अभियान चलाकर बेहतरीन कार्य कर रही है। रोहिणी क्षेत्र को हरा-भरा बनाए रखने, गीले-सूखे कूड़े का पृथ्क्कीकरण, जैविक खाद बनाना, कपड़े के थैलों का प्रयोग को लेकर समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाती रहती है। उन्होंने सम्पूर्णा के स्वयं सेवकों से इन सामाजिक विषयों को लेकर अपने प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक गति देने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि दिल्ली व दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए इस तरह के हरित मेलों का महत्व बढ़ गया है। सचदेवा ने दिवाली मेले में लगे विभिन्न स्टालों पर जाकर जानकारी ली और उनके प्रयासों को सराहा।

मेले के मुख्य अतिथि विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी वालों को दीपावली की शुभकामना देते हुए क्षेत्र को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने में सहयोग देने का अनुरोध किया। हरित दिवाली मेले में दिवाली की खरीदारी से लेकर स्टालों के साथ-साथ बुजुर्गों द्वारा रचित कविताओं का पाठ कर सभी का मन मोह लिया। इस मेले में पंजाबी अकादमी के कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत द्वारा मेले में आए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मेले में आपात स्थिति में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने को लेकर चर्चा का भी आयोजन किया।

चर्चा में भाग लेते हुए सम्पूर्णा अध्यक्षा डॉ. शोभा विजेंद्र ने संकट की घड़ी में महिलाओं व बच्चों की सहायता को लेकर विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए डॉ. शोभा ने सम्पूर्णा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। इस चर्चा में दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्षा कौसर जहां, अतिरिक्त आयुक्त आरती शर्मा एवं मनोवैज्ञानिक अर्चना बंसल ने भी भाग लिया। मेले की समापन अतिथि वकील बांसुरी स्वराज ने सम्पूर्णा द्वारा भव्य हरित दिवाली मेला के आयोजन में किए गए प्रयासों को सराहा।

पुलिस के लिए हैकर और साइबर हमले हैं गतिशील चुनौतियां

तकनीक के जानकार व्यक्ति साइबर अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में डीजीपी द्वारा ली जा रही बैठक में मौजूद सीपी विकास कुमार अरोड़ा व अन्य पुलिस अधिकारी।

वर्तमान समय में साइबर अपराध और साइबर हमले हरियाणा ही नहीं, पूरे देश की पुलिस के लिए सबसे व्यापक और गतिशील चुनौतियां हैं। बग्स की नियमित पैचिंग/मैलवेयर को हटाया जा रहा है, लेकिन अपराधी यानी हमलावर और हैकर खुलेआम घूम रहे हैं। देर-सबेर यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए चिंता का एक प्रमुख क्षेत्र होगा। तेलंगाना के डेटा से संकेत मिलता है कि जितने अधिक तकनीक जानकार व्यक्ति होंगे, वे साईबर अपराधों के प्रति उतने ही अधिक संवेदनशील होंगे। वर्तमान में आईटी पेशेवर कार्य आधारित धोखाधड़ी से व्यापक रूप से प्रभावित हैं।

यह बात प्रमुखता से गुरुग्राम में उत्कृष्ट सोसायटी फॉर सेफ हरियाणा के लिए पुलिस अधिकारियों, कंपनियों व उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने कही। बैठक में गुरुग्राम के सीपी विकास कुमार अरोड़ा समेत अनेक पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। हरियाणा प्रदेश को कॉरपोरेट इंडस्ट्रीज के लिए सुरक्षित बनाने तथा विकास के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की ओर हरियाणा पंजीकरण और सोसायटी विनियमन अधिनियम, 2012 के तहत पंजीकृत एक गैर-लाभकारी सोसायटी की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया है। इसी के संदर्भ में यह बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट सोसायटी फॉर सेफ हरियाणा इस सोसाइटी में राज्य के पुलिस अधिकारी, अग्रणी कंपनियों और उद्योगों से प्रतिनिधि/सदस्य शामिल रहेंगे। यह सुरक्षा और संरक्षा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक समुदाय/केंद्रित मंच होगा। यह सोसायटी एक सुरक्षित हरियाणा के निर्माण के लिए पहल करने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिक समाज के साथ समान भागीदार के रूप में काम करेगी। इसका उद्देश्य बेहतर कानून के अनुसार बेहतर कार्यशैली बनाना, साईबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने, राज्य में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए डेटा-आधारित और प्रौद्योगिकी सक्षम दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रूप से साधन तलाशना है। उन्होंने कहा कि साईबर सुरक्षा को अभी भी कंपनियां विवेकपूर्ण तरीके से संभालती हैं और पुलिस को रिपोर्ट नहीं की जाती है। डीजीपी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उत्कष्ट सोसायटी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कामकाजी महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिनमें सुरक्षित आवागमन की आवश्यकता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घर पर दुर्व्यवहार से लेकर विभिन्न रूपों में ऑनलाइन दुर्व्यवहार शामिल हैं। पुलिस और उद्योग के बीच एक संस्थागत साझेदारी से इन समस्याओं से निपटने के लिए विभिन्न चैनलों का निर्माण होगा। समाधान में पुलिस विभाग के साथ चौबीसों घंटे औपचारिक और अनौपचारिक कनेक्शन के साथ समर्पित परामर्शदाताओं/कानूनी मार्गदर्शकों की एक इकाई की स्थापना, कामकाजी महिलाओं के लिए पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में मेट्रो के लिए मुफ्त शटल बसें, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सुरक्षित प्रवास प्रमाणन शामिल है।

सोसाइटी अपनी पहुंच और प्रभाव फैलाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित करने पर भी विचार कर रही है, जिससे महिलाओं के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली तैयार हो सके। हरियाणा पुलिस पहले से ही आपातकालीन हेल्पलाइन 112 प्लेटफॉर्म पर नए बदलावों, ऑटो रिक्शा के अनिवार्य पंजीकरण और हॉटस्पॉट पर समर्पित महिला पुलिस बल की तैनाती के माध्यम से जिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। सोसाइटी के माध्यम से इन पहलों के प्रभाव और अपनेपन को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक प्रमुख चिंता का विषय है। इसमें सुदृढ़ यातायात प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की 24गुणा7 डिजिटल निगरानी और पुलिस की मौजूदगी व्यवस्था में शामिल है। उत्कृष्ट सोसाइटी हर किसी की जरूरतों का आंकलन करने और प्रयासों को उचित दिशा में निर्देशित करने में मदद करेगी।

गुरुग्राम से चंडीगढ़ के लिए सेमी डीलक्स बस सेवा शुरू

गुरुग्राम से वाया दिल्ली चंडीगढ़ पहुंचेगी बस

गुरुग्राम बस अड्डे से प्रतिदिन चलेंगी सात एसी बसें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को और कैसे बेहतर व सुगम बनाया जाए इसके लिए हरियाणा सरकार निरंतर धरातल पर गंभीरता से प्रयासरत है। इसी क्रम में गुरुग्राम से चंडीगढ़ जैसे महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर आमजन की सुविधा के लिए हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो द्वारा गुरुवार से सेमी डीलक्स बस सेवा की शुरुआत की गई।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश की राजधानी होने के चलते गुरुग्राम डिपो के लिए गुरुग्राम से चंडीगढ़ एक महत्वपूर्ण रूट रहा है। ऐसे में लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने व निजी वाहनों पर उनकी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से गुरुग्राम से वाया दिल्ली होते हुए चंडीगढ़ के लिए यह एसी सेमी डीलक्स बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इन बसों में साधारण बसों से डेढ़ गुणा अधिक किराया रहेगा।

गुरुग्राम डिपो के महाप्रबंधक प्रदीप अहलावत ने बसों की समय सारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट व आईएसबीटी दिल्ली होते हुए चंडीगढ़ के लिए पहली बस सुबह 3:45 बजे रवाना होगी। इसके बाद सुबह 4:45 बजे, 6:30 बजे, 7:45 बजे, दोपहर 12:45 बजे, शाम को 5:45 बजे व रात्रि में 9 बजे चलेंगी। वहीं चण्डीगढ़ से गुरुग्राम के लिए सुबह 6:00 बजे व 11.40 पर बसें मिलेंगी। दोपहर में 1:00 बजे, 3.20 बजे व 4.40 पर बस की रवानगी होगी। रात्रि के समय 8.30 व 2.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बसों के किराया की जानकारी सांझा करते हुए बताया कि गुरुग्राम से दिल्ली के लिए 60 रुपये, पानीपत के लिए 190 रुपये, करनाल के लिए 265 रुपये, कुरुक्षेत्र के लिए 325 रुपये, शाहाबाद के लिए 360 रुपये, अंबाला के लिए 390 रुपये, जीरकपुर के लिए 460 रुपये व चंडीगढ़ के लिए 485 रुपये किराया निर्धारित किया गया है।

महाप्रबंधक ने बताया कि इसके अतिरिक्त गुरुग्राम से आगरा, गुरुग्राम से जयपुर, गुरुग्राम से नारनौल तथा गुरुग्राम से सिरसा वोल्वों बसों का संचालन किया जा रहा है। यात्रीगण किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय के पूछताछ केन्द्र के लैंडलाइन नंबर-0124-2320222 पर संपर्क कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

तबीयत खराब होने पर एल्विश यादव हुए अस्पताल में भर्ती

गुरुग्राम। सांपों का जहर बेचने के आरोपों से घिरे यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके रक्त के नमूने लेकर जरूरी जांच की जा रही है। सांपों का जहर बेचने के मामले में अब गुरुग्राम के सिंगर फाजिलपुरिया (राहुल यादव) भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। सूत्रों के अनुसार एल्विश यादव ने पुलिस की पूछताछ में सांपों का जहर उपलब्ध कराने के लिए फाजिलपुरिया का नाम लिया है। फाजिलपुरिया ने अपने बचाव में बयान दिया है कि उन्हें तो आज पता चला कि सांपों के जहर का ऐसे (नशा करने में) भी इस्तेमाल होता है। हालांकि नोएडा पुलिस फाजिलपुरिया को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। नोएडा में रेव पार्टी व सांपों की तस्करी समेत जहर उपलब्ध कराने के आरोपियों से घिरे एल्विश यादव से नोएडा पुलिस ने मंगलवार की देर रात तक पूछताछ की। इस पूछताछ में ही एल्विश ने सिंगर फाजिलपुरिया का नाम लेते हुए कहा कि उसका सांप के साथ जो वीडियो है, वह फाजिलपुरिया के सेट का है। उसी ने ही सांप का प्रबंध किया था। एल्विश से पूछताछ के बाद अब नोएडा पुलिस सिंगर फाजिलपुरिया को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। नोएडा पुलिस के संयुक्त आयुक्त आनंद कुलकर्णी ने मीडिया को जानकारी दी है कि सांप के साथ वायरल वीडियो के संदर्भ में एल्विश यादव से सवाल करने पर उसने फाजिलपुरिया नाम लिया। यह शूट उसी के सेट पर किया गया था। पूर्व में गिरफ्तार किए गए 5 आरोपियों से पूछताछ के बाद अब नोएडा पुलिस एल्विश यादव व फाजिलपुरिया से पूछताछ के बयानों का मिलान करके एक साथ बिठाकर पूछताछ करेगी। नोएडा पुलिस ने 3 नवंबर को 5 आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद 9 सांप बरामद किए थे। इन सांपों की मेडिकल जांच कराई गई। इसमें बड़ा खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि 5 सांपों के साथ क्रूरता करके उनकी विष ग्रंथि निकाली गई हैं। ऐसे में एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

सोहना बार एसोसिएशन चुनाव 15 दिसंबर को

सोहना। सोहना बार एसोसिएशन का आम चुनाव 15 दिसंबर को होगा। आम चुनाव कराने के लिए चुनाव अध्यक्ष समेत 10 सदस्यों की कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसबार एसोसिएशन के आम चुनाव में 500 के लगभग अधिवक्ता वोट डालकर नई कमेटी का चयन करेंगे। एसोसिएशन के वार्षिक आम चुनाव का बिगुल बज गया है। जिसके लिए वर्तमान एसोसिएशन ने इस वर्ष होने वाले आम चुनाव की घोषणा करते हुए 15 दिसंबर निर्धारित कर दिया है। आम चुनाव कराने के लिए चुनाव कमेटी का मंगलवार को चयन कर दिया हि। जिसके लिए सीपी शर्मा को चुनाव कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। सहायक अधिकारी के लिए लखमिंदर खटाना, सीएम खटाना, संदीप अग्रवाल, राजकुमार कनौजिया, राजकुमार यादव, ललित राघव व उमेश भारती को चुना गया है। सदस्यों के लिए अमित खटाना, अजय पावंर और दीन मौहम्मद को चुनाव कार्यकारी का सदस्य बनाया गया है। सोहना बार एसोसिएशन में वर्ष 2022 में 432 अधिवक्ताओं ने वोप डालकर कार्यकारिणी चुनी थी। इसबार 69 नई वोट बनाने के आवेदन है। जिसके शामिल होने से कुल 502 की संख्या हो गई है। लेकिन नई वोटों की जांच कराई जाएगी। जांच पूरी होने पर ही सही पाई जाने वाले आवेदनों को वोट में शामिल किया जाएगा। बार एसोसिएशन की 250 वोटों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। क्योंकि 250 वोट ऐसे अधिवक्ताओं की है। जिन्होंने कोर्ट और तहसील से बाहर अलग व्यवसाय किया है। अधिवक्ता के प्रोफेशनल से दूर रहते हैं। जिन्हें इस बार के आम चुनाव में वोट न डालने दिया जाए। केवल कोर्ट और तहसील कार्यालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता ही वोट डाल सकेंगे। चुनाव कमेटी का गठन करने के बाद से नई वोटों की जांच, प्रैक्टिस न करने वाले अधिवक्ताओं को मत न डालने वाले पर विचार शुरू हो गया है।

चोरी से आतिशबाजी बेचने वालों पर पैनी नजर

सोहना। इस बार बाजार में दीवाली के अवसर पर चलाई जाने वाली आतिशबाजी की दुकानें नहीं लगेगी। प्रशासन की चोरी छिपके आतिशीबाजी बेचने वालों पर पैनी नजर रहेगी। प्रदूषण के बढ़ने से जहां आबोहवा खराब हो गई है। वहीं वायु प्रदूषण को रोकने के लिए विशेष कदम उठा जा रहे है। सबसे पहला कदम दीवाली के अवसर पर प्रदूषण को फैलाने में आतिशबाजी पर पूर्व रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। बाजार में आतिशबाजी को लेकर कोई मार्केट नहीं लगेगी। खुले में आतिशीबाजी बेचने नहीं दिया जाएगा। कानून की पालना न करने वालो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एसडीएम प्रदीप सिंह ने अधिकारियों की कमेटी गठित करते हुए बाजार में आतिशीबाजी बेचने वालों को आदेश जारी कर दिए हैं। कमेटी सदस्य बाजारों में जाकर आतिशबाजी बेचने वालों पहचान करेगी। केवल ग्रीन पटाके चलाने की अनुमति दी गई है। जानकार सूत्रों के अनुसार शहर में डेढ़ से दो दर्जन दुकानदार हैं। पहले आबादी क्षेत्र आतिशबाजी के गोदाम भर लिए गए है। जहां से चोरी छिपके से आतिशबाजी को बेचा जाएगा। ऐसे गोदामों की संख्या 5 से 7 बताए जा रही है। यह गोदाम लोगों के लिए खतरा बने हुए है। प्रतिबंध के बावजूद आतिशबाजी बेचना गैर कानूनी है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी से मिले सुंदर लाल और महेश यादव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते सरपंच सुंदर लाल यादव व महामंत्री महेश यादव।

गुरुग्राम। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव व महामंत्री महेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्हें उनकी नियुक्ति और दीपावली की शुभकामनाएं देकर सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुलाकात के बाद जारी बयान में कहा कि बेहद ही शील स्वभाव के धनी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने पार्टी के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती से काम करने के लिए प्रेरित किया। पार्टी को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक सामंजस्य बनाकर काम करने को कहा। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को काफी मजबूत किया है। अब नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को और ऊपर तक ले जाएंगे। सभी कार्यकर्ता उनके साथ हैं और हर स्तर पर काम करने को तैयार हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में चाहे प्रधानमंत्री हों या प्रधान। देश और पार्टी को एक परिवार की तरह से चलाते हैं। ऐसे ही अब प्रदेश अध्यक्ष का परिवार पूरा हरियाणा है।

उन्होंने हरियाणा में परिवार के सदस्यों को एक होकर काम करने की प्रेरणा दी है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का गुरुग्राम में भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाकर उन्हें यह ज्ञात कराएं कि भाजपा हर तबके को साथ लेकर चलती है। गरीब को मुफ्त अनाज देकर उनकी परेशानी खत्म करती है। समाज के उच्च वर्ग को काम करने का बेहतर माहौल उपलब्ध कराती है। महामंत्री महेश यादव ने भी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने के बाद कहा कि उनकी सोच में पार्टी को आगे बढ़ाने का मिशन है। उस मिशन पर हरियाणा भाजपा परिवार काम करेगा।

राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा पुरुष हॉकी टीम ने कर्नाटक को हराकर जीता गोल्ड मेडल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विजेता टीम के साथ हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के उपप्रधान सूरज पाल अम्मू व अन्य।

गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 59 गोल्ड, 54 सिल्वर और 73 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने अब तक कुल 186 मेडल जीत लिए हैं। पदक तालिका में हरियाणा तीसरे स्थान पर है, लेकिन 186 पदक के साथ पूरे हिंदुस्तान में दूसरे स्थान पर है। हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के उपप्रधान सूरज पाल अम्मू ने बताया कि नेशनल गेम्स के इतिहास में पहली बार जिम्नास्टिक्स में भी आर्टिस्टिक पुरुष व रिदमिक में टीम इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया व 9 व्यक्तिगत मेडल भी जीते है। पहली बार नेशनल गेम्स में महिला फुटबाल की टीम ने भी तीसरा स्थान जीता है। बुधवार को पुरुष हॉकी फाइनल में हरियाणा का मुकाबला कर्नाटक से हुआ और हरियाणा के खिलाड़ियों ने यह मुकाबला 5-3 से जीतकर स्वर्ण पदक प्रदेश के नाम किया।

महिला टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा कबड्डी महिला व पुरुष टीम ने रजत पदक जीता। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग के मुकाबले में रिंकू, स्वीटी बूरा और मनीषा ने गोल्ड मेडल जीते। इनके अलावा बॉक्सिंग में मुकाबले में प्रदेश को नवीन कुमार ने सिल्वर व अभिमन्यु व शिवन ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाए। कलारीपयट्टू के मुकाबले में हरियाणा ने एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते।

युवा महोत्सव के विजेता छात्रों को राजकीय कॉलेज में किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

युवा महोत्सव के विजेता छात्र प्राचार्या व स्टाफ के साथ।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 की सांस्कृतिक टीम को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के चौथे युवा उत्सव शंखनाद-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्म-एकली ने कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित रत्नावली महोत्सव में भी प्रथम पुरस्कार जीता है।

महाविद्यालय के कलाकारों ने समूह शार्ट फिल्म, स्पॉट फोटोग्राफी, कोलाज, संस्कृत श्लोकाच्चारण और भाषण में प्रथम स्थान पाया। समूह नृत्य जनरल, मूक अभिनय, समूह गीत हरियाणवी, डॉक्यूमेंटरी, क्ले मॉडलिंग, संस्कृत भाषण में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया तो वहीं कार्टूनिंग में तीसरा पुरस्कार जीता। महाविद्यालय के छात्र सत्यम त्यागी को नाटक टोबा टेक सिंह में टोबा टेक सिंह की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला तथा सोनम ने संस्कृत नाटक विनाशक में वंशिका का पात्र निभाने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड हासिल किया। प्राचार्या डॉ. मधु अरोड़ा ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कला का सभी के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि इसी आयु वर्ग में ही हम अपने व्यक्तित्व को नए नए आयामों से जोड़ पाते हैं। विद्यार्थियों से व्यक्तिगत बातचीत करते हुए उनके अनुभवों को सुना। उन्होंने कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करना स्वयं में एक पुरस्कार है। उन्होंने जो विद्यार्थी जीत नहीं पाए उनके लिए अगले वर्ष के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जागृति जी-20 स्टार्टअप 20 यात्रा दिल्ली पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जागृति जी-20 स्टार्टअप 20 यात्रा राजधानी दिल्ली पहुँची, जो इसकी परिवर्तनकारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। इस यात्रा के क्रम में, दिल्ली में विभिन्न सत्र और प्रतिष्ठित मंत्रालयों और नौकरशाहों के साथ रोचक चर्चाएं आयोजित की गई। थिंक टैंक का मार्गदर्शन और विशेषज्ञता इस चरण के दौरान यात्रा के पथ को आकार देगी और संचालित करेगी। समारोह में विभिन्न प्रतिभाशाली मंडलियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

जागृति सेवा संस्थान, स्टार्टअप 20 और जी-20 के सहयोग से आयोजित इस परिवर्तनकारी यात्रा ने उद्यमशीलता परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। 70 देशों के प्रतिनिधियों सहित 400 प्रतिभागियों के साथ, यात्रा वास्तव में उद्यमियों के वैश्विक संघ को बढ़ावा दे रही है। जी-20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा- ''मैं पूरे देश और जी20 देशों से जागृति जी-20 स्टार्टअप 20 यात्रा के 500 प्रतिनिधियों को बधाई देता हूं। जागृति मूवमेंट के संस्थापक शशांक मणि की यह सराहनीय पहल के साथ-साथ जी-20 और स्टार्टअप 20 दुनिया को एक परिवार के रूप में बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करने में काफी सहायक होंगे। यात्रियों को अपनी उद्यमशीलता यात्रा जारी रखने और अपने-अपने क्षेत्रों में उद्यमिता-उद्यम आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए मेरी शुभकामनाएं।''

विदेश मंत्रालय के विशेष सचिव ठाकुर ने कहा, ''जागृति जी-20 स्टार्टअप 20 यात्रा के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। यह न केवल प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को उजागर कर रहा है, जैसे ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन, मानवाधिकार विकास, बल्कि यह मंच भी है जो विश्व के नेताओं को एकत्रित कर विचारों, सोच प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने और महत्वपूर्ण संदेशों को बांटने में सहायता कर रहा है। वर्तमान में, जलवायु वित्त के पास देशों के विकास के लिए लगभग 800 अरब डॉलर के निधि हैं, जिनमें से केवल एक-आठवाँ हिस्सा वास्तव में इन विकासशील देशों को मिलता है। दिल्ली से, यात्रा अहमदाबाद की ओर बढ़ेगी और 10 नवंबर को अपने गंतव्य के रूप में मुंबई पहुंचकर संपन्न हो जाएगी।

शशांक मणि, संस्थापक जागृति यात्रा और जागृति एंटरप्राइज़ सेंटर - पूर्वांचल ने कहा, ''जागृति यात्रा, अपने 16वें संस्करण में, दिल्ली में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुकी है, जो इस असाधारण साहसिक कार्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अहमदाबाद और मुंबई के अंतिम गंतव्यों की ओर अपनी परिवर्तनकारी यात्रा जारी रखते हुए, हमें देश भर के उद्यमों के समावेशी प्रदर्शन और जी-20 दिल्ली घोषणा के प्रमुख संदेशों को आगे बढ़ाने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा आर्टेमिस का ग्रॉस रेवेन्यू

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड (आर्टेमिस) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का ग्रॉस रेवेन्यू पिछले साल की तुलना में 21 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का ग्रॉस रेवेन्यू (सकल राजस्व) 237.6 करोड़ रुपये रहा। कंपनी दिल्ली-एनसीआर में कुल 713 बेड का संचालन करती है। इनमें से 541 बेड क्वाटर्नरी केयर के हैं। गुरुग्राम में एक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के अलावा कंपनी आर्टेमिस लाइट और डेफोडिल्स ब्रांड के अंतर्गत 5 अस्पतालों का संचालन करती है।

कंपनी की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, बीती तिमाही (जुलाई-सितंबर, 2023) में कंपनी का शुद्ध परिचालन राजस्व (नेट रेवेन्यू फ्रॉम ऑपरेशंस) 225 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि के 187.5 करोड़ रुपये की तुलना में इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी का एबिटडा 249 करोड़ से बढ़कर 36.6 करोड़ रुपये और एबिटडा मार्जिन 13.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 16.3 प्रतिशत रहा। कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 48.3 प्रतिशत बढ़कर 18.8 करोड़ रुपये रहा। 30 सितंबर, 2023 तक कंपनी पर शुद्ध कर्ज 204.6 करोड़ रुपये था। आर्टेमिस हॉस्पिटल गुरुग्राम का शुद्ध परिचालन राजस्व 17.3 प्रतिशत बढ़कर 207.7 करोड़ रुपये रहा। बेड कैपेसिटी यूटिलाइजेशन 70 प्रतिशत रहा। विदेशी मरीजों से आने वाला राजस्व 40 करोड़ रुपये से बढ़कर 62 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध राजस्व में 29.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी विदेशी मरीजों की रही। पेशेंट फुटफाल 10.8 प्रतिशत बढ़कर 99,843 रहा। कुल 3,678 सर्जरी की गईं।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी का शुद्ध राजस्व पिछले वित्त वर्ष के 354.7 करोड़ से बढ़कर 434.5 करोड़ रुपये रहा। नतीजों को लेकर आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, 'हमारे तिमाही नतीजों ने एक बार फिर आर्टेमिस ब्रांड की मजबूत होती छवि को दिखाया है। मरीजों को मिलने वाला शानदार अनुभव ही हमारी सफलता है।

दिल्ली-चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी

दिल्ली-चंडीगढ़ जाने वाले यात्री सोहना से छोटें रूट पर चलने वाली बसों में लटक कर जाने के लिए मजबूर।

> "बीएस-6 बसें चलाने का अधिकारी विभाग के उच्चाधिकारियों का है। यात्रियों की मांग हर दिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने ने भी उच्चाधिकारियों को बीएस-6 बसें चलाने की मांग की है।
>
> (गोविंद सिंह बस स्टैंड प्रभारी)

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

दिल्ली-चंडीगढ़ जाने वाली बसों पर प्रतिबंध के बाद से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के अलावा दिल्ली के कॉलेज, यूनिवर्सिटी और ड्यूटी करने वाले समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। पूरे 24 घंटे में नूंह डिपो की दो से तीन बसें दिल्ली जा रही हैं।

दिल्ली सरकार द्वारा बीएस-6 वाहनों को अलावा अन्य श्रेणी पर रोक लगाने से यात्रियों को भारी परेशानियां हो रही हैं। दिल्ली और चंडीगढ़, अंबाला, सोनीपत, कुरुक्षेत्र आदि क्षेत्र के निवासी स्थानीय सरकारी और गैरसरकारी विभाग, कार्यालय व संस्थानों में रोजीरोटी कमा रहे। जिन्हें दीवाली के अवसर पर अपनों के बीच त्योहार मनाने के लिए जाने में परेशानी हो रही है। क्योकि गुरुग्राम डिपो की दिल्ली-चंडीगढ़ जाने के लिए एक भी बस नहीं है। नूंह डिपो की बीएस-6 श्रेणी की दो से तीन बसें ही आती है। लेकिन यें बसें पीछे से भरी होने के कारण यात्रियों को जगह नहीं मिलती है। वैसे भी यात्री पूरे होने के कारण चालक बस को बाहर से बाहर निकाल कर ले जाते हैं।

पढ़ाई पर असर : दिल्ली के कॉलेज, यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अलावा दिल्ली में ड्यूटी करने वाले क्षेत्र में रहने वाले कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय में नहीं पहुंच पा रहे हैं। दिल्ली कृषि भवन में ड्यूटी करने वाले कर्णसिंह का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में वह दो दि नही समय पर अपने कार्यालय पहुंचा। वह भी विशेष वाहन किराए पर करने पर ही पहुंचा है। छात्रा वैशाली का कहना है कि उसे दिल्ली कैंट में पढ़ने के लिए जाना होता है। वह मेट्रो से भी नहीं जा सकती। उसे परेशानी आ रही है।

बीएस-6 बसें चलानें की मांग : दिल्ली-चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों की मांग स्थानीय बस स्टैंड से भी बीएस-6 बसें चलाने की मांग दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। अधिवक्ता अनिल का कहना है कि चंडीगढ़ हाईकोर्ट में क्षेत्र के लोगों के बहुत मामले विचाराधीन हैं। कोर्ट में तारीख पर जाने के लिए क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। इसलिए हरियाणा रोडवेज विभाग को बीएस-6 बसें सोहना से भी चलानी चाहिए।

एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने जेफायर में मचाया धमाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में फ्रेशर पार्टी जेफायर-2023 एवं दीपावली उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कॉलेज की परंपरा अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल व चैयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. गोयल ने अपने उद्बोधन में फिर से एबीसीडी की नई व्याख्या की। उन्होंने बताया कि ए फॉर अकेडमिक, बी फॉर बिहेवियर, सी फॉर कान्फिडेंस व डी फॉर डेडिकेशन सभी को जीवन में धारण करके आगे बढ़ना चाहिए।

संस्था के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. दलाल ने सम्मानित मंच से संबोधित करते हुए कहा कि उम्र संख्या है और युवा अवस्था एक एहसास है, युवा का मतलब है, ये दिल मांगे मोर। युवा को हर चीज ज्यादा चाहिए, उसके लिए जीवन में धैर्य की आवश्यकता है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। एक हजार से अधिक विद्यार्थी कार्यक्रम का गवाह बने। विद्यार्थियों ने विभिन्न

सांस्कृतिक गतिविधियों के दौरान एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह गायन रेंप वॉक, फैशन शो, हरियाणवीं डांस और गायन की प्रस्तुतियां दी। फैशन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। संस्थान के टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के बैचलर प्रथम वर्ष के विद्यार्थी ने मिस्टर फ्रेशर सुमित और कीर्ति मिस फ्रेशर एवं मिस्टर पॉपुलर रोहित रावत, मिस पॉपुलर ब्यूटी विद ब्रेन मिस आयुषी, फार्मेसी कॉलेज के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी किशन सिंह मिस्टर फ्रेशर व मानसी ने मिस फ्रेशर एवं बेस्ट कॉस्ट्यूम आदित्य और एजुकेशन कॉलेज के बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी दीपक मिस्टर फ्रेशर व कंचन ने मिस फ्रेशर एवं मिस्टर पॉपुलर मनीष व बेस्ट कॉस्ट्यूम श्वेता का ताज हासिल किया। संस्थान के प्रागण में रंग-बिरंगी पोशाक पहने विद्यार्थी सेल्फी लेते हुए और नाचते झूमते खुशी मनाते हुए दिखाई दिए।

कार्यक्रम का संयोजन प्रो. लक्ष्मी शर्मा प्रिंसिपल एआईई के सफल मार्ग निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता गीता हर्षाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. आरआर पांडेय व डॉ. अर्पणा राणा व सभी विभागों के प्रमुखों सहित समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

नौ साल में घोटालों की सरदार बनी भाजपा सरकार : नीरज शर्मा

कांग्रेस विधायक ने सरकार पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गुरुवार को होटल मैगपाई में कांग्रेसियों ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। एनआईटी फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने नगर निगम को नरक निगम बताया। कहा कि नगर निगम में पिछले नौ साल से करोड़ों रुपये का घोटाला चल रहा है, जिसकी ढाई साल से जांच हो रही है। अगर सही जांच हुई तो बड़े अधिकारियों से लेकर कई बड़े नेता उसमें फंस सकते हैं। इसलिए बीजेपी सरकार इसकी जांच नहीं करा रही है।

नीरज शर्मा ने 200 करोड़ के घोटाले की जांच की मांग की। वहीं, उन्होंने कहा कि नगर निगम के कई तत्कालीन कमिश्नरों ने सरकारी पैसे की लूट की है। शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद में दो-दो मंत्री हैं। लगातार

मुख्यमंत्री फरीदाबाद आते हैं, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल 200 करोड़ का अकेला घोटाला नहीं है, इससे बड़े बड़े भी घोटाले फरीदाबाद में हुए हैं। इसके बाद विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद में बढ़ते प्रदूषण और लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी सरकार को जमकर घेरा।

वहीं, पूर्व में कांग्रेस की टिकट पर बड़खल विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुके विजय प्रताप ने कहा कि बीजेपी जिस प्रकार से अपने नौ साल के कामों का जश्न मना रही है। उसी प्रकार उन्होंने भी बीजेपी के भ्रष्टाचार के नौ बिंदु इस मौके पर रखे हैं। विजय प्रताप ने कहा कि मंझावली पुल के निर्माण को 10वां साल चल रहा है, लेकिन आज तक पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ। जबसे इस पुल का निर्माण चल रहा है, तब से लेकर अब तक पहली कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा आज दसवीं कक्षा में पहुंच गया है। विजय प्रताप ने कहा कि बीजेपी जब सत्ता में नहीं थी, तब टोल टैक्स को जजिया कर बताते थे। अब उन्होंने गदपुरी का एक और टोल खड़ा कर दिया है, जिसके चलते अब फरीदाबाद टोल नगरी बनकर रह गया है।

वहीं, उन्होंने प्रदूषण और चारों ओर फैले फरीदाबाद में कूड़े के ढेर को लेकर बीजेपी को जमकर घेरा। कहा कि फरीदाबाद में बढ़ते प्रदूषण और फैले कूड़े के चलते लोगों में कैंसर जैसी बीमारियां हो रही हैं। पूरा फरीदाबाद आज गैस चैंबर बनकर रह गया है। ओल्ड फरीदाबाद से कांग्रेस की टिकट पर विधायक का चुनाव लड़ चुके लखन सिंगला ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम का बीजेपी केवल ढोल पीट रही है।

स्मार्ट सिटी के नाम पर बीजेपी ने फरीदाबाद को कुछ दिया है तो वह केवल धोखा दिया है। वहीं, पूर्व की कांग्रेस सरकार में मुख्य संसदीय सचिव रह चुकी शारदा राठौर ने भी बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। कहा कि बीजेपी सरकार अपने नौ साल के कामों को लेकर आज जश्न मना रही है, लेकिन हर वर्ग बीजेपी सरकार से दुखी और परेशान है। एक बार फिर बीजेपी लोगों को झूठे वादे करके तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाना चाहती है। शारदा राठौर ने कहा कि फरीदाबाद में मूलभूत सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। पीने का पानी तक इस सरकार में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लोग पानी तक खरीदकर पी रहे हैं। सीवर व्यवस्था पूरी तरह से लचर है। इनका एक ही नारा है, अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता।

अवैध शराब पकड़वाने के शक में युवक का किया था कत्ल

फरीदाबाद। बाइपास रोड संतोष नगर मछली मार्केट के पीछे बनी झुग्गी में सात नवंबर को हुई नितिन की हत्या के ब्लाइंड केस को पुलिस ने सुलझा लिया है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ

की टीम ने मात्र 24 घंटे में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला था। मृतक की मां की शिकायत पर सराय ख्वाजा थाने में अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज किया गया था।

गिरफ्तार आरोपियों में विजय और विवेक उर्फ आलू निवासीगण मोहल्ला बाढ़, ओल्ड फरीदाबाद, विशाल निवासी गांव केसवा, जिला आरा बिहार हाल निवासी संतोष नगर, ज्ञान उर्फ चूजा निवासी गांव पोनी, जिला मुगल सराय, बिहार हाल निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद का नाम शामिल है। आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने बंगाल शूटिंग मोड बाइपास रोड फरीदाबाद से एक साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी विजय अवैध शराब बेचने का काम करता है। अन्य तीनों मुख्य आरोपी विजय के पास करीब आठ माह से काम करते हैं। विजय को शक था कि मृतक नितिन पुलिस को उसके अवैध शराब के काम के बारे में सूचना देकर पकड़वाना चाहता है। मुख्य आरोपी विजय ने मन ही मन में मृतक नितिन से रंजिश रखनी शुरू कर दी। जिसका बदला लेने के लिए विजय ने अपने साथियों संग मिलकर मृतक के साथ नशा किया। नशा होने के बाद नितिन को पीटकर उसकी हत्या कर दी और शव को झुग्गी में डालकर फरार हो गए। मामले में गहनता से पूछताछ के लिए आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। चारों आरोपियों पर पूर्व में शराब के मामले दर्ज हैं। मुख्य आरोपी विजय पर अवैध हथियार और चोरी के मामले दर्ज हैं।

एचएसवीपी के चुनाव में तेजराम बने जिला प्रधान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एचएसवीपी विभाग की यूनियनों का सांझा संगठन एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन की चुनावी सभा का आयोजन ओपन थियेटर सेक्टर-12 फरीदाबाद में राज्य कोषाध्यक्ष तेजराम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच संचालन अजीत कादयान ने किया।

इस अवसर पर राज्य महासचिव बिजेंद्र चहल, राज्य उपप्रधान अजीत सहरावत,उपप्रधान रामनिवास ठाकरान, राज्य सचिव सत्यवान राठी, जिला गुरुग्राम के उपप्रधान कमल गोंडिया, जिला रोहतक के प्रधान जयभगवान चहल, जिला सोनीपत के प्रधान मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे। चुनाव में चंद्रपाल को जिला चेयरमैन, तेजराम को जिला प्रधान, अजीत कादयान को जिला सचिव, शिव कुमार त्यागी, होशियार सिंह व

परमानंद को वरिष्ठ उपप्रधान, कमल व अशोक मलिक, सरदारी, पिंकू, सुनील कुमार, अमरपाल को उपप्रधान बनाया गया है। रामकुमार को जिला कोषाध्यक्ष, श्योराण सिंह को जिला संगठन सचिव बनाया गया हैं। राज्य महासचिव बिजेंद्र चहल ने चुने गए पदाधिकारियों को पद पर रहते हुए इमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर हुडा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए चहल ने कहा कि एक समय हजारों करोड़ रुपये का कर्जदार हो चुका विभाग, कर्मचारियों व अधिकारियों की कड़ी मेहनत से कर्ज से पूरी तरह से मुक्त हो चुका है। पिछले वर्ष की बैलेंस शीट बहुत ही अच्छी थी।

वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अव्वल विद्यार्थियों को विधायक दीपक मंगला ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

धर्म पब्लिक स्कूल पलवल में द एसोसियेशन ऑफ सीबीएस ई एफिलिएटेड स्कूल्स, पलवल के तत्वावधान में आयोजित हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीपक मंगला, विधायक पलवल, मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सम्मलित डॉ. प्रतिभा सिंगला प्राचार्या एस0 डी0 कॉलेज, पलवल, शशि मंगला रिटायर्ड सह-प्राध्यापक हिंदी विभाग एसडी कॉलेज, पलवल एवं डॉ. केडी शर्मा सह - प्राध्यापक एवं साहित्यकार हिंदी विभाग एसडी

कॉलेज, पलवल का भी स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल, डॉ. प्रभाकर कौशिक, प्रधानाचार्या ज्योति डॉगे एवं वरिष्ठ समन्वयक डॉ. विकास साध ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

क्षेत्र के लगभग 15 विद्यालयों के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वाद-विवाद का विषय था- कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवता पर मंडराता खतरा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने-अपने अकाट्य तर्क प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा एवं भाषण कला का लोहा मनवाया। मंच संचालन शिक्षिका भारती शर्मा ने शानदार तरीके से किया। सभी प्रतिभागियों के विचारों एवं तर्कों को ध्यान में रखते हुए निर्णायक मंडल ने टैगोर पब्लिक स्कूल, पलवल के विद्यार्थियों को प्रथम एवं मोडिस पब्लिक स्कूल, हथीन के विद्यार्थियों को द्वितीय विजेता घोषित किया। प्रतियोगिता के जज डॉ. केडी शर्मा ने धर्म पब्लिक स्कूल की छात्रा गौरी एवं दिव्या की भाषण कला की प्रशंसा की। विजेता विद्यालयों को ट्रॉफी एवं विद्यार्थियों को ट्राफी के साथ प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डॉ. केडी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम चिंतित रहते हैं कि हमारी पीढ़ियां क्या और कैसे सीख रही हैं, हम उन्हें क्या सिखा रहे हैं? इन प्रतिभागियों की प्रतिभा देख एवं सुनकर ऐसा लगा जैसे हमारी सोच से भी आगे की सोच रखते हैं हमारे ये होनहार बच्चे। विधायक दीपक मंगला ने निर्णायक मंडल के सदस्यों का शॉल उढ़ाकर अभिनन्दन किया। उन्होंने भी प्रतिभागियों की प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कला की भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल ने सभी विद्यालयों के संचालकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रेटर फरीदाबाद की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रेफा एसोसिएशन का गठन

पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद की समस्याओं के समाधान व इस क्षेत्र में काम कर रही विभिन्न संस्थाओं को एक ही प्लेटफार्म पर लाने के लिए एक लोकतांत्रिक, गैर राजनैतिक व संहति कार्यसाधिका सिद्धांत को अमल में लाने वाले उद्देश्य से ग्रेफा एसोसिएशन का गठन किया गया है। ग्रेफा (ग्रेटर फरीदाबाद) एसोसिएशन, हरियाणा सोसाइटी एक्ट 2012 के अंतर्गत फरीदाबाद में पहली व एकमात्र रजिस्टर्ड व मान्यता प्राप्त ऐसी संस्था है, जिसकी सीमित कार्यकाल वाली पहली बॉडी में हाई राइज सोसाइटी, लो राइज सोसाइटी, प्लॉटेडसोसाइटी, कॉलोनीज, ग्रेटर फरीदाबाद के गांवों व ग्रेटर फरीदाबाद की मार्केट व संस्थाओं के

प्रतिनिधियों के साथ साथ ग्रेटर फरीदाबाद से संबंध रखने वाले प्रदेश के नामी वकील, प्रोफेशनल व समाज सेवी शामिल हैं। ग्रेफा एसोसिएशन का उद्देश्य ग्रेटर फरीदाबाद के विकास से संबध रखने वाले सभी सरकारी विभागों जैसे, एफएमडीए, एचएसवीपी (हुडा), नगर निगम, टाउन प्लानिंग, एच रेरा, पीडबल्यू डीडीएचवीबीएन, स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद पुलिस, ग्रामीण जिला परिषद, एसडीएम, तहसीलदार, डीएलएसए से लगातार समन्वय करना व ग्रेटर फरीदाबाद की व ग्रेटर फरीदाबाद के निवासियों, आरडब्ल्यूए मार्केट्स, निजी संस्थाओं, एनजीओ की समस्याओं को सही जगह उठाकर उनका समाधान करना है।

ग्रेफा एसोसिएशन के प्रथम व फाउंडर प्रधान उत्तर भारत के नामी वकील, फरीदाबाद बार एसोसिएशन के आठ बार प्रधान, पंजाब एंड हरियाणा बार एसोसिएशन के पूर्व वाइस चेयरमैन व हरियाणा अभिभावक संघ के साथ साथ कई समाज सेवी संगठनों से जुड़े एडवोकेट ओपी शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान एडवोकेट आरपी उनियाल, उपप्रधान एडवोकेट किरपा राम, सचिव विकास खत्री, ज्वाइंट सचिव नरवीर यादव, एडिशनल सचिव अरुण शर्मा भारतीय, ट्रेजरर पारस भारद्वाज, व एग्जीक्यूटिव मेंबर्स पीएन भट्ट, रिंकू सिलानी व सेवानिवृत्त विंग कमांडर, एडवोकेट सतिंदर दुग्गल हैं।

ग्रेफा एसोसिएशन में ग्रेटर फरीदाबाद से संबंध रखने वाले निवासी, आरडब्ल्यूए मार्केट्स, निजी संस्थान, एनजीओ, प्रोफेशनल मेंबर बन सकते हैं, जिसके लिए चार विभिन्न मेंबरशिप कैटेगरी हैं व ग्रेफा एसोसिएशन में सोसाइटी एक्ट के अंतर्गत निश्चित अवधि में चुनाव कराये जाएंगे। ग्रेफा एसोसिएशन के प्रधान सीनियर एडवोकेट ओपी शर्मा ने बताया कि ग्रेफा एसोसिएशन की प्राथमिकता ग्रेटर फरीदाबाद के निवासियों को सुरक्षा प्रदान कराने के लिए कानून व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर को लागू कराने पर जोर देने के अलावा बिल्डर्स द्वारा लूट खसोट, गुंडा तत्वों से सुरक्षा प्रदान कराना, सभी प्रकार की नागरिक सुविधाएं प्रदान कराना व अन्य समस्याओं के निवारण की दिशा में कार्य करना होगा।

फसलों में रासायनिक खादों का उचित उपयोग करना चाहिए : डॉ. अरुण गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

इफको द्वारा एक दिवसीय किसान सभा का ग्राम औरंगाबाद में आयोजन किया गया। इस सभा में लगभग 40 किसानों एवं एमवीएन विश्वविद्यालय कृषि संकाय के 50 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण गर्ग कुलपति एमवीएन विश्वविद्यालय पलवल उपस्थित थे। डॉ. अरुण गर्ग ने नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उचित उपयोग पर विशेष बल दिया।

उन्होंने एमवीएन विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. रोहताश कुमार एरिया मैनेजर इफको ने तरल खादों व इफको के दूसरे उत्पादों के बारें में बताया। इसमें विशिष्ठ अतिथि डॉ. डीवी पाठक ने जैविक खादों व प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। डॉ. मयंक चतुर्वेदी डीन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने फसल अवशेषों का सही प्रबंधन के बारे में बताया। डॉ. हरेंद्र डागर ने सभी अतिथियों, किसानों और छात्रों का धन्यवाद दिया।

राकेश चौहान व देवेश चौहान ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। छात्रों एवं किसानों ने इस कार्यक्रम में विशेष रूचि दिखाई। एमवीएन ग्रुप के चांसलर वरुण शर्मा, संतोष शर्मा व एमडी कांता शर्मा ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम छात्रों, शोधकर्ताओं और किसानों के लिए फायदेमंद है।

संक्षिप्त समाचार

सरस्वती महिला कॉलेज में भाषा स्टॉल प्रदर्शनी का आयोजन

पलवल। सरस्वती महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में भाषा स्टॉल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न विद्वानों की हिंदी साहित्य पुस्तकें व पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी की गई। प्रदर्शनी के आरंभ में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, डॉ. अनिता कौशिक संस्कृत विभागाध्यक्ष, डॉ. प्रोमिला भारद्वाज वाणिज्य विभाग अध्यक्ष, डॉ. सोनिया भारद्वाज अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष, हिंदी विभागाध्यक्ष अनिता देवी, सहायक प्राध्यापिका अमरवती व सहायक प्राध्यापिका देविका शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का आरंभ किया। पुस्तक प्रदर्शनी में अनिता देवी ने 250 पुस्तकें निशुल्क व जरूरतमंद छात्राओं व मैरिट में स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रदान की। विभागाध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष विभाग की ओर से हिंदी विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें दी जाती हैं। इस अवसर पर अनिता देवी की पुस्तक ग्रामीण परिवेश की कहानियां का विमोचन किया गया। प्राचार्या ने विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी को इस प्रकार के कर्मशील कार्य अवश्य करने चाहिएं। छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रर्दशनी का समापन किया गया।

15 नवंबर को शुरू होगा चीनी मिल का पिराई सत्र

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि द सहकारी चीनी मिल पलवल के पिराई सत्र 2023-24 का शुभारंभ 15 नवंबर 2023 सुबह 10 बजे किया जाएगा। नेहा सिंह जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में गन्ना उत्पादक किसानों के साथ बैठक करते हुए बोल रहीं थीं। इस मौके पर चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि इस सीजन के दौरान हरियाणा सरकार ने गन्ने का रेट 14 रुपए बढाया है, जोकि भारतवर्ष में गन्ने का सर्वाधिक रेट है। उपायुक्त ने कहा कि मिल के सभी बाहीय गन्ना क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए है। उन्होंने मिल के क्रय केंद्रों के ट्रांसपोर्टर्स को समयानुसार अपने ट्रांसपोर्ट एवं लेबर का इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी केंद्र पर गन्ना लदाई व ढुलाई में मिल के साथ-साथ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस वर्ष मिल क्षेत्र में कुल 16 हजार 980 एकड़ गन्ना है। मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों द्वारा 38 लाख क्विंटल गन्ने की बोंडिंग करवाई गई है तथा मिल को लगभग 32 लाख क्विंटल गन्ना मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम अगेती किस्म के पेडी का गन्ना लिया जाएगा, जिसके बाद क्रमश: मध्यम पेडी व पछेती किस्म की पेडी का गन्ना लिया जाएगा। उन्होंने सभी गन्ना उत्पादक किसानों से आह्वान करते हुए कहा है कि वे समयानुसार अपनी लेबर का इंतजाम कर लें और मिल हित में साफ-सुथरा गन्ना ही सप्लाई करें। बैठक में चीनी मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा ने कहा कि किसान गन्ने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए मिल में अपने क्षेत्र से संबंधित गन्ना स्टॉफ/अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इंजीनियरिंग विभाग, गन्ना विभाग व मैन्युफैक्चरिंग विभाग के मौसमी स्थाई/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी 14 नवंबर 2023 को अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में मौसमी स्थाई/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को अलग से कोई रिकॉलिंग पत्र जारी नहीं किए जाएंगे।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सबकी प्राथमिकता

पलवल। जिला उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट स्टेयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम शशि वसुंधरा, एसडीएम रणवीर सिंह, नगराधीश द्विजा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला परियोजना समन्वयक सुखबीर सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन रामेश्वरी, एफएलएन समन्वयक संदीप तेवतिया, कोमल कुमार, महेश कुमार, राजकुमार तथा सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन समन्वयक शामिल रहे। उपायुक्त नेहा सिंह ने निपुण टीम को जिला को प्रथम स्थान प्राप्त करने की एचिवमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि हर एक विद्यार्थी महत्वपूर्ण है तथा जिला के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान जिला उपायुक्त द्वारा निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश भी दिए। निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य 2024-2025 तक सभी छात्रों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान देना है। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत अभी तक किए गए सभी कार्यों का अपडेट तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर हो रही बेस्ट प्रेक्टिस को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कोमल कुमार ने निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों तथा आगामी योजना के बारे मे जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने माह अगस्त और सितंबर का जिला स्कोरकार्ड प्रस्तुत किया, जिसमें माह अगस्त में जिला ने राज्य भर में द्वितीय तथा सितंबर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही जिला एफएलएन समन्वयक संदीप तेवतिया ने पिछली तिमाही में जिला में किए गए कार्यों जैसे बाल वाटिका प्रशिक्षण, निपुण टीचर ऐप प्रशिक्षण, बाल रामलीला, प्रिंट रिच कक्षा कक्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिला के सभी विनिर्माण कार्यों पर तुरंत लगाई जाए रोक

पलवल। डीसी नेहा सिंह ने जिला सचिवालय के सभागार में दिल्ली एनसीआर तथा इसके साथ लगते जिलों में बढते वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा वायु गुणवत्ता के मद्देनजर संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के लेवल-4 की हिदायतों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व इसके आस-पास स्थित जिलों में लगातार बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के दृष्टिगत केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से पलवल सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4 (ग्रैप) के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले पलवल सहित अन्य जिलों में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नवीनतम आदेश जारी किए गए हैं। सभी एजेंसी, विभागों व संबंधित विभागाध्यक्षो को सीएक्यूएम की ओर से जो भी आदेश जारी किए गए हैं तथा जिला प्रशासन की ओर से जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी जिला में सख्ती से पालना सुनिश्चित करानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संतुलित एवं पौष्टिक आहार को भोजन में जरूर करें शामिल

पलवल। हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार जिला में रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल द्वारा पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में स्कूली बच्चों को निरंतर जागरूक करने के साथ-साथ जीवन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही हैं। प्रशिक्षण के तीसरे दिन जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने सभी प्रतिभागियों को दुर्घटना होने पर प्राथमिक सहायता देने, सांस न आने एवं दिल धडक़ना बंद होने की स्थिति में जीवनदायनी विधि सीपीआर. देने से पीड़ित का जीवन बचाने की जानकारी दी। केसी प्रशांत पैथोलॉजी लैब से आई टीम में शामिल प्रीति, ऋतु व देवा ने सभी बच्चों का एचबी, ऊंचाई, हृदय गति तथा वजन की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की मनोचिकित्सक मधु डागर ने नशे की लत एवं उससे बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। साथ ही डॉ. प्रभा ने सभी को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, हरी पत्तेदार सब्जियां को भोजन में शामिल करने, लोहे की कढ़ाई में खाना पकाने के बारे में प्रोत्साहित किया। आरोही मॉडल स्कूल लडियाका के डॉ. सुरेशचंद ने बच्चों में नैतिक शिक्षा के महत्व आदि के बारे में बताया।

ग्लेन मैक्सवेल

शानदार प्रदर्शन

ग्लेन मैक्सवेल ने भयानक दर्द के बावजूद अफगानिस्तान के खिलाफ दुहरा शतक लगा कर दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। आजकल जीवन के अनेक क्षेत्रों में बहुत से नायक दिखते हैं। हालांकि, क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल माना जाता है जहां फिसलने की संभावना अधिक होती है, लेकिन इसके बावजूद 'सुपरमैन' वहां भी अपना स्थान बना लेते हैं। आस्ट्रेलियन आल-राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वानखेड़े स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में इससे भी अच्छा प्रदर्शन किया है। करोड़ों दर्शकों ने इसे अपनी आंखों से देखा, लेकिन इसके बावजूद यह विश्वास करना कठिन है कि ऐसा कोई व्यक्ति हमारे बीच हो सकता है। हमारे जैसे ही हाथ-पैरों व कद-काठी वाला कोई व्यक्ति भयानक कष्ट के बावजूद इतना असाधारण प्रदर्शन कैसे कर सकता है कि दर्शक आश्चर्यचकित होकर उसे देखते रह जांए। उस समय मैच में आस्ट्रेलिया के 91 रन पर नौ विकेट गिर गए थे और अफगानिस्तान आराम से विजय की ओर बढ़ रहा था। जब मैक्सवेल ने बल्लेबाजी शुरू की, उस समय आस्ट्रेलिया के 49 रन पर चार विकेट गिर चुके थे। उल्लेखनीय है कि स्वयं 200 से अधिक रन बटोरने के बावजूद वे आउट नहीं हुए, जबकि वे 50 ओवर में आस्ट्रेलिया की फील्डिंग के दौरान भी बहुत सक्रिय थे। महत्वपूर्ण यह है कि कैप्टेन कमिन्स ने अपनी मानसिक शांति उस समय भी पूरी तरह बनाए रखी जब मैक्सवेल अत्यधिक योग्य अफगानिस्तान टीम को 68 गेंदों में केवल 12 रन देने में सफल रहे। मैक्सवेल का यह शानदार प्रदर्शन उनको भयानक कष्ट के बावजूद था। वर्तमान समय में यह महत्वपूर्ण है और हमेशा के लिए क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण बना रहेगा कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपने असाधारण प्रदर्शन से भौतिकता पर मानसिक शक्ति की विजय प्रदर्शित की।

उनके पैरों में ऐंठन थी, बीच-बीच में भयानक ऐंठन और दर्द के कारण वे जमीन पर लेट जाते थे और हर ओवर के बाद चिकित्सक उनके पास नियमित रूप से पहुंचते थे। उनके पैर बिल्कुल काम नहीं कर रहे थे और इसके बावजूद वे बल्लेबाजी में इस तरह विकेट के सामने डटे थे और गेंद पर प्रहार कर रहे थे, जैसे उनका जीवन ही इस पर निर्भर हो। वे इस कष्ट में भी पार्क के बाहर तक गेंद हिट करने पर थोड़ा मुस्कराते थे। यह एक प्रकार से उनकी सहनशक्ति की परीक्षा तथा उनके भीतर बैठे मानव की भावना थी। मैक्सवेल ने अपनी शानदार पाली खेली, शुरुआत में कुछ समय लिया पर बाद में आश्चर्यजनक रूप से रन बनाए। आस्ट्रेलियन आल-राउंडर ग्लेन मैक्सवेल की शानदार बल्लेबाजी और जबरदस्त हिट को देखते हुए प्रख्यात भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उनको 'बेस्ट ओडीआई नॉक' कहा। वास्तव में पुरुष वर्ड कप क्रिकेट हमेशा असाधारण प्रदर्शनों का केन्द्र रहा है। वर्तमान पीढ़ी के भारतीयों व अन्य देशों के लोगों ने 1983 का विश्व कप नहीं देखा होगा जब प्रख्यात कपिल देव ने जिम्बाबवे के खिलाफ ऐतिहासिक पारी खेली थी। उस समय इंग्लैंड में भारतीयों की संख्या बहुत कम थी, यहां तक कि वहां जो लोग थे उनमें से भी बहुत से इस आशंका से स्टेडियम नहीं पहुंचे थे कि भारत की विजय की संभावना बहुत कम थी। उस दिन बीबीसी में हड़ताल होने के कारण देश में भी लोग इसका आनन्द नहीं उठा सके थे। लेकिन उससे कोई निराश नहीं हुआ और कपिल देव का शानदार प्रदर्शन सामने आया। मैक्सवेल ने उसी क्षमता का प्रदर्शन मुंबई में किया और विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाया। लगता है कि इतिहास स्वयं को 40 साल बाद भी दुहरा सकता है।

स्थानीय उत्पादों से निर्यात वृद्धि

राज्य अपना निर्यात बढ़ाने के लिए जिलों को निर्यात केन्द्र बना कर स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग कर सकते हैं। जियोटैग का प्रयोग कर उनका आकर्षण बढ़ाया जा सकता है।

ए.एस. मित्तल
(लेखक, आर्थिक प्रबंधक हैं)

भौगोलिक स्थिति व्यापार को प्रतियोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो समग्र आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। पंजाब से 57 वर्ष पहले हरियाणा राज्य का गठन किया गया था जो एक समय में बंजर भूमि तथा न्यूनतम विकास वाला क्षेत्र था। लेकिन आज यह निर्यात मूल्य के अनुसार भारत के सर्वोच्च दस राज्यों में शामिल है। इसका प्रमुख कारण यह है कि भौगोलिक रूप से यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर के निकट है। पंजाब की तुलना में इसका निर्यात पांच गुना अधिक है। इसी प्रकार तटीय राज्यों की स्थिति चारों ओर जमीन से घिरे पंजाब की तुलना में बेहतर है। पंजाब में व्यापार का खर्च अधिक है तथा समुद्रों के रास्ते परिवहन पर भी इसका खर्च बहुत अधिक होता है। लेकिन दुर्भाग्य से पंजाब में नीति-निर्माताओं ने भौगोलिक चुनौतियों तथा क्षेत्रीय असमानताओं से निपटने को प्राथमिकता नहीं दी है। ऐसे राज्यों में जिलेवार विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि जिलों को निर्यात का केन्द्र बना कर संतुलित आर्थिक प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है। चौथी डिजिटल औद्योगिक क्रांति तथा ई-कामर्स चैनलों के युग में विकासशील देश विकसित देशों में वस्तुओं व सेवाओं की बढ़ती मांग पूरी करने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नए अवसर खोजे जा रहे हैं।

भारत का लक्ष्य प्रत्येक जिले को निर्यात का केन्द्र बनाना है। इसके साथ ही सभ्झी जिलों को वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहित करने में सहयोग करना चाहिए, फिर चाहे उनका उनका उत्पादन या विनिर्माण होता हो या किसी दूसरे जिले में। समय आ गया है कि हम चारों ओर भूमि से घिरे पंजाब जैसे राज्यों के समक्ष आ रही व्यापार चुनौतियों का सामना करने को प्राथमिकता दें।

'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि स्थानीय वस्तुओं व सेवाओं के निर्यात वृद्धि को प्रोत्साहन दिया जाए तथा स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाया जाए। इसके लिए निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण करना जरूरी हो गया है। भारत ने पहले ही अनेक देशों के साथ 'मुक्त व्यापार समझौतों' पर हस्ताक्षर किए हैं और वर्तमान समय में वह अन्य देशों के साथ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहा है। इससे निर्यात बाजारों में वृद्धि होगी तथा भारत का जीडीपी-निर्यात अनुपात बढ़ेगा, जबकि वर्तमान समय में यह 22.74 प्रतिशत है। वर्तमान समय में निर्यात तैयारी सूचकांक-ईपीआई के अनुसार राज्यों की रैंकिंग बनाई गई है। नवीनतम रैंकिंग में पंजाब का 10वां स्थान है और उसका स्कोर 58.95 है।

इसके उलट हरियाणा 63.65 स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि इस सूची में गुजरात सबसे ऊपर है क्योंकि निर्यात हिस्से के रूप में उसके 8 जिले देश के सर्वोच्च 25 जिलों में शामिल हैं। उसका निर्यात हिस्सा 54 प्रतिशत है। इसके बाद पांच जिलों के साथ महाराष्ट्र और एक जिले के साथ हरियाणा का नंबर है, जबकि पंजाब में ऐसा एक भी जिला नहीं है। निर्यात में व्यापक वृद्धि के लिए राज्यों को प्रत्येक जिले में निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। खासकर पंजाब पर गौर करें तो उसके पास लाभ उठाने की क्षमता बहुत अधिक है क्योंकि उसके हर जिले के पास अपने विशिष्ट उत्पाद हैं। इन जिलों की निर्यात केन्द्रों के रूप में पहचान से स्थानीय क्षमताओं का विकास होगा तथा आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इसेस रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिलेगा, ग्रामीण उद्यामिता प्रोत्साहित होगी तथा निर्यात बढ़ेगा। समय आ गया है कि पंजाब आवश्यक कदम उठा कर विभिन्न प्रयासों में सक्रिय-सहभागिता करे तथा प्रत्येक जिले में निर्यात कार्रवाइयों को प्रोत्साहन दे। उसे 'वोकल फार लोकल' और 'मेक इन इंडिया' पहलों को जमीन तक पहुंचाना चाहिए।

भारत की विदेश व्यापार नीति-एफटीपी 2023-28 का लक्ष्य भारतीय विदेश व्यापार को विकेन्द्रित निर्यात के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। इस नीति के अंग के रूप में 'निर्यात केन्द्र पहल' की पहचान महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में की गई है। इस पहल का लक्ष्य सभी जिलों में संभावित निर्यात उत्पादों और सेवाओं की पहचान कर उनको प्रोत्साहित करना है।

यह नीति के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस पहल को व्यापक सफलता दिलाने के लिए जिलों को निर्यात केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए अनेक रणनीतियों का प्रस्ताव किया गया है। इनमें जीवन्त ढांचागत संरचना नेटवर्क बनाना, संभावित निर्यात उत्पादों की पहचान, नए निर्यातकों का क्षमता निर्माण, निर्यात प्रोत्साहन के लिए व्यापक संपर्क अभियान, ढांचागत व लाजिस्टिक व्यवस्थाओं में बाधाओं की पहचान करना तथा इन पहलों को प्रोत्साहित करने वाली सरकार की वर्तमान योजनाओं का कनवर्जेंस शामिल है। इन रणनीतियों से सुनिश्चित होगा कि भारत की विदेश व्यापार क्षमताओं का पूर्ण प्रयोग किया जाए ताकि देश विश्व बाजार में एक बड़ा पक्ष बन कर उभरे।

इसके लिए पंजाब को पाकिस्तानी क्षेत्र से होकर मध्यपूर्व देशों, यूरोप के सीआईएस देशें तथा अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि व्यापार में प्रतियोगिता को बढ़ावा मिल सके। निर्यात की राज्य व केन्द्र की नीतियों में तालमेल बनाने के लिए तथा राज्य और राज्य और केन्द्र के निर्यातकों के बीच नोडल समन्वय केन्द्र बनाने के लिए राज्य में निर्यात निदेशालय की स्थापना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस तथ्य को देखते हुए कि अधिकांश व्यापार वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं को हस्तांतरित हो रहा है और इसके लिए समय पर डिलीवरी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, निर्यातकों को अपनी बिजनेस आवश्यकताओं के अनुसार शिपमेंट चयन की अनुमति दी जानी चाहिए। चीन ने पहले ही सक्षम और सहज लाजिस्टिक व्यवस्था विकसित कर ली है जिससे वह वैश्विक ग्राहकों को सामान आसानी से सप्लाई कर सकता है। हमें तुरन्त कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इस मामले में पीछे न रह जांए। सरकार को ई-कामर्स शिपमेंट के लिए एक अलग कस्टम कोड विकसित करना चाहिए ताकि वह उभरते चैनलों के उपयुक्त बन सके। इससे न केवल खर्च बचेगा, बल्कि अस्वीकृत चीजों पर आयात ड्यूटी की छूट के साथ वैश्विक व्यवहारों के अनुरूप पुन:-आयात को ड्यूटी मुक्त आयात के अंतर्गत लाना चाहिए। समय आ गया है कि निर्यातकों को जीएसटी रिफंड का दावा करने की अनुमति दी जाए।

उच्च-श्रेणी उत्पादों, जैसे इंजीनियरिंग वस्तुओं, रसायनों, दूरसंचार उपकरणों तथा प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हमें बाजार इंटेलीजेंस विकसित करने, एमएसएमई को प्रशिक्षण देने तथा निर्यात आर्डर पूरे करने में सुविधा प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए। यह प्रतियोगिता में आगे बने रहने के लिए जरूरी है। जिलों को निर्यात केन्द्र बनाने की पहल को किसानों और एमएसएमई को सक्षम बनाने से जोड़ा जाना चाहिए ताकि उनको विदेशी बाजारों में निर्यात के अवसर मिल सकें। इसके लिए जिला स्तर पर खोज एवं तकनीक प्रयोग का इकोसिस्टम बनाना होगा ताकि निर्यात प्रतियोगिता बढ़ सके तथा निर्यात चक्र के विभिन्न स्तरों पर निर्यातकों के लिए परिवहन व लेनदेन का खर्च घटे।

जिलों से वस्तुओं व सेवाओं की व्यापक व वैश्विक पहुंच के लिए उपयुक्त प्लेटफार्म बनाए जाने चाहिए और इनको स्थानीय किसानों तथा छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह स्थिति सबके लिए अच्छी रहेगी। निर्यात बाजार में प्रतियोगी स्पेस बनाने के लिए पहलकदमियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना जरूरी है। राज्यों व जिला निर्यात प्रोत्साहन कमेटियों का गठन किया गया है, पर वे प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। इससे मार्केट इंटेलीजेंस, गुणवत्ता मानकों में सुधार तथा अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन उद्योगों तक पहुंच व जिला स्तर पर निर्यात प्रदर्शन की निगरानी के लक्ष्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए जिला निर्यात कार्ययोजना का लक्ष्य निर्यात प्रोत्साहन के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं तथा रोजगार एवं राजस्व प्राप्ति की पहचान जरूरी है।

मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता की अनिवार्यता

> **बिहार में लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण किशोरियां अपने मासिक धर्म के दौरान सैनिटरी नैपकिन के बजाय कपड़े का उपयोग करती हैं।**

निशा साहनी
(लेखक, ग्रामीण एवं लैंगिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)

बिहार राज्य से 22 किमी दूर मुजफ्फरपुर जिले में महिलाएं और युवा लड़कियां अपने मासिक धर्म के दौरान कपड़े का सहारा ले रही हैं। जबकि सरकार पैड के स्वच्छ उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सैनिटरी नैपकिन प्रदान करती है, लेकिन अधिकांश महिलाएं उत्पाद के उपयोग से अनजान हैं। मासिक धर्म बहुत सारी समस्याओं का कारण बनता है। 15 वर्षीय रानी ने कहा, मुझे कपड़े के इस्तेमाल से खुजली होती है। उन्होंने कहा कि वह अपने मासिक धर्म के दौरान स्कूल की गतिविधियों में भाग नहीं ले सकती हैं और स्कूल से लौटने के बाद भी वह निष्क्रिय रहती हैं।

पटना विश्वविद्यालय के जनसंख्या अनुसंधान केंद्र (पीआरसी) द्वारा जलवायु संबंधी कमजोर क्षेत्रों में किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, बिहार में लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण किशोरियां अपने मासिक धर्म के दौरान सैनिटरी नैपकिन के बजाय कपड़े का उपयोग करती हैं। और उनमें से कम से कम 5 प्रतिशत को मासिक धर्म के दौरान स्नान करने की अनुमति नहीं है।

अध्ययन से पता चलता है कि सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करने वाली लड़कियों में से भी, 90 को हाल के दिनों में सरकार द्वारा प्रदत्त कोई नैपकिन नहीं मिला है। इसके अलावा, जागरूकता की कमी के कारण, सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करने वाली लड़कियों में से भी, 67 प्रतिशत लड़कियां इस्तेमाल किए गए नैपकिन को खुले इलाकों में फेंक देती हैं। अधिकांश लड़कियों ने मासिक धर्म के दौरान खुले में शौच को लेकर गोपनीयता, शर्म और झिझक से संबंधित समस्याएं व्यक्त कीं। कुछ लड़कियों ने कहा कि वे मासिक धर्म के दौरान पड़ोसियों या रिश्तेदारों के शौचालय का उपयोग करती हैं।

16 वर्षीय राधा का कहना है कि उसकी माँ उसे मासिक धर्म के दौरान एक कपड़ा देती है क्योंकि सैनिटरी पैड उसके परिवार के लिए अज्ञात है। गंदे कपड़े के इस्तेमाल से वह श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया) से पीड़ित हो गई है। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में किसी से बात करने में बहुत शर्मिंदा हूं।

गांव के प्राथमिक विद्यालय की लड़कियों ने यह भी बताया कि उन्हें सरकार से सैनिटरी पैड के लिए पैसे नहीं मिलते हैं। 15 वर्षीय काजल कुमारी ने कहा, मैंने कभी पैड का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्हें कपड़ा पहनने में भी परेशानी होती है। उसके स्कूल से घर तक पैदल चलने में आधा घंटा लगता है। मासिक धर्म के दौरान उसके कपड़े पर खून का दाग लग जाता है और पूरे रास्ते उसे गंदा महसूस होता है। आखिरकार, उसने मासिक धर्म के दौरान स्कूल जाना बंद कर दिया।

इलाके की आशा कार्यकर्ता मीरा देवी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लड़कियों को मासिक धर्म के लिए सेनेटरी पैड उपलब्ध नहीं कराता है. लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता और उपचार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उनमें से अधिकांश को एनीमिया से बचाव के लिए नियमित रूप से आयरन की खुराक की आवश्यकता होती है। मीरा देवी ने यह भी कहा कि संबंधित प्राधिकारी की निष्क्रियता के कारण, क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों को स्वास्थ्य समस्याओं के लिए निजी क्लीनिकों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और लड़कियों के पास बिना इलाज के जीने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

यह जरूरी है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय किशोर लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाए, उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता और उपयोग में सुधार करे और पर्यावरण के अनुकूल नैपकिन उत्पादन को बढ़ावा दे। 2011 से, स्वच्छ भारत अभियान, सबला कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी विभिन्न सरकारी पहलों के तहत मासिक धर्म स्वच्छता लागू की गई है।

लेकिन फिर भी, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 15-24 वर्ष की आयु की लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं मासिक धर्म की सुरक्षा के लिए कपड़े का उपयोग करती हैं, विशेषज्ञों का मानना है कि इसके लिए जागरूकता की कमी और मासिक धर्म के आसपास मौजूद वर्जनाएं जिम्मेदार हैं। बिहार में महिलाओं का सबसे कम प्रतिशत (59 प्रतिशत) मासिक धर्म सुरक्षा की स्वच्छ पद्धति का उपयोग करता है। सबसे कम संपत्ति वाले वर्ग की महिलाओं में उच्चतम संपत्ति वर्ग की महिलाओं की तुलना में कपड़े का उपयोग करने की संभावना लगभग 3.3 गुना अधिक है। इस प्रकार, सामाजिक पृष्ठभूमि अक्सर उचित मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच निर्धारित करती है। इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अस्वच्छ मासिक धर्म प्रथाओं के कारण संक्रमण के संपर्क में आने पर, कई अध्ययनों से पता चला है कि बैक्टीरियल वेजिनोसिस या मूत्र पथ के संक्रमण (यूटीआई) जैसे प्रजनन पथ के संक्रमण हो सकते हैं जो अंतत: पैल्विक संक्रमण बन जाते हैं।

चूंकि ये संक्रमण श्रोणि तक जा सकते हैं, इसलिए वे गर्भवती होने में कठिनाई या समय से पहले प्रसव (परिणामस्वरूप समय से पहले जन्म) जैसी गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का कारण बन सकते हैं, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है। इसमें कहा गया है, इसके अलावा, खराब स्वच्छता लंबे समय में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती है, क्योंकि इस कैंसर के जोखिम कारकों में से एक खराब स्थानीय स्वच्छता है।

लंबे समय से अधिकारी, शिक्षक, सहायक नर्स, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत जागरूकता फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं। मिशन शक्ति का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में मासिक धर्म स्वच्छता, मासिक धर्म की समस्या और नैपकिन के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। मासिक धर्म स्वच्छता के लिए, भारत सरकार को सभी स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों के शौचालयों में मुफ्त मासिक धर्म उत्पाद उपलब्ध कराने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों को मुफ्त में नैपकिन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिन क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र नहीं हैं, वहां आशा दीदी, पीएचसी और पंचायत कार्यालयों को भी मुफ्त या सस्ती कीमत पर नैपकिन उपलब्ध कराने चाहिए।

आप की बात

प्रदूषण का कहर

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण से बहुत बुरा हाल है और स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दिल्ली की सरकार ने 18 नवंबर तक स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी है। यह अवकाश और कुछ नहीं बल्कि प्रदूषणकालीन अवकाश हैं क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। यह बहुत चिंताजनक बात है। हवा में प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक हो गई है। गंगा के मैदानी इलाकों के कई शहरों में तो हवा की गुणवत्ता इतनी खतरनाक बनी हुई है कि वह जानलेवा साबित हो रही है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई है। इससे करोड़ों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, सुबह-शाम घूमने वाले लोगों ने बाहर घूमना बंद कर दिया है। ऐसे में जीवनशैली से जुड़ी अन्य बीमारियों के भी फैलने व गंभीर होने का खतरा है। पराली जलाने पर तत्काल रोक के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रदूषण इतना जानलेवा बना हुआ है। यह हमें सोचने को मजबूर करता है यह आम लोगों के लिए भी सोचने का समय है कि हम प्रदूषण रोकने में कितना सहयोग कर सकते हैं। हमें व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से प्रदूषण नियंत्रण हेतु सक्रिय होना चाहिए।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

अमर्यादित भाषा

नीतीश कुमार द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने की निंदा आज पूरा देश कर रहा है। एक बड़े नेता से सदन में ऐसी भाषा की कल्पना कोई नागरिक नहीं करता है। हालांकि, नीतीश बाबू ने माफी मांग कर मामले का पटाक्षेप करने का प्रयास किया, परन्तु जिस शैली में शिक्षा की बात को उन्होंने महिलाओ से जोड़ा वह किसी भी महिला के लिए अत्यंत निजी विषय है। महिला अस्मिता को दरकिनार कर उन्होंने जिन भद्दे शब्दों का प्रयोग किया वह सभ्य समाज को शर्मसार करने के लिए पर्याप्त है। नारी गरिमा, स्वाभिमान और अस्मिता को सार्वजनिक रूप से तार-तार करने के बाद शिक्षा के बहाने माफी मांगने का प्रयास निश्चित ही निंदनीय है। हालांकि, उनकी माफी भी एक ढोंग है क्योंकि उन्होंने अपने बयान के विरोध का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने का प्रयास किया। विडंबना है कि बात-बात पर प्रधानमंत्री से बयान की मांग करने वाली तथाकथित महिला एक्टिविस्ट व नीतीश समर्थक राजनीतिक पार्टियों की महिला नेता चुप हैं। इस प्रकार का राजनीतिक पक्षपात उनके द्वारा अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के समान है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

नीतीश की भाषा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं की शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए मंगलवार को राज्य विधानसभा में इसका जीवंत विवरण रखा कि कैसे एक शिक्षित महिला अपने पति को संभोग के दौरान रोक सकती है। इसकी संयत, पर गुस्से से भरी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इसके एक बड़े नेता ने विधानसभा में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा प्रयोग की लेकिन विपक्षी समूह के घटकों ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। इसके उलट प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व कांग्रेस तथा जदयू के नेताओं ने इसके बचाव का प्रयास किया। हालांकि, नीतीश ने बाद में इसके लिए माफी भी मांग ली, पर उनकी भाषा इतनी अभद्र व अश्लील थी कि एलेक्ट्रानिक चैनलों को कुछ शब्द म्यूट करने पड़े। आश्चर्यजनक रूप से विधानसभा में बयान के कुछ समय बाद उन्होंने विधान परिषद में इन अश्लील शब्दों को दुहराया भी। अपनी जुबान पर नियंत्रण न रख पाने वाले अति-वृद्धों को सक्रिय राजनीति से हट जाना चाहिए।

– **तौकीर रहमानी,** मुंबई

हानिकारक ई-सिगरेट

पांच दिसंबर, 2019 को भारत में ई-सिगरेट या वेपिंग डिवाइस पर पाबंदी को लेकर गजट जारी किया गया था। लेकिन इसके बावजूद आज आसानी से ई-सिगरेट या वेपिंग डिवाइस उपलब्ध हैं। इनको ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है। कई अन्य देशों में भी ई-सिगरेट पर पाबंदी लगाई गई है। ब्रिटेन में 18 वर्ष से कम आयु वाले इसे बेच भी नहीं सकते हैं। वेपिंग डिवाइस के इस्तेमाल से फेफड़ों और श्वसन तंत्र को भारी नुकसान के साथ ही दमे का दौरा पड़ने व मौत की संभावना बढ़ जाती है। ई-सिगरेट बैटरी से चलती है। इसमें भरे तरल पदार्थ में तंबाकू व निकोटिन के साथ प्रोपलीन ग्लाइकोल जैसे हानिकारक पदार्थ होते हैं। ये बाजारों मे पेन, पेनड्राइव, यूएसबी व छोटे-छोटे खिलौने के रूप में भी उपलब्ध है। चिंता की बात है कि वेपिंग डिवाइस का चलन भारत में भी बढ़ रहा है। बच्चों में इसके बढ़ते चलन को देखते हुए माता-पिता को जागरूक होना चाहिए। सरकार को भी लोगों को इसके हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक कदम उठाने चाहिए।

–**निधि जैन,** गाजियाबाद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप संवर रही धर्मनगरी अयोध्या

● सतत आत्मनिर्भर नगर के अनुरूप योगी सरकार कर रही अयोध्या का विकास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

सरयू किनारे अवस्थित अयोध्या नगरी आज अपने पौराणिक आभा के अनुरूप सज.संवर गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या नगरी विकास के नित नए प्रतिमान गढ़ रही है। अयोध्या का दीपोत्सव आज नए भारत की विशिष्ट पहचान बन रहा है। आज यहां हर ओर भव्यता-दिव्यता को साकार रूप में अनुभव किया जा सकता है।

प्रति वर्ष नए कीर्तिमान के साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो रही है। यही नहीं शताब्दियों की प्रतीक्षा के उपरांत श्रीराजन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो 22 जनवरी 2024 में लोकार्पित होने वाला है। इसके अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण भी अंतिम चरण में है। उत्तर प्रदेश का ये चौथा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जल्द क्रियाशील होने को तैयार है। सिर्फ इतना ही नहीं 'नव्य अयोध्या' की स्थापना के उद्देश्य से लगभग 1893 एकड़ में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से युक्त नवीन ग्रीनफील्ड वैदिक सिटी के विकास की प्रक्रिया भी गतिमान है। अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय पहले ही योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ले लिया है। सरयू किनारे 40 मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना के विकास का निर्णय हो या स्मार्ट सिटी के रूप में अयोध्या का विकास, इन्टेलिजेन्ट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम का विकास बदलती हुई अयोध्या की निशानी है। इसके अलावा यहां के प्रमुख 4 स्थानों यथा-हनुमानगढ़ी, नयाघाट, अयोध्या रेलवे स्टेशन और गुप्तारघाट पर वाई-फाई की सुविधा भी प्रदान कर दी गई है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता की दृष्टि से सहादतगंज से नया घाट तक करीब 13 किलोमीटर लंबे रामपथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के समीप वाले क्षेत्रों में कामन बिल्डिंग कोड लागू है, जिसके जरिए नगर की सुंदरता को नवीन आयाम मिलने वाला है। यही क्यों पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को जलयान भ्रमण का आनंद सुलभ कराने के लिए जटायु क्रूज सेवा संचालित की जा चुकी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या धाम की पंचकोसी और चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके अलवा परिक्रमा मार्ग पर रामायण कालीन दृष्टांतों को उत्कीर्ण करने का अद्भुत कार्य गतिमान है। परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले 208 पौराणिक महत्व के स्थलों पर अनुसंधान कर उन्हें आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। वहीं लगभग दो हजार वर्गमीटर के परिक्षेत्र में क्वीन मेमोरियल पार्क का विकास किया जा रहा है। इससे दक्षिण कोरिया और भारत के प्राचीन मैत्री संबंधों को नवीन आयाम मिलेगा। पार्क में मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, पाथ-वे, फाउंटेन, म्यूरल, ऑडियो-वीडियो इत्यादि का निर्माण तेज गति से जारी है। इसके अलावा मंदिर संग्रहालय की स्थापना, श्रीराम मंदिर के डिज़ाइन से प्रेरित अयोध्या के भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण। भव्य अयोध्या की परिकल्पना के तहत नगर के तेरह किलोमीटर मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण, मार्ग के दोनों ओर रामायण कालीन वृक्षों की छाया, गुप्तार घाट से जानकी घाट तक के विकास और सुंदरीकरण का कार्य, पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए नया घाट के निकट भव्य पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण हो रहा है।

राज्यपाल ने धनतेरस, दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल 10 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ हो रहे पांच दिवसीय प्रकाश पर्व धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से सबके स्वस्थ.समृद्ध, प्रसन्न और प्रगतिशील जीवन की कामना की।

यूपी-112 की आउटसोर्सिंग कर्मियों के समर्थन में धरने पर बैठीं सपा की महिला कार्यकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने कहा है कि लखनऊ के इको गार्डेन में यूपी-112 की आउटसोर्सिंग कर्मियों के धरना प्रदर्शन में आज चौथे दिन भी सरकार और प्रशासन के किसी पदाधिकारी ने प्रदर्शन कर रही युवतियों से वार्ता करने का निर्वहन का शिष्ट व्यवहार तक नहीं किया।

समाजवादी पार्टी धरना दे रही कर्मचारी लड़कियों के समर्थन में है और कल तथा आज भी समाजवादी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने इको गार्डेन में उनके साथ धरने पर बैठी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आउटसोर्सिंग कर्मियों के समर्थन में गुरुवार को भी लखनऊ उत्तरी विधानसभा प्रत्याशी पूजा शुक्ला, पवन मनोचा, मुन्नी पाल, प्रीति तिवारी, शर्मिला महाजन, पायल सिंह, चांदनी कश्यप, रंजीत यादव, अजीम अहमद, आदि नेताओं ने धरनास्थल पर पहुंचकर उनके समर्थन में धरना दिया।

दीपोत्सव 2023: थ्री डी में दिखेगा भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर

● 108000 दीपों के जरिए पहली बार त्रिआयामी दिखेगा भगवान श्रीराम का मंदिर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन सातवें दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए 3डी इंपैक्ट आधारित राम मंदिर मॉडल का निर्माण कर 108000 दीए प्रज्वलित करेगा। इसके लिए राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रभु श्रीराम मन्दिर के मॉडल को दीए से उकेरा जाएगा। सांस्कृतिक पौराणिक एवं ऐतिहासिक कथानक पर आधारित इस भव्य मंदिर मॉडल में प्रभु श्रीराम को विजयी मुद्रा में अयोध्या में प्रवेश करते हुए दर्शाया जाएगा। यह निश्चित ही विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ते हुए जनसामान्य को अपनी ओर आकर्षित करेगा। विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए फाइन आर्ट्स विभाग के 150 छात्राओं ने भव्य मंदिर मॉडल को उकेर दिया है। इसमें दीए सजाने के बाद दीपोत्सव के दिन प्रज्वलित किया जायेगा। संयोजिका डॉ. सरिता द्विवेदी की देखरेख में विभागीय शिक्षकों डॉ. रीमा सिंह, सरिता सिंह, आशीष प्रजापति, डॉ. अलका श्रीवास्तव राम की पैड़ी के घाट 10 को गेरुआ रंग में मंदिर मॉडल से संबंधित 60 ब्लॉकों के रेखांकन का कार्य पूर्ण किया गया है। आर्ट्स विभाग की डॉ. रीमा सिंह ने बताया कि मंदिर मॉडल के रंगाकन का कार्य अवध की लोक कला से प्रेरित रही है, जिसके अंतर्गत गेरू एवं सफेद रंग के द्वारा चित्रांकन का कार्य किया जा रहा है।

अयोध्या में डेढ़ सौ करोड़ से बनेगा मेगा फाउंटेन

लखनऊ/ अयोध्या। योगी सरकार ने अयोध्या में एक मेगा फाउंटेन पार्क की स्थापना करने का निर्णय लिया है। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि इसकी स्थापना के लिए विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यादेश जारी किया गया है। इस पार्क की लागत लगभग 150 करोड़ होगी जो राजस्व शेयरिंग मॉडल के तहत स्वयं एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। इस प्रस्तावित मेगा फाउंटेन पार्क में पानी, प्रकाश और ध्वनि के मनोरम मिश्रण के माध्यम से आगंतुकों का आध्यात्मिक अनुभव बढ़ाया जाएगा। यह मेगा फाउंटेन पार्क नवीनता, भव्यता, श्रद्धा, आध्यत्मिकता और आधुनिकता का एक विशिष्ट प्रतीक होगा, जो शहर के समग्रता को समृद्ध करेगा।

प्रदेश में चलेगा 'स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली' अभियान

● समस्त नगरीय निकायों में अभियान के तहत प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन के लिए जारी की गई एसओपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दीपावली, भैया दूज और छठ जैसे त्योहारों को देखते हुए योगी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत त्योहारों को स्वच्छता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के राज्य मिशन निदेशक की ओर से सभी नगर आयुक्तों को अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों के संचालन से संबंधित एसओपी जारी कर दी है। एसओपी में स्वच्छ दीपावली हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छ दीपावली रील्स, आरआरआर सेंटर्स, स्वच्छ त्योहार, स्वच्छ सारथी क्लब एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के उत्पादों के विरूद्ध अभियान जैसी गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि एसओपी के आधार पर समस्त निकायों में गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। सभी निकायों में दीपावली से पूर्व एवं दीपावली के अवसर पर समस्त सार्वजनिक स्थलों (सरकारी कार्यालयों, बाजारों, शैक्षिक संस्थानों व अन्य) में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 'माईगवर्नमेंट-इन' पर नागरिकों को प्रण लेकर सर्टिफि केट प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। समस्त निकायों द्वारा दीपावली के अवसर पर स्वच्छता के प्रति नवाचार के माध्यम से स्वच्छ दीपावली मनाए जाने के 30 से 60 सेकेंड की वीडियो रील्स बनाई जाएगी जिसको निकाय अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट करेंगे।

प्रदेश के 'जियोग्राफिकल इनफॉर्मेशन सिस्टम' को और मुस्तैद बनाएगी सरकार

● सर्वे, डिजिटलाइजेशन व मैपिंग जैसी 17 से ज्यादा प्रक्रियाओं के एकीकृत सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट पर हो रहा काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आर्थिक, औद्योगिक व आधुनिक उन्नति की दिशा में उत्तर प्रदेश का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश के जियोग्राफिकल इनफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) को और चाक-चौबंद व मुस्तैद बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है जिसके जरिए उत्तर प्रदेश में सर्वेए डिजिटलाइजेशन व मैपिंग जैसी 17 से ज्यादा प्रक्रियाओं के एकीकृत सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का कार्य प्रारंभ हो गया है।

इस दिशा में श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का जिम्मा सौंपा गया है, जिसने अपने यहां इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर कंपनियों से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल के जरिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र की आईएसओ 9001:2008 कंपनी के तौर पर कार्यरत है। श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड राज्य की विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए हार्डवेयर, नेटवर्किंग, सॉफ्टवेयर और आईटी समाधानों के कार्यान्वयन, आईटी प्रशिक्षण और अन्य संबंधित कार्यों जैसे आईटी व आईटीईएस परियोजनाओं को पूर्ण करने लिए भी 'नोडल एजेंसी' के तौर पर कार्यरत है।

सॉफ्टवेयर'सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को जिस विशिष्ट एकीकृत सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का कार्य सौंपा गया है वह कई खूबियों से लैस होगा। माना जा रहा है कि प्रदेश की ज्योग्राफि कल इनफ ॉर्मेशन सिस्टम को अधिक सुविधाजनक व आसान बनाने के लिए बनने वाला यह सॉफ्टवेयर सर्वे, डिजिटलाइजेशन व मैपिंग जैसी 17 से ज्यादा प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में सक्षम होगा। जीआईएस सर्वे के लिहाज से यह सॉफ्टवेयर बिजली के खंभों, सड़कों, हैंडपंप, सबमर्सिबल पंप, कुएं, सरकारी प्रतिष्ठान, बस अड्डे व रेलवे स्टेशन आदि के आंकड़ों का संकलन करेगा। वहीं, नगर पालिका परिषद के अंतर्गत घरों, ब्लॉकों व शहरी सीमाओं के निर्धारण व डोर टू डोर प्रॉपर्टी सर्वे जैसी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में सक्षम होगा। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन प्रॉपर्टी डिटेल सॉफ्टवेयर के तौर पर फ ॉर्म्स पर प्राइमरी डेट भरने, अंकित डाटा को सही प्रकार से संचित रखने, रिपोर्ट्स संकलन व खोज में सक्षम होगा। इसके अलावा, इस सॉफ्टवेयर सैटेलाइट इमेजिंग का भी इस्तेमाल किया जाएगा जिससे मैपिंग की प्रक्रिया को रियलटाइम में एक्सेस करने में मदद मिलेगी।

श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) को 1 फरवरी 1979 को कंपनी अधिनियम 1956 के तहत एक कंपनी के रूप में अपट्रॉन श्रीट्रॉनिक्स लिमिटेड के नाम से निगमित किया गया था। बाद में 24 अप्रैल 1984 को कंपनी का नाम बदलकर श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड डीबीटी व अन्य परियोजनाओं (जहां आधार प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है) के लिए आधार प्रमाणीकरण सेवाओं (एयूए/केयूए) के लिए भी राज्य नोडल एजेंसी के तौर पर भी काम करती है।

दीपावली व छठ पर यात्रियों को घर पहुंचाने वाले ड्राइवर-कंडक्टर होंगे पुरस्कृत

● दीपावली, भैया दूज और छठ पर परिवहन निगम ने सभी चालक, परिचालकों के साथ ही अधिकारियों की छुट्टी की रद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दीपावली और छठ के पर्व को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश में 10 नवंबर से 20 नवंबर के बीच अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के जो कर्मी (बस चालक और परिचालक) लगातार सेवाएं देंगे, सरकार ने उनके लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। यह प्रोत्साहन योजना 10 से 20 नवंबर के बीच यानी कुल 11 दिनों तक लागू रहेगी। वहीं, दीपावली, भैया दूज और छठ जैसे त्योहारों के दौरान परिवहन निगम ने सभी चालक, परिचालकों के साथ ही अधिकारियों और उपाधिकारियों की छुट्टी भी रद कर दी है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली, भैया दूज और छठ के अवसर पर गाजियाबाद, दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से 60 प्रतिशत से अधिक यात्री लोड मिलता है। इसके अलावा अन्य राज्यों व शहरों से लोग अपने घरों के लिए और त्योहार के बाद घरों से वापस अपने कार्यस्थल के लिए प्रस्थान करते हैं। उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चालक और परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीएसआरटीसी की ओर से इसकी शुरुआत की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि संविदा और आउटसोर्सिंग के चालक और परिचालक कम से कम 10 दिनों तक निर्धारित औसत किलोमीटर का संचालन करते हैं तो उन्हें 350 प्रतिदिन की दर से एक साथ 3500 विशेष प्रोत्साहन का भुगतान किया जाएगा। प्रोत्साहन अवधि में औसतन 300 किलोमीटर बस संचालन करना होगा। यदि कर्मचारी 11 दिन की प्रोत्साहन अवधि तक हर रोज ड्यूटी करते हैं और किलोमीटर के मानक पूरे करते हैं तो उन्हें 400 प्रतिदिन के हिसाब से 4400 रुपए देय होंगे। संविदा और आउटसोर्सिंग चालक परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में निर्धारित मानक से अधिक किलोमीटर अर्जित करने पर अतिरिक्त किलोमीटर पर 55 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। 11 दिन लगातार ड्यूटी करने वाले डिपो कार्यशाला और क्षेत्रीय कार्यशाला में कार्यरत कर्मचारी और निगम से जुड़े आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल होंगे। इन्हें एकमुश्त 1800 रुपए और इस अवधि में 10 दिन ड्यूटी करने वाले कार्यशाला कर्मचारियों को एक मुश्त 1500 रुपए प्रोत्साहन मिलेगा। रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक को 10000 और सेवा प्रबंधक को 5000 की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका वितरण क्षेत्रीय समिति की संस्तुति के अनुसार प्रोत्साहन अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्र के कर्मचारियों और उपाधिकारियों में वितरित करेंगे। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को 50 रुपए प्रति निगम और अनुबंध बस के आधार पर गणना करके धनराशि दी जाएगी, जिसे वह अपने पास नहीं रखेंगे। वह डिपो के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी और उपाधिकारियों में वितरित करेंगे प्रोत्साहन अवधि में क्षेत्रीय और डिपो स्तर पर सर्वाधिक आय प्रति वर्ष प्राप्त करने वाले तीन क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधक और सेवा प्रबंधक के साथ 10 डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निगम प्रबंधन की तरफसे प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चिन्हित बस स्टेशनों के लिए प्रोत्साहन के मद में तैनात कर्मचारी पर्यवेक्षकों को धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। 5000 रुपए प्रति बस स्टेशन की दर से कुल 100000 रुपए परिवहन निगम ने स्वीकृत किए हैं।

महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाए: डीजीपी

● दीपावली व अन्य आगामी त्योहारों पर प्रदेशभर में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था करने के पुलिस प्रमुख ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी विजय कुमार ने दीपावली व अन्य आगामी त्योहारों पर प्रदेशभर में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बाजारों, सर्राफा मार्केट आदि क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नियमित फुट पेट्रोलिंग की जाए तथा पीआरवी वाहनों व मोटर साइकिल से भी गश्त कराया जाए। जनपद में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को थानावार सूचीबद्ध कर उनकी क्रियाशीलता का परीक्षण कर लिया जाए तथा महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व संवेदनशीलस्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाए।

डीजीपी ने त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समस्त जोनल एडीजी, पुलिस आयुक्तों, परिक्षेत्रीय आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस कप्तानों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि प्रमुख बाजारों, सर्राफा बाजार में पुलिस कर्मियों की गश्त व पिकेट ड्यूटी लगाई जाए तथा पुलिस कर्मियों को सजग व सतर्क ड्यूटी के लिए ब्रीफ किया जाए। यूपी-112 के वाहनों का भी प्लेसमेन्ट किया जाए। सादे वस्त्रों में भी पुरुष/महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। बाजारों व सर्राफ ा मार्केट आदि में आने जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की आकस्मिक रूप से समय-समय पर चेकिंग की जाए। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजार मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदिस्थानों पर सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध किया जाए तथा जन सहयोग से सम्बन्धित पुलिस थानों, अधिकारियों तथा अन्य महत्वपूर्ण नम्बरों का प्रचार प्रसार किया जाए। विस्फोटक पदार्थ, पटाखा विक्रेताओं के लाइसेन्सधारकों की थानावार सूची अद्यावधिक कर जिलाधिकारी कार्यालय से उसका मिलान कर लिया जाए।

पूर्व में विस्फोटक पदार्थ, पटाखों का अवैध प्रयोग करने वाले प्रकाश में आये व्यक्तियों की सूची अद्यावधिक कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। सी प्लान एप के माध्यम से सभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर लाभप्रद सूचनाओं पर विधि संगत कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाए।

अवैध घुसपैठ कराकर मानव तस्करी करने वाले गिरोह के दो बांग्लादेशी बेंगलुरु से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संगठित रूप से अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराकर, उन्हें कूटरचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर आवासित कराने व मानव तस्करी कराने वाले सिंडिकेट के दो बांग्लादेशी सदस्यों को एटीएस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया। एटीएस के अनुसार दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को ट्रांजिट रिमांड पर बेंगलुरु से लखनऊ लाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एटीएस को सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा एक सिंडिकेट बनाया गया है, जो अवैध घुसपैठियों को उनकी पहचान छिपाकर, फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर भारत में आवासित कराता है एवं उनको आर्थिक सहयोग कर, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। इस सूचना को एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा भौतिक एवं इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से विकसित किया गया। विकसित सूचना के आधार पर पूर्व में 11 अक्टूबर 2023 को तीन अभियुक्तों अदिलुर रहमान असरफी निवासी मीरपुर, ढाका, बांग्लादेश, अबु हुरैरा गाजी निवासी कालूताला, रामेश्वरपुर, हसनाबाद, जनपद नॉर्थ 24 परगना, पश्चिम बंगाल एवं शेख नजीबुल निवासी पूर्वा हलधरपारा, गुरानबोस बासंती, जनपद 24 परगना साउथ, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्यों के आधार पर उक्त सिंडिकेट के माध्यम से भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा को अवैध रूप से पार कर भारत आई एक बांग्लादेशी महिला तानिया मंडल पुत्री खालिक मंडल मूल निवासी पिरोजपुर, बांग्लादेश एवं इब्राहिम खान मूल निवासी बांग्लादेश को बीती 7 नवंबर 2023 को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त अदिलुर रहमान ने सिंडिकेट के सहयोग से तानिया मंडल की मानव तस्करी कर, भारत में प्रवेश करवाया था।

तत्पश्चात तानिया मंडल को 25000 रुपए में अभियुक्त इब्राहिम खान को बेच दिया गया था। वर्तमान में तानिया मंडल, बेंगलुरु की कपड़ा फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य कर रही थी। अभियुक्त इब्राहिम खान तरीके से अपनी पहचान छुपाकर कूटरचित भारतीय दस्तावेज एवं भारतीय पासपोर्ट बनवाकर बंगलुरु में निवास कर रहा था। इस प्रकार उपरोक्त पंजीकृत अभियोग में अभी तक कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

विश्व उर्दू दिवस पर कांग्रेस ने मदरसों में 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' का गायन कराया

● विश्व उर्दू दिवस पर कांग्रेस ने मदरसों में 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' का गायन कराया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा मदरसों में अल्लामा इक़बाल की विश्व प्रसिद्ध रचना 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' का सामूहिक गायन करवाया गया। विश्व उर्दू दिवस अल्लामा इक़बाल की जयंती पर मनाया जाता है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने बताया कि कांग्रेस ने हमेशा उर्दू भाषा को सम्मान और प्रोत्साहन दिया है और उसे रोज़गार से जोड़ने की कोशिश की है ताकि उर्दू पढ़ने वाले लोग मुख्यधारा में बने रहें। इसीलिए नारायण दत्त तिवारी सरकार ने 6 अक्टूबर 1989 को उर्दू को उत्तर प्रदेश की दूसरी राज भाषा घोषित किया था।

शाहनवाज आलम ने कहा कि कांग्रेस के बाद की सरकारों ने उर्दू को हतोत्साहित किया और उर्दू से जुड़े रोगार या तो खत्म कर दिए गए या उस पर अपात्र लोगों का नियंत्रण हो गया। उन्होंने योगी सरकार पर उर्दू को सांप्रदायिक द्वेष से देखने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी वजह से आधुनिक मदरसा शिक्षकों का 7 वर्ष से वेतन सरकार ने रोक रखा है। 2024 में कांग्रेस की सरकार बनते ही उन्हें बकाया वेतन दे दिया जाएगा।

भाजपा सरकार के कारनामों से शर्मसार हो रहा यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के कारनामों से उत्तर प्रदेश शर्मसार हो रहा है। हाथरस की बेटी के साथ बलात्कार और हत्या, लखीमपुर खीरी में किसानों की जीप चढ़ाकर हत्या, आईपीएस द्वारा वसूली और फिर महीनों फरार रहना, कानपुर में प्रशासन द्वारा गरीब की झोपड़ी पर बुल्डोजर चलाना और अग्निकाण्ड से मौत, बीएचयू में छात्रा के साथ अभद्रता ये सब घटनाएं उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में हुई है। इन घटनाओं से प्रदेश आहत है।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चलाने वाले खुद अपने मुकदमें वापस ले रहे हैं। जनता के टैक्स के पैसो से भाजपा का प्रचार कर प्रदेश की छवि को धूमिल कर रहे हैं। प्रदेश की छवि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली में सुधार से बनती है लेकिन भाजपा सरकार ने इन साढ़े छह सालों में जनहित की सभी व्यवस्थाओं को बर्बाद करने का ही काम किया है।

राज्य में कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाएं चौपट है। भाजपा सरकार ने समाज में नफरत फैलाई है। आपसी भेदभाव किया है। आज महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। किसान, नौजवानए महिलाएं दुखी हैं। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। धोखा दिया। भाजपा सरकार अहंकार में चूर है। भाजपा नेता और कार्यकर्ता अराजक है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। लोगों को डेंगू बुखार एवं अन्य बीमारियों तक का इलाज नहीं मिल पा रहा है। लोग डेंगू बुखार से मर रहे हैं। सरकार दवा इलाज नहीं दे पा रही है। बजट की लूट हो रही है। हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। जनता अब इसे और बर्दास्त करने वाली नहीं है।

विधायक ने रबी उत्पादकता गोष्ठी का किया शुभारंभ

● विधायक, डीएम सीडीओ ने किया स्टालों का अवलोकन ● खेती बाड़ी पर हुआ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, सवालों का सही जवाब वाले किसान पुरस्कृत

लखीमपुर खीरी। कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला, कृषि वैज्ञानिक संवाद का आयोजन हुआ। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम, सीडीओ संग दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम, सीडीओ, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र के साथ साडे 300 किसानों को सरसों एवं मसूर की मिनी किट के बीज वितरित किए। 20 किसानों को मृदा परीक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि एक समय था कि जब एक बीघे में 01 कु. फसल उत्पादन होता था आज फसल उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है। ऐसे कृषक धन्य है जो लोग खेती और किसानी के कार्य में लगे हुए है। किसान गोष्ठी एवं मेलों में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से दी जा रही जानकारियों का किसान आत्मसात करते हुए अपनी उत्पादकता को बढ़ाएं। कृषक केंद्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने मौजूद किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाए। वैज्ञानिक विधि से खेती करें ताकि उन्हें भरपूर उपज प्राप्त हो सके। स्ट्रीविया, लेमन ग्रास, पपीता, आलू एवं केला इत्यादि के फसलों का उत्पादन कर कृषक अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि कृषकों को समय से खाद, बीज उपलब्ध कराये जाये। गाय हमारी माता हैए इनको छुट्टा न छोड़ेए अपने घरो पर रखकर इनकी सेवा करें। यदि सभी कृषक अपनी भूमिका अदा करें तो गौशाला, बनाने की आवश्यकता नहीं है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किसानों को अवगत कराया कि 1970 के पूर्व गुणवत्तायुक्त उत्पादन होता था लेकिन समयान्तर्गत खाद्यान की जरूरत के दृष्टिगत नई प्रजातियों को विकसित किया गया एवं रासायनिक खादों तथा पेस्टीसाइड का आवश्यकता से अधिक उपयोग किया। अत: अब जरूरी हो गया कि जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए तथा देशी पशुओं की प्रजाति को संरक्षित किया जाए।

उप कृषि निदेशक द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं सभी सम्मानित कृषकों का आभार व्यक्त करते हुए किसान मेला समाप्ति की घोषणा की। जनपदीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र ने रबी की कार्ययोजना प्रस्तुत की तथा विस्तार से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी अरविन्द कुमार चोधरी द्वारा कृषि निवेश आदि की व्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम फसल बीमा के संबंध में जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र जमुना बाद एवं मझरा के वैज्ञानिकों के द्वारा खेती से संबंधित समसामयिक जानकारी दी। पीपीओ सत्येंद्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी सुभाष चंद्र, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, एसडीओ (कृषि) निखिल देव तिवारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ एके वर्मा, डॉ एसके पांडे, डॉ संदीप तिवारी ने भी किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील कृषक एवं एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने, डीएम, सीडीओ ने अधिकारियों संग जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला में कृषि, गन्ना, रेशम, पशुपालन, कृषि रक्षा, प्रगतिशील कृषक, कृषक उत्पादक संगठन एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक, बीज बिक्रेताओं के स्टालों का अवलोकन किया।

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण: जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, प्रशिक्षुओं से संवाद

● शिक्षक की भूमिका में नजर आए डीएम, किए प्रशिक्षण से संबंधित सवाल जवाब ● डीएम ने चखा प्रशिक्षक.प्रशिक्षुओं को वितरित किया आहार

लखीमपुर खीरी। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण प्रशिक्षण के तत्वावधान में गुरुवार को भी डीएस इंटर कॉलेज में कार्यशाला हुई, जिसमें लेखपाल, राजस्व निरीक्षको, बेसिक, माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की प्रतिनिधियों को आपदा प्रबन्धन के गुरु सिखाए गए। प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम ने एक.एक प्रशिक्षण कक्ष में जाकर निरीक्षण किया। प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी/एसडीएम रेनू मिश्रा से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए प्रशिक्षण से संबंधित सवाल जवाब किए। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने, आपदा के दौरान नुकसान को न्यून से न्यूनतम किये जाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण खीरी के तत्वावधान में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, लेखपाल, राजस्व निरीक्षको को चरणबद्ध रूप से आपदा प्रबन्धन की प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा। यह प्रशिक्षण आपदा के दौरान राहत बचाव कार्य में महत्वपूर्ण साबित होगा। डीएम ने एक.एक प्रशिक्षण कक्ष में जाकर स्वयं शिक्षक बनकर आपदा से अपना बचाव करने तथा दूसरे लोगो को आपदा से सुरक्षित निकालने के अनेक तरीकों को अच्छे अंदाज में समझाया। उन्होंने आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लाभकारी एवं दूरदर्शिता से जुड़ा हुआ बताया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव उपायों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में स्पोर्टस मीट का समापन

शाहजहांपुर। डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में चल रही स्पोटर्स मीट के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि डॉ. विजय पाठकए सर्जनए विनय गुप्ता (अध्यक्ष) जिला ओलम्पिक संघ, डॉ. आलोक कुमार सिह चिकित्सा अधिकारी लोधीपुर, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, प्रबंधक संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष आफ़ाक अली, राहुल मिश्रा प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा एवं उपप्रधानाचार्या डॉ. ज्योत्सना द्विवेदी के द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजली कर आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों का चन्दन तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया जिसके बाद बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों प्रस्तुति दी गयी।

मुख्य अतिथि डॉ. विजय पाठक ने छात्र.छात्राओं को तीन दिवसीय स्पोर्टस मीट में सफल सहभागिता के लिये सराहा एवं कहा कि वर्तमान परिदृष्य में खेल में आप अपना करियर अन्य क्षेत्रों से जल्दी और भव्य बना सकते हैं और बच्चों से अपील की कि वे जिस किसी खेल से भी सम्बन्धित हों वे उसे निरन्तर जारी रखें और राजकीयए राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रयास करें। व्यायाम शिक्षक पंकज सक्सेनाए महजबी मन्सूरी एवं वन्दना सैनी के संयुक्त नेतृत्व में 100 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस, ऊँची कूद, रस्साकसी का फाईनल मैच कराया गया। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस से काव्या मिश्रा प्रथमए रेड हाउस से निम्मी राजपूत द्वितीय एवं ग्रीन हाउस से अराध्या तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग में ग्रीन हाउस से सम्वित गुप्ता प्रथमए रेड हाउस से अक्षत पाल द्वितीयए येलो एवं ब्लू हाउस से राघव मिश्रा एवं षिवाय षुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस प्रथमए ब्लू हाउस द्वितीय एवं येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर बालक वर्ग में ग्रीन हाउस से प्रथमए रेड हाउस द्वितीय एवं येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। ऊँची कूद सीनियर बालक वर्ग में ग्रीन हाउस के आदर्ष सिंह ने प्रथमए रेड हाउस के तसलीम ने द्वितीय एवं येलो हाउस के तौफीक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में जूनियर बालिका वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम एवं रेड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। बालक वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम एवं ब्लू हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर बालिका वर्ग में रेड हाउस प्रथम एवं ग्रीन हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

गोला चीनी मिल का नवीन पेराई सत्र चालू

● मिल प्रबंधतंत्र व जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक नेताओं, किसानों और व्यापारियों ने पूजन समारोह में भाग लिया

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला का नवीन पेराई सत्र बुधवार को शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुरू की गई। इस अवसर पर चीनी मिल क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों, विभिन्न दलों के नेताओं सैकड़ों किसान व व्यापारियों संभ्रांत नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे। गोला चीनी मिल में सर्वप्रथम मिल गेट पर गन्ना लाने वाले बैलगाड़ी किसान अरुण कुमार, धीरेंद्र कुमार को विधायक अमन गिर ने मिष्ठान खिलाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोला के विधायक अमन गिरी, पूर्व सांसद रवि वर्मा, पूर्व अध्यक्ष उप्र भूमि विकास बैंक सुरजन लाल वर्मा, गन्ना समिति अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पब्लिक इंटर कालेज के अध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा, व्यापारी नेता गोपाल कृष्ण शुक्लए पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ विजय बाजपेईए बालकृष्ण गुप्ता, चीनी मिल के ठेकेदार विनय सिंह चौहान, ठेकेदार सहित काफी संख्या मे लोगों ने हवन यज्ञ मे आहुति डाली। तत्पश्चात नारियल तोड़कर केन कैरियर में सामूहिक रूप से गन्ना डालकर नए पेराई सत्र की शुरुआत की गई।

यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि किसानों के हित मे चीनी मिल काम कर रही है। सभी किसान भाई हमेशा की तरह अपना सहयोग बनाये रखे तथा साफ सुथरे गन्ने की आपूर्ति करें। इस मौके पर यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन, ए.के. पाण्डेय, आरके मिश्रा, पी एस चतुर्वेदी, पीसी गुप्ता, के के तिवारी, सहदेव सिंह, संजीव श्रीवास्तव, संदीप कटियार, अनुराग गुप्ता, खुशहाल सिंह अखिलेश सिंह, धर्मेन्द्र सचान, रितेश दुबे, सी एस बघेल, गोपाल जायसवाल सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

रन फॉर आयुर्वेद का हुआ आयोजन

लखीमपुर खीरी। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार आयुर्वेद दिवस 2023 की थीम आयुर्वेदा फ़ॉर वन हेल्थ की टैग लाइन हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद के रूप में 10 नवम्बर को भगवान धन्वंतरि जयंती एवं धनतेरस के शुभ दिन पर आयुर्वेद दिवस वृहद चिकित्सा शिविर लगाकर मनाया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थित में रन फॉर आयुर्वेद कार्यक्रम ऑफिसर कालोनी में आयोजित किया। रन फॉर आयुर्वेद में सभी ने जन जन को स्वस्थ बनाना हैएआयुर्वेद अपनाना है जैसे नारे लगाते हुए एक साथ दौड़ लगाई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुनीन्द्र प्रताप ने सभी को 10 नवम्बर को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले वृहद आयुष चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए मोटापा, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, थायरॉइड एवं हृदय रोगों से बचाव हेतु आयुर्वेद की उपयोगिता के साथ अपनी दिनचर्या में आयुर्वेद को शामिल करने हेतु प्रेरित किया। धौरहरा सांसद प्रतिनिधि अखिलेश पैलवी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. लोकेंद्र सिंह, योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, एवं पवन अग्रवाल सहित शहर के तमाम नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS TATLPT1815 REG.NO. HR38AF6534-YOM- 2023
2) TATAMOTORS TACEGOLD REG. NO.UP15FT6552 -YOM -2022
3)TATAMOTORS TATAACE REG. NO.DL1LAH9433-YOM -2022
4) ASHOK_LEY AL1615 REG. NO.HR73B3431-YOM- 2022
5) VECVL ECHPRO3018 REG. NO.HR55AQ2554-YOM -2023
6) TATAMOTORS TATAMOTORS REG. NO. DL1LAH7371-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL –raman.ahuja@kotak.com

डीएम ने दीपावली मेले का किया शुभारंभ

● मेल का उद्घाटन करते जिला अधिकारी

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर दीपावली मेले का शुभारंभ किया। डूडा, शाहजहांपुर द्वारा शहीद द्वार टाउन हॉल में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया तथा स्टालों पर उपलब्ध विभिन्न उत्पादों के विषय में जानकारी ली।

प्रबंधक डूडा प्रभाकर मिश्र ने बताया कि दीपावली मेले में पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय लोन उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल लेन देन का प्रशिक्षण प्रदान करना, पथ विक्रेताओं द्वारा निर्मित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनए सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

इस मेले में डिजिटल लेनदेन के अंतर्गत कैशबैक प्राप्त करने वाले पथ विक्रेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा । मेले में पथ विक्रेताओं एवं स्वयं सहायता समूह के परिवारजनों के हेल्थ चेकअप हेतु मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त/परियोजना अधिकारी एसव केव सिंह, शहर मिशन प्रबंधक डूडा प्रभाकर मिश्र, विकास भदौरिया, सामुदियक आयोजक दीपक प्रजापति, अंशुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये करें प्रेरित: डा. पूरन सिंह

● जिला विद्यालय निरीक्षक नें मतदाता जागरूक रैली में प्रतिभाग कर उत्साहबर्धन किया

गोष्ठी को संबोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक व रैली निकालते छात्र छात्रायें।

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

लोकसभा चुनाव से पूर्व 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थी नगर के मतदेय स्थलों पर पहुंच कर विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत मौजूद बीएलओ से नवीन बोट बनवाने और वोटो में संशोधन के लिए अपनी वोटर लिस्ट देखें। कहा कि छात्र छात्राएं मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आसपास के लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करें।

यह बात गुरुवार को नगर स्थित डॉ. जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ने कही। कहा कि देश के सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान करना बेहद जरूरी है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य हाजी मसरूर अहमद ने कहा कि मतदान करना हम सभी का दायित्व है। इससे पूर्व उन्होनें जिला विद्यालय निरीक्षक, शिक्षकों व सैकडों छात्र छात्राओं के साथ विशाल मतदाता जागरूक रैली निकाली। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपने हाथों में स्लोगन लिखे बोर्ड लेकर पहले मतदान बाद में जलपान, आधी रोटी खाएंगे वोट डालने जाएंगे, के नारे लगाकर नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया। मतदाता जागरूक रैली नगर के जीटी रोड से होते हुए तिराहा से वापस विद्यालय परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान मो. निसार, नफीस खॉ, हरिओम, रंजीत सिंह, लोकेन्द्र सिंह, उबैद रिजवी, अताउर्रहमान, मोनिस खॉन, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे वहीं सुरक्षा व्यवस्था में कस्बा प्रभारी अजब सिंह, उपनिरीक्षक कमलेश यादव, कांस्टेबल दीपांशु गंगवार, गजेंद्र सिंह, मोनू कुमार, कौशल, यसपाल आदि मौजूद रहे।

OK PLAY INDIA LIMITED

CIN No: L28219HR1988PLC030347
Regd. Office: 17-18, Roz- Ka-Meo Industrial Estate, Tehsil Nuh, District Mewat, Haryana. – 122103
Website: www.okplay.in **Email:** info@okplay.in **Tel:** 011- 46190000 | **Fax:** 011-46190090

NOTICE OF POSTAL BALLOT AND E-VOTING INFORMATION

The Members of OK Play India Limited ('the Company') are hereby informed that in compliance with the provisions of Section 110 and all other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ('theAct"), read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, General Circular Nos. 14/2020 dated 8th April, 2020, 17/2020 dated 13th April, 2020, 22/2020 dated 15th June, 2020, 33/2020 dated 28th September, 2020, 3912020 dated 31st December, 2020, 10/2021 dated 23rd June, 2021, 20/2021 dated 8th December, 2021 , 3/2022 dated 5th May, 2022 and 11/2022 dated December 28, 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ("MCA Circulars'), Secretarial Standard on General Meetings ('SS-2') issued by the Institute of Company Secretaries of India, Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI LODR") and all other applicable provisions of the Act, law, rules, circulars, notifications and regulations issued thereunder [including any statutory modification(s) or amendment(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force], the Notice is sent for seeking approval of the Members of the Company by Postal Ballot by way of electronic means (remote e-voting), for following Special Business:

1. Sub-division of equity shares from the face valueof Rs. 10/- per share to Rs. 1/- per share
2. Alteration of the capital clause in the Memorandum of Association consequent upon sub-division

The Company has completed the dispatch of the aforementioned Postal Ballot Notice on Thursday, 9th November, 2023 to those Members whose names appear in the Register of members/ Register of beneficial owners maintained by the depositories as on Friday, 3rd November, 2023 (cut-off date) or who have registered their e-mail addresses with the Company/Registrar and Share Transfer Agent ('RTA')/Depository Participant(s).

The physical copies of the Notice along with Postal Ballot forms and pre-paid business reply envelops are not being sent to Members for this Postal Ballot in line with the exemption provided in the MCA Circulars.

The Notice is available on the Company's website at www.okplay.in andwebsite of the Stock Exchange, i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com.

The Company provides the Members the facility to exercise their right to vote by electronic means through e-voting services provided by NSDL. The detailed instructions for e-voting have been provided in the Notice.

The remote e-voting is available during the following period:

Commencement of e-voting	9.00 AM. (IST) on Sunday, 12th November, 2023
Conclusion of e-voting	5:00 PM (IST) on Monday, 11th December, 2023

The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. During this period, Members holding shares either in physical form or in dematerialized form as on Friday, 03rd November, 2023 (cut-off date), may cast their vote by e-voting. Once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up equity share capital of the Company as on the cut-off date i.e. Friday, 03rd November, 2023. A person who is not a member as on the cut-off date should treat this notice for information purpose only.

The Board of Directors of the Company have appointed Mr. Puneet Kumar Pandey, Practicing Company Secretary as the Scrutinizer for conducting the postal ballot process in a fair and transparent manner.

The result of the voting conducted through Postal Ballot along with Scrutinizer's Report will be declared within two (2) working days of the conclusion of the postal balloti.e. on or before Wednesday, 13th December, 2023 and the same would also be intimated to BSE and will also be hosted on the website of the Company and NSDL, i.e. www.okplay.in and www.evoting.nsdl.com respectively.

In case of any queries or issues relating to E-Voting or Postal Ballot, you may refer the frequently Askedquestions ('FAQs) and e-voting manual for shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on 022 - 4886 7000 and 022 - 2499 7000 or send a request to Ms. PallaviMhatre, Senior Manager, NSDL at, evoting@nsdl.co.in. Further, Members may also approach to M/s. MAS Services Limited, RTA of the Company at T-34, 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Dethi-110020, Ph: 011- 26387284/82/83, Fax:- 011- 26387384 or email at investor@masserv.com.

For OK Play India Limited
Sd/-
Meenu Goswami
Company Secretary & Compliance Officer

Place : New Delhi
Date : 09th November, 2023

डेल्टन केबल्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110 002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com, सीआईएन :एल31300डीएल1964पीएलसी004255
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध–वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	अर्द्ध–वर्ष समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	तिमाही समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	9,035.68	16,020.23	5,955.82
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	329.67	485.73	156.07
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	329.52	485.58	156.09
4	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	333.34	460.59	127.27
5	अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं]	334.10	463.58	95.36
6	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक)	864.00	864.00	864.00
7	प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहले) (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक)			
	(क) मूल (रू.)	3.86	5.33	1.08
	(ख) तनुकृत (रू.)	3.86	5.33	1.08

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धान्त और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 में विनिर्दिष्ट किया गया है, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है।
(3) उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 09 नवम्बर, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

कृते एवं हिते बोर्ड
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09–11–2023

सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002, (भारत)
फोन : 91–11–23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही तथा अर्द्ध–वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	पृथक्कृत: अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित	समेकित: तिमाही समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	समेकित: अर्द्ध वर्ष समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित	समेकित: तिमाही समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	0.03	0.03	-	3.19	4.93	1.11
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(0.28)	(1.58)	(1.15)	2.51	1.10	(0.36)
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(0.28)	(1.58)	(1.15)	2.51	1.10	(0.36)
4	अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(0.28)	(1.58)	(1.13)	2.95	44.94	(0.36)
5	अवधि हेतु कुल समावेशी आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा कुल समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है)	87.24	110.29	29.30	450.09	616.25	162.49
6	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर)	24.00	24.00	24.00	24.00	24.00	24.00
7	प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक)						
	(क) मूल (रू.)	(0.11)	(0.66)	(0.47)	1.23	18.72	(0.15)
	(ख) तनुकृत (रू.)	(0.11)	(0.66)	(0.47)	1.23	18.72	(0.15)

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अ–लेखापरीक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। अ–लेखापरीक्षित तिमाही/अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांत और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के अधीन अधिसूचित किया गया है, जैसा कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन विनिर्दिष्ट किया गया है।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 09 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न उनकी बैठक में पुनरीक्षित और अनुमोदित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता./–
विवेक गुप्ता
निदेशक
(डीआईएन : 00035916)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09–11–2023

मोदी-योगी सरकार में हो रहा खेल प्रतिभाओं का सम्मानः सांसद पटेल

● स्टेडियम की हाईटेक जिम का सांसद ने किया शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट

बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में स्पोर्ट्स स्टेडियम में हाईटेक जिम का शुभारम्भ हुआ।

गुरुवार को दीपावली पर्व पर प्रयागराज से बुलाये नृत्यक ने मूंछों में मोमबत्ती बांधकर प्रदर्शन किया। सांसद ने जिम हाल का शुभारम्भ कर खेल प्रेमियों को समर्पित किया। उन्होंने जिम हाल में लगे यंत्रों को देखा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभी तक स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की व्यवस्था नहीं थी, स्टेडियम में आधुनिक जिम स्थापित हो गई है। अत्याधुनिक मशीन लगाई गई है, खेल प्रेमी पंजीयन कराकर शरीर सौष्ठव बना सकते हैं। जिम के अंदर ट्रेडमिल, ओलंपिक सेट, डबल साइकिलिंग, पुलिंग मशीन, स्टनर, इंक्लिन, डिक्लिन बेंच, कर्लिंग मशीन आदि लगी हैं। -स्टेडियम की हाईटेक जिम का सांसद ने किया शुभारंभ

अभ्यास को प्रथम माह पंजीयन शुल्क 12 सौ रुपये, प्रति माह सात सौ रुपये देकर अभ्यास को प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश एक दिसंबर से जिम ट्रेनर उपलब्ध होने पर लिया जा सकता है।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि खेलेगा भारत, स्वस्थ रहेगा भारत। केंद्र व उप्र सरकार खेल-युवाओं के लिए समर्पित है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले का गौरवशाली समय है। जिम में सभी का सहयोग है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की अगुवाई में खेलों में रुझान बढ़ रहा है। सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन कर रहे हैं। बैडमिंटन व अन्य खेलों की शुरुआत हो गई है।

स्वच्छता प्रहरियों को पीएम मोदी ने दिलाया वैश्विक सम्मानः नरेंद्र गुप्ता

चित्रकूट। संदर्भ सेंटर फॉर एंपावरिंग कम्यूनिटी डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन नई दिल्ली के स्थापना दिवस पर कृतज्ञता समारोह का आयोजन कामदगिरि नगर परिक्रमा मार्ग खोही में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने में पीएम मोदी का अहम योगदान है। पीएम ने कुम्भ मेले में स्वच्छता प्रहरियों के चरण धोकर उन्हे वैश्विक सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता कर्मचारियों के द्वारा चित्रकूट धाम कर्वी में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आज परिक्रमा मार्ग चित्रकूट में कार्यरत समस्त स्वच्छता सेवकों को प्रशस्ति पत्र एवं उनकी स्वस्थ्य और सुरक्षा हेतु पीपीई किट का वितरण करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा सीईसीडीआर फाउंडेशन ने अपनी स्थापना की नीव रखी। सीईसीडीआर फाउंडेशन के डायरेक्टर सुमित पयासी आर्येन्द्र कुमार , एवं पंकज मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे

एकमुश्त समाधान योजना बिजली उपभोक्ताओं के लिए दीपावली का उपहारः अधीक्षण अभियंता

● पहले चरण में पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलेगा ज्यादा लाभ

● वेबसाइट पर जाकर कर सकेंगे बिल संशोधन

● बिजली चोरी के मामलों में मिलेगी भारी छूट

संवाददाता। चित्रकूट

लंबे अरसे से एकमुश्त समाधान योजना का इंतजार कर रहे विद्युत विभाग के बकायदारों के लिए एक बार फिर से सुनहरा अवसर आया है। विभाग ने अब फिर से एकमुश्त समाधान योजना को लागू कर दिया है। बिजली उपभोक्ता एक बार फिर एकमुश्त समाधान योजना का लाभ ले सकेंगे। यह योजना 31 दिसंबर तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में लागू की गई है।

विद्युत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता ब्रजेश कुमार ने बताया कि योजना का पहला चरण 30 नवंबर, दूसरा चरण 1 से 15 दिसंबर और तीसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक चलेगा। 30 नवंबर तक ओटीएस में पंजीकरण करवाने वाले उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, निजी नलकूप और औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 फीसदी की छूट दी जाएगी। उपभोक्ताओं को उनके बकाए पर किश्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया गया है। साथ ही चोरी के प्रकरणों में भी राजस्व निर्धारण में छूट दी जाएगी।

एक किलोवॉट तक भार वाले उपभोक्ता को प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज राशि में 100 फीसदी की छूट मिलेगी। वहीं तीसरे चरण में 80 फीसदी की छूट मिलेगी। इसी तरह प्रथम एवं द्वितीय चरण में 12 किस्तों में भुगतान पर सरचार्ज में 90 प्रतिशत और तृतीय चरण में 70 फीसदी की छूट मिलेगी। एक किलोवॉट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भुगतान के दो विकल्प दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर तक बकाए का पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज में 90 फीसदी की छूट, तीन किस्तों में भुगतान पर 80 फीसदी की छूट और छह किस्तों में भुगतान पर 70 फीसदी की छूट मिलेगी।

एक से 15 दिसंबर तक पूर्ण भुगतान पर 80 फीसदी की छूट, तीन किस्तों में भुगतान पर 70 फीसदी और छह किस्तों में भुगतान पर 60 फीसदी की छूट, 16 दिसंबर के बाद पूर्ण भुगतान पर 70 फीसदी की छूट, तीन किस्तों में भुगतान पर 60 फीसदी और छह किस्तों में भुगतान पर 50 फीसदी की छूट मिलेगी।

एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में नगर में चली छापामार कार्रवाई

संवाददाता। जालौन, उरई

एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में नगर में खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई, खोया, पनीर आदि की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें आधा दर्जन दुकानों से सैंपुल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। त्यौहारी सीजन में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। मिलावटी मसाले से लेकर मिलावटी खोया और मिठाइयों आदि की भी बिक्री की जाती है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ को रोकने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम के नेतृत्व में खाद्य विभाग टीम ने नगर में मिलावटखोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया है। टीम ने इस दौरान टीम ने मिठाई की दुकान, पनीर, खोया आदि बेचने वाली आधा दर्जन दुकानों से मिठाई, खोया, पनीर, रबड़ी आदि का नमूना लिया।

खाद्य विभाग की टीम की इस कार्रवाई से बाजार खाद्य पदार्थों की कई दुकानों में शटर डल गयी और टीम के जाने का इंतजार करने लगे। चेकिंग अभियान के बाद एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि मिलावट रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा।

सजावटी मालाओं से गुलजार हुआ बाजार, बढ़ी मिट्टी के दीयों की मांग

संवाददाता। जालौन, उरई

दीपावली पर्व को लेकर बाजार में चाइनीज झालरों के अलावा सजावटी मालाएं और अन्य सामान भी नजर आ रहे हैं। दीयों की भी भरमार है। दीपावली के पर्व को लेकर बाजार सज चुका है। बाजार में भी दुकानदार दीपावली को लेकर विशेष तैयारियां करते हैं। धनतेरस पर बिक्री के लिए इलैक्ट्रिक की दुकानें, बर्तन, सराफा और जनरल स्टोर, सजावटी सामान की दुकानें सामान से भर चुकी हैं। इलैक्ट्रिक झालर, घंटी, फूल, मलाएं, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां और पोस्टर आदि की दुकानें भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। दीपावली का पर्व नजदीक ही है। बाजार में सजी दुकानों को देखकर ग्राहक भी आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनने लगती है। बाजार में भीड़ को देखकर दुकानदारों को उम्मीद है कि इस बार धनतेरस और उसके बाद बिक्री बढ़ेगी। इस बार बाजार में काफी रौनक नजर आ रही है।

मंडलायुक्त का आदेश भी नहीं दिला पाया लाभार्थियों को आवास

संवाददाता। कदौरा, जालौन

शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना में किस कदर ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार मनमानी कर रहे हैं। इसकी बानगी क्षेत्र के इकौना गांव में देखने को मिली, जहां मंडलायुक्त झांसी के आदेशों को ताक में रखकर फर्जी रिपोर्ट लगाने से भी नहीं चूके।

जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा लाभार्थियों को फिर ठंड में परिवार के साथ रातें गुजारनी पड़ेगी। गांव के बऊअन कहते है कि वह और उनकी पत्नी सुमन और पांच बच्चे घासफूस की झोपड़ी में रहकर गुजारा करते है। शिकायत करते करते वह थक गए है, कोई नहीं सुनता है, जो पैसा देता है, सरकारी लाभ उन्ही को मिलता है। गांव की ही विधवा फुलझर देवी कहती है कि उनके चार पुत्र है, मकान बरसात में गिर गया है, पुत्र का नाम आवास सूची में था, पैसे न देने पर साहब ने काट दिया है। पैसे वालो को लाभ आसानी से मिल जाता है, कमोबेश यही हाल पप्पू, गिरिजा देवी, राजू, अजय कुमार, हरीशंकर, बबली देवी और सुनीता का है।

जिनके नाम तो सूची में थे, लेकिन सिर्फ सुविधा शुल्क न देने के एवज में काट दिए गए। प्रधान उषा देवी ने बताया कि टीम जांच के लिए आई थी। टीम ने क्या रिपोर्ट सौंपी यह उनकी जानकारी में नहीं है। गौरतलब है कि ब्लॉक क्षेत्र के इकौना गांव के आधा दर्जन से अधिक लाभार्थियों ने नौ माह पूर्व आवास सूची से नाम काटने का आरोप लगा कर शिकायत की थी। शिकायत पर मंडलायुक्त झांसी ने जिला प्रशासन को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तत्कालीन डीएम चांदनी सिंह ने एडीओ आईएसबी अजय कुमार की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी थी। परंतु अब तक काई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

बांदा में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का हो रहा खुला उल्लंघन

संवाददाता। बांदा

वर्तमान समय में बांदा नगर के कंवारा खंड 5 द्वारा खनिज की सारी सीमाएं तोड़कर किसान स्कूली बच्चों की दुर्दशा हो रही है। बंजर तथा पोकलैंड की लगभग एक दर्जन मशीन नदी में भयंकर तरीके से कर रही हैं अवैध खनन ,वैध खदान होकर भी सूर्य डूबने के उपरांत हो जाती हैं।

पट्टा धारक खनिज अधिकारी को अपने बंध पत्र में यह लिखकर देता है कि मैं सुरस्त होने के बाद खनन नहीं करूंगा। लेकिन वह खनन रात्रि में ही करता है क्योंकि उसे अपने एरिया से छोड़कर बाहर खनन करना है हालांकि ओवरलोड साथ में बालू के पानी को भी ट्रक में लोड किया जाता है क्योंकि एक पोकलैंड बीच नदी से 40 फीट नीचे तक जाकर बालू निकलती है। जॉकी एनजीटी के नियमावली के अनुसार 3 फीट से ज्यादा नदी में नीचे नहीं खोद सकते। धर्म कांटे का जो इस्तेमाल खनिज विभाग लखनऊ से जुड़े होने की बात कहता है। वह सरासर गलत है क्योंकि ओवरलोड गाड़ियां लगातार जा रही हैं, जिससे पूरे प्रदेश की सड़क खराब हो रही है।

इसका जीता जागता उदाहरण बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में मिल जाएगा तथा कानपुर जीटी रोड कानपुर बहराइच जीटी रोड बांदा नेशनल हाईवे बनारस बांदा टू महोबा बांदा टू लखनऊ सभी जगह एक साइड की सड़क खराब हो गई है। आपको बताते चलें कि बांदा जनपद में बालू का कारोबार काफी जोर जोर से चल रहा है इसमें बालू व्यवसाय अपने एनजीटी के नियमों का खनिज नियमों का शासनादेशों के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

पेज एक का शेष

महुआ मोइत्रा...

मोइत्रा ने फोन पर दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, भले ही वे मुझे लोकसभा से निष्कासित कर दें, मैं अगली लोकसभा में बड़े अंतर से जीतकर आऊंगी। मोइत्रा ने कहा कि यह एक कंगारू अदालत का पहले से फिक्स मैच है जिसमें हैरानी की कोई बात नहीं है। लेकिन देश के लिए बड़ा संदेश यह है कि भारत के लिए यह संसदीय लोकतंत्र की मृत्यु है। उन्होंने साफ किया कि सिफारिश को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और इसे संसद के शीतकालीन सत्र में लिया जाना चाहिए। आचार समिति के पांच विपक्षी सदस्यों ने अपने असहमति नोट में कहा है कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के निष्कासन की सिफारिश पूरी तरह से राजनीतिक कारणों से की गई है और इससे आने वाले समय में एक खतरनाक परिपाटी कायम होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। समिति में शामिल एन उत्तम कुमार रेड्डी और वी वैथिलिंगम, बसपा के दानिश अली, जनता दल (यूनाइटेड) के गिरधारी यादव और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. नटराजन ने असहमति के नोट दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी सदस्यों ने अपने असहमति के नोट में यह दावा भी किया कि जांच की यह प्रक्रिया एक दिखावा और कंगारू अदालत की कार्यवाही की तरह है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपनी सांसद महुआ मोइत्रा का बृहस्पतिवार को पुरजोर समर्थन किया। तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि जो भी सरकार से सवाल करता है, उसे केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा 'परेशान' किया जाता है। टीएमसी ने मोइत्रा के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए, इस कदम को 'प्रतिशोध की राजनीति' करार दिया और भाजपा पर केंद्र सरकार की आलोचना करने वाली आवाजों को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। बनर्जी राज्य में कथित स्कूल नौकरी घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने यह सवाल भी किया कि मोइत्रा के खिलाफ आरोप साबित होने से पहले ही संसद की एक समिति उनके खिलाफ कार्रवाई करने पर विचार कैसे कर सकती है। बनर्जी ने सवाल किया, जो कोई भी अडाणी मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछ रहा है, उसे परेशान किया जा रहा है। लोकसभा की आचार समिति महुआ मोइत्रा के खिलाफ आरोप साबित होने से पहले ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई कैसे कर सकती है? टीएमसी पार्टी ने मोइत्रा का अब तक सीधा बचाव नहीं किया है और एक समय तो यहां तक कहा था कि वह इस मुद्दे पर आचार समिति की रिपोर्ट का इंतजार करेगी। बनर्जी ने मोइत्रा के बचाव का नेतृत्व करते हुए उनके निष्कासन की सिफारिश की आलोचना की और कहा कि मोइत्रा खुद का बचाव करने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने आचार समिति के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर उनके पास कोई सबूत नहीं है, तो वह निष्कासन की सिफारिश कैसे कर सकते हैं? यह प्रतिशोध के अलावा और कुछ नहीं है। लोग इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं। कथित दोहरे मानकों को उजागर करते हुए, बनर्जी ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की विवादास्पद टिप्पणियों की ओर इशारा किया, और उनके मामले में आचार समिति द्वारा कार्रवाई की कमी का उल्लेख किया। बनर्जी ने कहा, समिति ने अभी तक भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है, लेकिन विपक्षी सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करने में बहुत तत्पर है, जो सरकार और उसकी नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने समिति के चयनात्मक दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कई भाजपा सांसद हैं जिनके खिलाफ विभिन्न मामले लंबित हैं, लेकिन सुनवाई कभी निर्धारित नहीं होती है। आज बनर्जी के स्पष्ट समर्थन से यह संकेत मिलता है कि टीएमसी सांसद मोइत्रा के लिए आगे की लड़ाई में अपना पूरा समर्थन देगी। टीएमसी नेता एवं मंत्री शशि पांजा ने समिति की आलोचना करते हुए दावा किया कि इसने किसी अपराध के साबित होने से पहले निर्णय घोषित करके 'सबसे अनैतिक और प्रतिशोधपूर्ण तरीके से' काम किया है। टीएमसी के राज्यसभा सदस्य एवं प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जवाहर सरकार ने सवाल किया, ऐसा कैसे है कि मोइत्रा की निंदा करने वाली आचार समिति की रिपोर्ट स्वीकार करने से पहले सभी को इसके बारे में जानकारी थी? लोकसभा अध्यक्ष को मामले की जांच करनी चाहिए। उन्होंने निष्पक्ष जांच की कमी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, यदि आदेश बहुमत से है, निष्पक्ष सुनवाई से नहीं, तो आचार समिति क्यों है? पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए समिति की सिफारिश का समर्थन किया। उन्होंने मुद्दे की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा, एक सांसद किसी व्यावसायिक घराने के साथ अपनी लॉगिन आईडी कैसे साझा कर सकता है? यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और आचार समिति ने सही निर्णय लिया है।

अयोध्या में...

की मदद से जिला स्तर पर संयंत्र लगाने का प्रस्ताव भी मंजूर किया। मंत्रिमंडल ने राज्य में ड्रोन नीति लागू करने को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा, इस नीति के तहत पास के पुलिस थाना में ड्रोन का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, बैठक में विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से कराने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के लिए सरयू नदी के तट पर स्थित रामकथा मंडप पहुंचने से पूर्व योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडलीय साथी आज सुबह अयोध्या पहुंचे एवं हनुमान गढ़ी मंदिर गए और फिर राम मंदिर गए और पूजा अर्चना की। लखनऊ से बाहर मंत्रिमंडल की बैठक एक दुर्लभ आयोजन है। इससे पूर्व, पहली बार प्रयागराज में 2019 के जनवरी में कैबिनेट की बैठक हुई थी। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा, 'ऐतिहासिक क्षण को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह दिन ऐतिहासिक है और हम, इस देश और प्रदेश की आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आदरणीय योगी जी को बधाई और राज्य के लोगों को बहुत धन्यवाद। आज की बैठक अयोध्या के विकास को समर्पित। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के मुताबिक तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का निर्माण दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा और 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

कांग्रेस को...

उन्हें भूल जाते थे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रोकने के लिए भगवान राम को काल्पनिक चरित्र बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का भी विरोध किया था। उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का भी विरोध किया था। वह भारतीय भाषाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई का भी विरोध करती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए स्वार्थ सर्वोपरि है, भले ही उसके लिए देश को भुगतान करना पड़े। उन्होंने कांग्रेस पर महिला आरक्षण विधेयक को लंबे समय तक दबाए रखने, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं देने और तीन तलाक निषेध कानून का विरोध करने का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने कल्याणकारी योजनाओं में तब तक देरी की या उन्हें बंद कर दिया जब तक कि पार्टी नेताओं के खजाने नहीं भर गए। उन्होंने कहा कि ऐसी कई परियोजनाएं हैं जिन्हें अब भाजपा सरकार पूरा कर रही है। कांग्रेस को किसानों के खेतों की नहीं बल्कि अपनी वोट की फसल की चिंता है। मोदी ने विपक्षी दल पर मुफ्त बिजली जैसी बड़ी चुनावी घोषणाएं करके मीठा जहर देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सूरज और चांद लाने का वादा करती है तो आपको समझ जाना चाहिए कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब भी बड़े-बड़े वादे करती है तो मान लीजिए कि वह मीठा जहर देने की तैयारी में है, ऐसा कई राज्यों में हुआ है। मोदी ने कहा, एक राज्य में, कांग्रेस ने मुफ्त बिजली का वादा किया था और लोगों ने कांग्रेस पर भरोसा किया, लेकिन जैसे ही सरकार बनी, उसने बिजली की कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया। भीषण बिजली कटौती हुई, नतीजा यह हुआ कि उद्योग-धंधे चौपट हो गए और लोगों की नौकरियां छूटने लगीं। अब गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं एक-एक कर बंद की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को जहां भी सत्ता मिलती है, वह विनाश ही लाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास एक पंजा (हाथ, पार्टी का चुनाव चिन्ह) है जिसका उपयोग केवल गरीबों से चीजें छीनने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, हमें कांग्रेस के पंजे से खुद को और मध्य प्रदेश को बचाना है। नीमच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए हमेशा फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में नए रिकॉर्ड बनाने और विपक्षी दल पर उन विदेशी तत्वों के साथ खड़े होने का आरोप लगाया, जो खुलेआम भारत के खिलाफ साजिश रचते हैं। मोदी ने दावा किया कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के लिए भगवान राम एक काल्पनिक चरित्र हैं। मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र के नीमच जिले में भाजपा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा देश के लिए समस्याएं पैदा की हैं और उसके पास इनका कोई समाधान नहीं है। उसने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर देश पर शासन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना में कहा कि मध्य प्रदेश में मतदाताओं का प्रत्येक वोट 'त्रिशक्ति' से भरा है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मध्य प्रदेश में फिर से सरकार बनाने में, केंद्र में प्रधानमंत्री को मजबूत करने में और प्रदेश में 'भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारी योजनाओं के करोड़ों फर्जी लाभार्थी बनाए थे जिन्हें केंद्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा हटाया गया। सतना में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर बनाए हैं, लेकिन उन्होंने अपने लिए एक भी घर नहीं बनाया है।

पाकिस्तानी गोलीबारी...

पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया था, जिसे देर रात करीब एक बजे इलाज के लिए केंद्र में लाया गया। जेरडा के ग्रामीण मोहन सिंह भट्टी ने बताया कि गोलाबारी रात करीब 12.20 बजे शुरू हुई, जिसने बाद में व्यापक रूप ले लिया। उसने कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी के कारण डर का माहौल व्याप्त है। इससे पहले, 28 अक्टूबर को पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा पर लगभग सात घंटे तक भारी गोलीबारी की थी, जिसमें एक महिला और बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए थे। वहीं, 17 अक्टूबर को अरनिया सेक्टर में पाकिस्तान रेंजर्स की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक, 25 फरवरी 2021 को दोनों पक्षों के संघर्ष-विराम समझौते पर दस्तखत करने के बाद से यह उल्लंघन की छठी घटना है।

लिंगायत ने...

रहे हैं कि यह जाति जनगणना नहीं है, शिवशंकरप्पा ने कहा कि हां, यह एक सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण है; यह जाति जनगणना नहीं है। इसलिए नई जाति जनगणना होने दीजिए। यह पूछे जाने पर कि क्या संयुक्त आंदोलन होगा, वोक्कालिगा भी सर्वेक्षण से असहमत हैं, उन्होंने कहा, 'देखते हैं... हम भविष्य में आंदोलन के बारे में फैसला करेंगे। जब यह बताया गया कि सरकार को इस महीने कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी, तो लिंगायत नेता ने कहा, 'उन्हें रिपोर्ट मिलने दीजिए...लेकिन इसे स्वीकार या प्रकट नहीं किया जाना चाहिए।' कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के.जयप्रकाश हेगड़े ने पिछले महीने कहा था कि वह नवंबर में राज्य सरकार को जाति जनगणना रिपोर्ट सौंपेंगे।

अमेरिकी गायिका...

उम्मीदवारी की घोषणा करनी चाहिए। अगर मैं भारत की नागरिक होती तो मैं बिहार चली जाती और मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ती। मिलबेन ने कहा, धार्मिक पवित्र धर्मग्रंथों में रानी एस्तेर को उसके चचेरे भाई मोर्दकै ने अपने यहूदी लोगों को बचाने में मदद करने के लिए साहसपूर्वक अपने पति राजा के पास जाने की सलाह दी थी। मोर्दकै ने एस्तेर से कहा कि किसको पता है कि एस्तेर राज्य में आई है, रानी बनी है, ऐसे समय के लिए? 'मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि नीतीश कुमार इस्तीफा दें और बिहार में एक एस्तेर पैदा हो। अफ्रीकी-अमेरिकी गायक ने आग्रह किया कि आप बिहार के लोग, भारत के लोगों में बदलाव के लिए एक महिला को वोट करने की शक्ति है। नमस्ते। मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान मिलबेन ने भारत का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने प्रधानमंत्री के पैर छुए और भारतीय राष्ट्रगान, 'जन गण मन' गाया। यह बताते हुए कि वह मोदी का समर्थन क्यों करती हैं, मिलबेन ने कहा कि उत्तर सरल है। मैं भारत से प्यार करती हूं... और मेरा मानना ??है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत और भारतीय नागरिकों की प्रगति के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। वह अमेरिका-भारत के लिए सबसे अच्छे नेता हैं। रिश्ते और दुनिया की वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए...प्रधानमंत्री महिलाओं के लिए खड़े हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। उनकी टिप्पणियों की विपक्ष और महिला समूहों ने आलोचना की। अपनी टिप्पणी पर हंगामा मचने के बाद कुमार ने बुधवार को माफी मांगी और कहा कि वह अपने शब्द वापस ले रहे हैं। हालांकि, मोदी ने कुमार पर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य विधानसभा में अपशब्द कहे गए और इसमें कोई शर्म की बात नहीं है। मध्य प्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने बिहार के सीएम का नाम नहीं लिया, लेकिन मंगलवार को की गई उनकी टिप्पणियों का जिक्र किया।

इजराइल नागरिकों की रक्षा करे : मैक्रों

● गाजा सहायता सम्मेलन का उद्घाटन किया

भाषा। पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को इजराइल से नागरिकों की रक्षा की अपील करते हुए गाजा सहायता सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि सभी के जीवन का मूल्य समान है। पेरिस में आयोजित सम्मेलन में पश्चिमी देशों और अरब देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र और अंतर-सरकारी संगठनों के अधिकारी भाग ले रहे हैं।मैक्रों प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन में इजराइल के अधिकारी भाग नहीं ले रहे। मैक्रों ने कहा कि बिना नियमों के आतंकवाद से लड़ाई कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, नागरिकों की रक्षा की जानी चाहिए। यह अत्यंत आवश्यक है। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। उन्होंने हमास के खिलाफ इजराइल के अभियान में मानवीय आधार पर विराम का आह्वान करते हुए कहा कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला करके फलस्तीनियों को भयावह परिणाम भुगतने के लिए छोड़ने की जिम्मेदारी हमास की है।मैक्रों ने कहा, हम सभी के लिए आतंकवाद का जाल एक समान है : हिंसा में झोंकना और हमारे मूल्यों को छोड़ देना।उन्होंने कहा, सभी के जीवन का मूल्य समान है और उन लोगों के लिए दोहरे मानदंड नहीं चल सकते जो सार्वभौमिक और मानवतावादी मूल्यों के साथ हैं। गाजा की करीब 70 प्रतिशत जनसंख्या या 15 लाख से अधिक लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं और फलस्तीनी क्षेत्रों में संकट से निपटने के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की जरूरत है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स को गाजा के लिए एक मानवीय समुद्री गलियारे के लिहाज से अपनी योजना पेश करनी थी, जिसके बारे में उन्होंने कहा है कि इसका उद्देश्य तत्काल, मध्यम और दीर्घकालिक रूप से गाजा को मानवीय सहायता का निरंतर, सुरक्षित उच्च मात्रा में प्रवाह करना है। फ्रांस के अधिकारियों ने कहा कि वे घायलों को गाजा के तटों के पास भूमध्य सागर में स्थित पोत अस्पतालों में पहुंचाने पर विचार कर रहे हैं।

इजराइल आम नागरिकों की निकासी के लिए प्रतिदिन चार घंटे के लिए हमले रोकने को सहमत : अमेरिका

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा कि इजराइल बृहस्पतिवार से उत्तरी गाजा मे हमास पर अपने हमले प्रतिदिन चार घंटे के लिए रोकने को तैयार है ताकि आम नागरिकों की निकासी सुनिश्चित हो सके। बाइडन प्रशासन ने कहा कि अमेरिका ने गाजा मे आम नागरिकों की एक बार फिर सुरक्षित निकासी के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार के आह्वान के दौरान इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से प्रतिदिन संघर्षविराम के लिए कहा था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजराइल ने प्रतिदिन चार घंटे तक हमले रोकने की प्रतिबद्धता जताई है। इजराइल आम लोगो के उन क्षेत्रो से निकलने के लिए एक दूसरा गलियारा भी खोल रहा है, जो हमास के खिलाफ उसके सैन्य अभियान का वर्तमान केंद्र बिंदु है। बाइडन ने कहा कि उन्होंने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगो की रिहाई पर बातचीत के दौरान इजराइल से तीन दिनो से अधिक समय तक हमले रोकने के लिए कहा था। हालांकि, उन्होने कहा कि सामान्य संघर्षविराम की कोई संभावना नही है।

अमेरिका : कम से कम 10 भारतीय-अमेरिकियों ने राज्य और स्थानीय चुनाव जीते

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में कम से कम 10 भारतीय-अमेरिकियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए स्थानीय व राज्य स्तर के चुनावों में जीत हासिल की है। इनमें से ज्यादातर भारतवंशी डेमोक्रेट पार्टी से संबंधित हैं। यह जीत अमेरिका की राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते दबदबे को दर्शाती है।हैदराबाद में जन्मी गजाला हाशमी लगातार तीसरी बार वर्जिनिया की सीनेट के लिए निर्वाचित हुई हैं। वह वर्जीनिया की सीनेट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी और मुस्लिम महिला थीं।वहीं, सुहास सुब्रमण्यम भी वर्जीनिया की सीनेट के लिए फिर से चुने गए हैं। ह्यूस्टन में जन्मे सुब्रमण्यम पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी नीति सलाहकार रहे थे। वह वर्जीनिया हाउस के लिए निर्वाचित होने पहले हिंदू हैं। व्यापार क्षेत्र के दिग्गज कन्नन श्रीनिवासन भारतीय-अमेरिकियों के प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए चुने गए हैं। श्रीनिवासन 90 के दशक में भारत से अमेरिका पहुंचे थे। वर्जीनिया में जीत हासिल करने वाले सभी तीन विजेता डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हैं। वहीं, न्यू जर्सी से भी तीन भारतीय-अमेरिकियों ने जीत हासिल की है। न्यू जर्सी में भारतीय-अमेरिकी विन गोपाल और राज मुखर्जी राज्य सीनेट के लिए चुने गए हैं।

भारत को ब्रिटेन सुरक्षित देशों की अपनी सूची में शामिल करेगा

भाषा। लंदन

ब्रिटेन सरकार ने भारत को सुरक्षित देशों की विस्तारित सूची में शामिल करने की योजना पेश की है, जिससे देश से अवैध रूप से यात्रा करने वाले भारतीयों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो जाएगी और ब्रिटेन में शरण मांगने की उनकी संभावना खत्म हो जाएगी। बुधवार को हाउस ऑफ कॉमंस में रखे गए मसौदा कानून में भारत और जॉर्जिया को सूची में जोड़े जाने वाले देशों के रूप में शामिल किया गया है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य देश की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करना और सुरक्षा संबंधी निराधार दावे करने वाले लोगों को प्रणाली का दुरुपयोग करने से रोकना है। देश की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा, हमें सुरक्षित देशों से ब्रिटेन की खतरनाक और अवैध यात्रा करने वाले लोगों को रोकना चाहिए।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अरुण कुमार मंडल/ सीमा सिंह/ LBFDB00005124694	फ़्लैट नंबर-बी-1402, टॉवर-बी, फ़्लोर-14, मलबेरी काउंटी, सेक्टर 70, फ़रीदाबाद/ नवंबर 04, 2023	जून 23, 2021 रु. 49,43,604/-	दिल्ली/ एन.सी.आर.

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 10, 2023
स्थान : दिल्ली/एन.सी.आर.

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

हैरिस ने अपने आवास पर पर्व से पहले ही दिवाली मनाई

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने आधिकारिक आवास पर दिवाली मनाई और इस दौरान उन्होंने मेहमानो से कहा कि प्रकाश के इस त्योहार को मनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया आज इजराइल और हमास के बीच युद्ध के चलते कठिन और अंधकार के दौर से गुजर रही है।

PUBLIC NOTICE

Whereas, Late Mr. Sashi Kant Seth S/o Mr. Ishwar Chander Seth, was the owner of the Residential Plot No. 168, Block M, area admeasuring around 210 Sq. Mtrs., in the residential colony known as South City situated in Villages Silokhera, Jharsa, Tehsil and District Gurugram, Haryana.

Whereas, a Will dated 04.10.2006, was executed by Mr. Shashi Kant Seth in favour of his wife Mrs. Sangeeta Seth which is registered with the office of the Sub-Registrar V, Delhi as document no 7541, whereby, he bequeathed all his movable and immovable property in favour of his wife.

Whereas, Mr. Shashi Kant Seth died on 16.05.2017.

Whereas, by virtue of the said WILL dated 04.10.2006, Mrs. Sangeeta Seth became the owner of the aforesaid Property.

Whereas, Mrs. Sangeeta Seth intends to Sell the aforesaid property to Mr. Rajiv Kumar Kasturia and Mrs. Anu Kasturia.

Any person who has any objection regarding the Sale of the said property by Mrs. Sangeeta Seth, may submit his/her objection within 7 days from the date of the Notice in writing. The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail.

Priy Mitra Gaur (Advocate)
Trinity Legal Partners
C-401, Fourth Floor, Nirvana Courtyard, Nirvana Country, Sector-50, Gurugram-122018
E: priymitra@trinitylegalpartners.com

ब्रिटेन के पीएम सुनक, उनकी पत्नी अक्षता ने डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली के दीए जलाए

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) पर एक विशेष समारोह में दिवाली के दीपक जलाए। इस समारोह में कई भारतीय प्रवासी, सांसद, उद्यमी और बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। सुनक के ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के एक साल पूरे करने के मौके पर 10 डाउनिंग स्ट्रीट को बुधवार शाम गेंदे के फूलों और मोमबत्तियों से सजाया गया। दिवाली मनाते समय सुनक ने उस शानदार पल को याद किया, जब वह भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सुनक ने कहा, दिवाली हम सभी के लिए और हमारे परिवारों के लिए एक शानदार पर्व है, लेकिन मेरे लिए यह पिछले साल इस अवधि में प्रधानमंत्री बनने की अद्भुत यादों को भी ताजा कर देता है। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत, कुछ वास्तविक प्रगति और निश्चित रूप से ऐसी यादों का साल रहा है, जो जीवनभर मेरे साथ रहेंगी...। भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत जाना और विश्व मंच पर भारत के लिए इस बड़े पल के दौरान मोदी जी के साथ रहना एक अविश्वसनीय क्षण था। सुनक ने कहा, वह हम सभी के लिए बहुत खास पल था, क्योंकि हमने देखा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में विकास के लिहाज से क्या हुआ है। यह हर किसी के लिए गर्व का पल था। यह एक अविश्वसनीय सफलता थी।

पाकिस्तान में भारी स्मोग के चलते हज़ारों लोग बीमार पड़े, स्कूल, बाजार बंद

लाहौर। पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर के ऊपर जहरीले धुएं की चादर ने हजारो लोगो को बीमार कर दिया है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री छोटू ने ग्राम अछरौडा, परगना और तहसील और जिला मेरठ यूपी में स्थित प्लॉट नंबर 64 पर बने मकान, एरिया परिमाप 59.22 वर्ग गज यानी 49.51 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 166 में से, बिक्री विलेख दिनांक 12.07.2005 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री बाली सेव हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहे हैं। श्री छोटू ने बिक्री विलेख दिनांक 20.05.2003 पुस्तक सं. 01 खंड सं. 2088 पृष्ठ 337/344 क्रमांक सं. 5252, को खो दिया है जिसकी सूचना श्री छोटू ने 08.11.2023 को मेरठ पुलिस को दी है एलआर नंबर 20230000757598 है और यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज़ मिले या उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रभुन लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफ/एफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 8130200837

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ओम वती पत्नी श्री बल राम सिंह ने ग्राम हैबतपुर, परगना और तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित एरिया परिमाप 70 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट, खसरा नंबर 56ख में से, श्री संजय पुत्र श्री अटरू से खरीद रही है, जो राजस्व के रिकॉर्ड के अनुसार फसली वर्ष 1427-1432 से शुरु होने वाली खतौनी के माध्यम से खसरा नंबर 56ख में से निकाली गई एरिया परिमाप 1.1640 हेक्टेयर भूमि के सह-मालिकों में से एक है। और उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वित्त और बंधक भी होना है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/ हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी
प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

RAMPUR FERTILIZERS LIMITED

Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur 244 901 (U.P.)
CIN: L15136UP1988PLC010084
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / HALF YEAR ENDED ON 30 SEPT., 2023.

(Rs. In Lacs)

S. No.	Particulars	Standalone Results				Consolidated Results	
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter ended	Year ended
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
		30.09.2023	30.06.2023	30.09.2022	31.03.2023	30.09.2023	31.03.2023
1	Total Income from Operations	547.86	630.56	866.48	3230.04	547.86	3230.04
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional items)	-26.75	-53.75	-70.91	-331.54	-26.75	-331.54
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	-28.62	-53.75	-70.91	-331.54	-28.62	-331.54
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax	-28.62	-53.75	-113.86	-338.2	-28.62	-338.2
5	Net Profit after comprehensive income	-30.18	-53.75	-105.65	-345.54	-30.18	-345.54
6	Net Profit / (Loss) after taxes, & Share of Profit / (Loss) of Associates	-30.18	-53.75	-105.65	-345.54	-3.43	-334.75
7	Paid up Equity Share Capital	494.82	494.82	494.82	494.82	494.82	494.82
8	Earnings/(loss) per share (of Rs. 10/- each) (not annualised, in Rs.) for continuing and discontinuing operations. Basic / Diluted	-0.61	-1.09	-2.14	-6.83	-0.07	-6.77

NOTES:

1 The above is an extract of the financial results for the quarter / half year ended on 30th Sept. 2023 filed with the stock exchanges under "regulation 33 of SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full Financial results for the quarter ended 30th Sept. 2023 are available on "www.msei.in, www.cse-india.com and www.rampurfert.com.

By order of the Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

Place : Rampur
Date : 09/11/2023

टू प्लस टू वार्ता का मकसद सुरक्षा सहयोग को गहरा करना: अमेरिकी विदेश विभाग

भाषा। वाशिंगटन

नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों के बीच इस हफ्ते प्रस्तावित महत्वपूर्ण बैठकों से पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर 10 नवंबर को अपने अमेरिकी समकक्षों लॉयड ऑस्टिन और टोनी ब्लिंकन की मेजबानी करेंगे। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारी गहरी साझेदारी है। वह (ब्लिंकन) टू प्लस टू सुरक्षा वार्ता के लिए रक्षा मंत्री ऑस्टिन के साथ भारत जाएंगे। इसलिए मुझे उम्मीद है कि सुरक्षा सहयोग और साझेदारी को गहरा करना निश्चित रूप से उन विषयों में शामिल होगा, जिन पर चर्चा की जाएगी। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह कुछ ऐसा है, जिसे इस वर्ष की शुरुआत में प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान स्पष्ट रूप से उठाया गया था। मुझे पता है कि मंत्री वहां जाने और अपने समकक्षों के साथ इस पर सीधे बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।

भारत साझेदार रहा है : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि भारत हमेशा से अमेरिका का प्रमुख रणनीतिक साझेदार रहा है और अब यह नई दिल्ली को तय करना है कि मध्य-पूर्व सहित दुनिया के किसी भी कोने मे किसी विशेष संकट या आकस्मिक स्थिति पर उसका क्या रुख होगा।व्हाइट हाउस मे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मे रणनीतिक संवाद के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, भारत एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आए थे, तब आप इस बात को अच्छे से देख और महसूस कर चुके है।

ऋण वसूली

न्यायाधिकरण-I, दिल्ली चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओ.ए. सं. 963/2022

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
विरूद्ध
सरताज खान खान

सेवा में,

(1) सरताज खान खान डी/डब्ल्यू/एस/ओ - मोहम्मद इस्लाम एच नंबर सी-81, गली नंबर 11/6, ब्लॉक-सी, चौहान बांगल, दिल्ली-110053 नॉर्थ ईस्ट, दिल्ली-110053
(2) सोफिया खान एच नंबर सी-81, गली नंबर 11/6, ब्लॉक-सी, चौहान बांगल, दिल्ली-110053
(3) मैसर्स सुपरटेक लिमिटेड पंजी. कार्यालय 1114, 11वां तल, हेमकुंट चैम्बर, 89, नेहरू प्लेस, दिल्ली-110019

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरूद्ध रू. 32,56,705/- (रूपए बत्तीस लाख छप्पन हजार सात सौ पांच मात्र) की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 28-11-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे विद्वान रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011-23748473)। ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :- (i) सभी अधिवक्ता/विवादी "Cisco Webex" ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ; (ii) रजिस्ट्रार/वसूली अधिकारी-I/तथा वसूली अधिकारी-II द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु "Meeting ID" तथा "Password" अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः "drt.gov.in" पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। (iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011-23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 15 जुलाई, 2023 को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा,
सहायक रजिस्ट्रार

प्रतिवादी आगे पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।
श्री अमित के. डार, विद्वान रजिस्ट्रार, डीआरटी-I, फोन नंबर 011-23748473

ग्रैमी अवॉर्ड के पूर्व सीईओ के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक महिला ने ग्रैमी अवार्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नील पोर्टनाउ के खिलाफ 2018 में उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। महिला ने रिकॉर्डिंग अकादमी पर मामले की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उसे भी अदालत में घसीटा है। इस महिला का नाम जाहिर नहीं किया गया है। उसने वयस्क उत्तरजीवी अधिनियम के तहत मैनहट्टन में प्रांतीय शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में महिला को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त एक संगीतकार बताया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह 2018 की शुरुआत में पोर्टनाउ से मिली थी और साल के अंत में उनका साक्षात्कार लेने के लिए न्यूयॉर्क के एक होटल में मिलने पर सहमति जताई थी। महिला के मुताबिक, मुलाकात के दौरान पोर्टनाउ ने उसे नशीला पदार्थ मिला पेय पिलाया और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया।

व्यवसाई तरुण गुलाटी लंदन के भारतीय मूल के पहले मेयर बनना चाहते हैं

लंदन। व्यवसाई तरुण गुलाटी ने लंदन का भारतीय मूल का पहला मेयर बनने की ख्वाहिश के साथ ब्रिटेन की राजधानी में मई 2024 में प्रस्तावित मेयर चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गुलाटी (63) ने पिछले महीने अपनी जन्मभूमि भारत की यात्रा के दौरान यह घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ भी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि लंदन, जो पिछले 20 वर्षों से उनका घर है, एक अग्रणी वैश्विक शहर बना रहे और सभी लंदनवासी सुरक्षित एवं विकास के अवसरों से सशक्त महसूस करें। लंदन में 21 सेंचुरी आइकन अवॉर्ड के सह-संस्थापक गुलाटी का मानना है कि पूरे लंदन में निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवारों के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है और उन्हें उम्मीद है कि उनके विचार शहर के मतदाताओं को प्रभावित करेंगे, क्योंकि वह लंदन के पाकिस्तानी मूल के मेयर सादिक खान को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। गुलाटी ने कहा, मैं लंदन के मेयर के रूप में उन देशों के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क और व्यापारिक संबंध बनाकर एकजुटता बढ़ाना चाहता हूं, जिनके प्रवासी लंदन में रहते हैं।

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड

OK PLAY

पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 17, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103, भारत
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
ई-मेल : investor.relations@okplay.in, वेबसाइट : www.okplay.co.in

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु पृथक्कृत और समेकित अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत						समेकित					
		तिमाही समाप्त			अर्द्ध वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			अर्द्ध वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त
		30-09-2023 अलेखापरीक्षित	30-06-2023 अलेखापरीक्षित	30-09-2022 अलेखापरीक्षित	30-09-2023 अलेखापरीक्षित	30-09-2022 अलेखापरीक्षित	31-03-2023 लेखापरीक्षित	30-09-2023 अलेखापरीक्षित	30-06-2023 अलेखापरीक्षित	30-09-2022 अलेखापरीक्षित	30-09-2023 अलेखापरीक्षित	30-09-2022 अलेखापरीक्षित	31-03-2023 लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	3,073.50	3,483.39	3,001.42	6,556.89	6,077.83	13,305.86	4,044.71	4,325.13	4,019.35	8,369.84	8,131.16	18,169.37
2	शुद्ध लाभ/(हानि), अपवाद मदों तथा कर से पूर्व	57.75	84.40	(133.61)	142.15	(320.38)	30.53	68.89	52.85	(97.03)	121.74	(397.48)	308.11
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद)	53.86	84.74	(142.80)	138.60	(340.94)	7.69	65.00	53.19	(106.22)	118.19	(418.04)	285.27
4	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद)	53.86	84.74	(142.80)	138.60	(340.94)	(390.08)	41.47	36.20	(129.92)	77.67	(441.74)	(195.77)
5	अवधि हेतु कुल समावेशी आय/(हानि) [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है]	53.86	84.74	(138.70)	138.60	(340.94)	(446.66)	41.47	36.20	(129.92)	77.67	(441.74)	(252.35)
6	इक्विटी शेयर पूंजी	2,646.10	2,219.61	1,920.81	2,646.10	1,920.81	1,919.61	2,646.10	2,219.61	1,920.81	1,919.61	1,920.81	1,919.61
7	अन्य इक्विटी (संचेय पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर)	-	-	-	-	2,142.23	2,036.51	-	-	-	5,434.32	1,519.65	1,708.88
8	प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु)												
	(क) मूल (रू. में)	0.20	0.38	(0.72)	0.52	(1.77)	(2.33)	0.16	0.16	(0.68)	0.29	(2.30)	(1.31)
	(ख) तनुकृत (रू. में)	0.16	0.26	(0.72)	0.42	(1.77)	(2.33)	0.13	0.11	(0.68)	0.24	(2.30)	(1.31)

टिप्पणियां :
1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.okplay.co.in) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणाम बृहस्पतिवार, 09 नवम्बर, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
राजन हांडा
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन - 00194590)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09 नवम्बर, 2023

कामा होल्डिंग्स लिमिटेड

KAMA Holdings

सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com; वेबसाइट : www.kamaholdings.com

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक्कृत				समेकित			
		तिमाही समाप्त		अर्द्ध-वर्ष समाप्त		तिमाही समाप्त		अर्द्ध-वर्ष समाप्त	
		30-09-23

छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव के नाम पर सट्टा शुरू कर दिया: शाह

जशपुर, चंद्रपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंद्रयान के उतरने वाले स्थान का नाम शिव शक्ति रखकर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्ति की लेकिन छत्तीसगढ़ की (कांग्रेस) सरकार ने महादेव के नाम पर सट्टा शुरू कर दिया। शाह ने जशपुर जिले के बगीचा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, पांच वर्ष के भीतर राज्य से नक्सलवाद समाप्त कर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, केंद्र में मोदी की सरकार है, मोदी ने चंद्रयान भेजा चंद्रमा पर, और जहां चंद्र यान उतरा, उस जगह का नाम शिव शक्ति पॉइंट रख कर भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। यहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है, उसने क्या किया? उसने महादेव ऐप से जोड़कर सट्टा खोलने का काम किया। शर्म करें, कम से कम महादेव को तो छोड़ देते।

शाह राज्य में कथित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप घोटाले का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार पर चावल घोटाला और अन्य घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा, यहां का बच्चा बच्चा कह रहा है सट्टे पे सट्टा कौन करा रहा, भूपेश कक्का। भूपेश बघेल को राज्य में कका कहा जाता है। भाजपा नेता ने पूर्ववर्ती संप्रग की सरकार के दौरान देश के असुरक्षित हाथों में होने का आरोप लगाया और कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की गई। जब कांग्रेस की सरकार थी तब रोज पाकिस्तान से आतंकवादी घुस कर हमारे यहां धमाके करते थे। जब मोदी सरकार बनी तब आतंकवादियों ने उरी और पुलवामा में भी हमला करने की कोशिश की लेकिन 10 दिनों के भीतर ही पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया किया गया।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों के कुछ जिले अभी भी नक्सलवाद का दंश भोग रहे हैं। मैं कह रहा हूं आप डबल इंजन की सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा) बनाइए, पांच साल में हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बन रहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बगीचा (विधानसभा) क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया और कहा कांग्रेस सरकार 70 साल से राम जन्मभूमि को अटका, भटका, लटका रही थी। मोदी प्रधानमंत्री बने, उन्होंने राम मंदिर का भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी 2024 को राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी करने वाले हैं। शाह ने कहा, राहुल बाबा हमें कहते थे तिथि कब बताओगे ? लो राहुल जी, हमने तिथि बता दी ... 22 जनवरी, मुझे मालूम है कि आप दर्शन करने नहीं जाएंगे। बगीचा वाले सभी लोग तो जाएंगे न? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ। उन्होंने कहा, (लेकिन) हम आदिवासी भाई-बहनों का उनकी सहमति के बिना धर्म परिवर्तन नहीं होने देंगे और उनकी रक्षा करेंगे।

शाह ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन को घोटालों की सरकार करार देते हुए दावा किया कि भूपेश बघेल ने 2000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 540 करोड़ रुपए का कोयला घोटाला, चावल घोटाला किया है। कांग्रेस सरकार ने गोबर को भी नहीं बख्शा और इसमें घोटाला किया। गृह मंत्री ने कहा, भूपेश कक्का ने सट्टेबाजी ऐप का नाम महदेव ऐप रखा और इसमें 5000 करोड़ रुपए का घोटाला किया.. भूपेश कक्का हर काम में तीस टका (30 प्रतिशत कमीशन) लेते हैं। उन्होंने बहुत सारे घोटाले किए हैं। उन्हें पकड़ा जाना चाहिए या नहीं? जिन लोगों ने हजारों करोड़ रुपए के घोटाले किए हैं, उन्हें उल्टा लटका दिया जाएगा और सही कर दिया जाएगा। शाह ने दावा किया, छत्तीसगढ़ विस चुनाव (मंगलवार को हुए) के पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और पहले चरण के रुझान के आधार पर, मैं आपको यह बताने आया हूं कि भाजपा राज्य में सरकार बनाने जा रही है।

अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति नरमी नहीं बरतेगी सरकार : गृह मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति बिल्कुल नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और भारत को इस खतरे से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि सुरक्षित भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना के अंतर्गत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पांच अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह अभियान दस राज्यों में एक साथ चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एनआईए की टीम को बधाई। मोदी सरकार अवैध रूप से रह रहे लोगों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतने की अपनी नीति को जारी रखेगी और केंद्र सरकार इस खतरे से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को देशभर में छापेमारी कर मानव तस्करी में शामिल पांच गिरोह का भंडाफोड़ कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते घुसपैठ में शामिल और अवैध रूप से लोगों को बसाने में मदद करने वाले मानव तस्करों के नेटवर्क को नष्ट करने के लिए आठ राज्यों एवं दो केंद्र शासित प्रदेशों में 55 ठिकानों पर सीमा सुरक्षा बल व राज्य पुलिस बल के सहयोग के साथ छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी में छापेमारी की गई।

संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से 22 तक

भाषा। नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। जोशी का कहना है कि इस सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा, अमृत काल के बीच, मैं सत्र के दौरान विधाई कामकाज और अन्य विषयों पर चर्चा को लेकर उत्सुक हूं।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट भी इस सत्र के दौरान सदन में पेश की जाएगी। समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की अनुशंसा की है।

प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है। गृह मामलों की स्थाई समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है।

संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है। मानसून सत्र में पेश किए गए इस विधेयक को सरकार ने विपक्ष और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों के विरोध के बीच संसद के विशेष सत्र में पारित करने पर जोर नहीं दिया। सरकार इस विधेयक के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के दर्जे को कैबिनेट सचिव के बराबर लाना चाहती है। वर्तमान में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बराबर का दर्जा प्राप्त है।

देहरादून में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू उत्तराखण्ड के स्थापना दिवस समारोह के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ।

अमेरिकी रक्षा मंत्री भारत पहुंचे, राजनाथ ने किया स्वागत

नई दिल्ली। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे और हवाई अड्डे पर उनके भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ऑस्टिन भारत-अमेरिका टू प्लस टू विदेश और रक्षा मंत्रियों के स्तर की वार्ता में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में लिखा, पालम, नई दिल्ली में अपने मित्र और रक्षा मंत्री ऑस्टिन का स्वागत करके प्रसन्नता हुई। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता और कल होने वाली द्विपक्षीय बैठक के दौरान सार्थक विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

ऑस्टिन को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। सिंह और जयशंकर का टू प्लस टू संवाद के इतर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें करने का भी कार्यक्रम है, तेजी से विस्तारित होते

भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की व्यापक समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और ऑस्टिन के बीच टू प्लस टू वार्ता और द्विपक्षीय बैठक में कई रणनीतिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

अमेरिका के मंत्री ऑस्टिन ने आखिरी बार जून में भारत की यात्रा की थी और सिंह से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि टू प्लस टू संवाद रक्षा और सुरक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी मूल्य श्रृंखला सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों में प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा हो सकेगी। इसने एक बयान में कहा, मंत्रियों को इस साल जून और सितंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन द्वारा अपनी चर्चाओं में परिकल्पित भारत-अमेरिका साझेदारी के भविष्य के रोडमैप को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समसामयिक क्षेत्रीय मुद्दों का भी जायजा लेंगे और बहुपक्षीय मंच और क्वाड जैसे ढांचे के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए साझा प्राथमिकताओं के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

कतर में आठ भारतीयों को मौत की सजा के खिलाफ अपील दायर: विदेश मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

कतर की एक अदालत द्वारा पिछले महीने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा के खिलाफ एक अपील दायर की गई है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोहा में भारतीय दूतावास को मंगलवार को बंदी भारतीयों से एक बार फिर राजनयिक संपर्क का अवसर प्रदान किया गया था और भारत उन्हें सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करता रहेगा। कतर की कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस ने 26 अक्टूबर को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाई थी।

भारत ने इस फैसले को अत्यंत स्तब्ध करने वाला बताया और कहा कि मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, जैसा कि हम पहले सूचित कर चुके हैं, कतर की कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस ने अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में 26 अक्टूबर को फैसला सुनाया था। बागची ने कहा, फैसला गोपनीय है और इसे केवल विधिक दल के साथ साझा किया गया है। अब वे आगे के कानूनी कदमों पर विचार कर रहे हैं और एक अपील दाखिल की गई है। हम इस मामले में कतर के अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेंगे।

कतर में गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों के वकीलों के दल ने अपील दाखिल की है। बागची ने कहा, हमारे दूतावास (दोहा) को सात नवंबर को एक बार फिर बंदियों से राजनयिक संपर्क का अवसर मिला। हम परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं और विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी। हम सभी कानूनी और राजनयिक सहायता देना जारी रखेंगे।

बिहार विस ने जाति आधारित आरक्षण को 65% करने को मंजूरी दी

पटना। बिहार विधानसभा ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अति पिछड़ा वर्गों (ईबीसी) एवं अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण की मौजूदा सीमा 50 फीसदी को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। नीतीश कुमार सरकार द्वारा किए गए व्यापक जाति सर्वेक्षण की पृष्ठभूमि में शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में इन वर्गों के आरक्षण को बढ़ाने के प्रस्ताव वाले विधेयकों को विधानसभा ने ध्वनि मत के जरिए सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के अनुसार, एसटी के लिए मौजूदा आरक्षण दोगुना कर किया जाएगा जबकि एससी के लिए इसे 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। वहीं, ईबीसी के लिए आरक्षण 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तो ओबीसी के लिए आरक्षण को 12 फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा। इस अवसर पर सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, अब आरक्षण 75 प्रतिशत होगा जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत शामिल है जिसे केंद्र ने कुछ साल पहले लागू किया था और हमने भी इसे राज्य में लागू किया है। उन्होंने कहा, बिहार में आरक्षण में वृद्धि जाति सर्वेक्षण का निष्कर्ष आने के बाद किया गया है, जो इस सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी नौ दलों के बीच आम सहमति बनने के बाद कराया गया था।

मंडल लहर के मंथन से उभरे प्रदेश के सबसे बड़े नेताओं में से एक नीतीश ने कहा, सर्वेक्षण ने हमें व्यापक आंकड़ा प्रदान किया है। हम इसका उपयोग समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए और अधिक उपाय पेश करने के लिए करेंगे। मुझे खुशी होगी अगर केंद्र भी जाति जनगणना के लिए सहमत हो जाए और देश भर में आरक्षण के दायरे को बढ़ाए। जदयू के शीर्ष नेता ने इस मौके का फायदा उठाते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की अपनी पुरानी मांग को दोहराते हुए कहा, प्राचीन काल में हमारी भूमि इतनी उन्नत थी। ऐतिहासिक कारकों के कारण इसमें स्थिरता आ गई। हमें अपना

खोया हुआ गौरव वापस पाने के लिए कुछ मदद की जरूरत है। इससे पहले विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा महिलाओं के संबंध में की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों ने आसन के पास आकर हंगामा किया और वे सत्ता पक्ष के सदस्यों के करीब पहुंच गए। हंगामा कर रहे सदस्यों ने इस दौरान कुर्सियां भी उठा लीं। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने आदेश दिया कि सदन में हंगामा कर रहे सदस्यों के नाम नोट किए जाएं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश के लिए उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। चौधरी ने सुबह 11 बजे सदन शुरू होने के कुछ देर बाद ही कार्यवाही स्थगित कर दी।

सदन में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते थे कि सदन चले और हम कुछ विधेयकों पर प्रस्तावित संशोधनों पर बहस की उम्मीद कर रहे थे लेकिन सत्ता पक्ष आक्रामक मूड में लग रहा था। सिन्हा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जंगल राज के लिए के लिए जाना जाता है और इसका असर सत्तारूढ़ महागठबंधन के अन्य सदस्यों पर भी पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहे। सदन के अंदर उन्होंने जिस असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया, वह उनकी संगति का असर है। भाजपा नेता ने दावा किया, बिहार को अब ऐसे एकमात्र राज्य होने का गौरव प्राप्त है जहां मुख्यमंत्री को महिलाओं के बारे में अभद्र टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी पड़ी।

बिहार विस में नीतीश ने जीतन राम मांझी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली

पटना। बिहार विधानसभा में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पूर्व सहयोगी जीतन राम मांझी पर जमकर बरसे और कहा कि उनकी मूर्खता के कारण वह राज्य में सत्ता की सर्वोच्च सीट पर आसीन हुए। विपक्षी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के घटक हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी द्वारा सदन में राज्य सरकार के जाति सर्वेक्षण पर संदेह व्यक्त करने पर नीतीश कुमार अपनी सीट से खड़े हुए और मांझी की ओर इशारा करते कहा, ए बोलता है कि हम मुख्यमंत्री थे। मेरी मूर्खता की वजह से यह मुख्यमंत्री बने। इसे कोई समझ है?

नीतीश के इस कथन के बाद भाजपा सदस्य आपत्ति जताते हुए हंगामा करने लगे। बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश से उनके सहयोगी मंत्रियों को शांत होने और अपनी सीट ग्रहण करने का आग्रह करते हुए देखा गया पर सत्तर वर्षीय जदयू नेता तब तक शांत नहीं हुए जब तक कि उन्होंने मांझी के खिलाफ जमकर भड़ास नहीं निकाल ली। उन्होंने मीडिया गैलरी की ओर ऊपर की ओर नजर घुमाते हुए यह भी कहा, पत्रकारों को भी पूरे तथ्य पता होने चाहिए। वे इस आदमी को खूब प्रचारित करते रहते हैं।

विरोध में खड़े हुए भाजपा सदस्यों से नीतीश ने कहा, यह आदमी हमेशा से आपके साथ रहना चाहते थे। जब एक साल पहले मैंने आपको (राजग) छोड़ा था तो मैंने उनसे यहीं रहने के लिए कहा था, जोर देकर कहा कि वह मेरे साथ आना चाहते हैं। अब वह भाग गए हैं। वह गवर्नर बनना चाहते हैं। कृपया उन्हें उपकृत करें। मुख्यमंत्री तब अपनी सीट पर बैठे जब विस अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने उनसे विनती करते हुए कहा, वह आपके आशीर्वाद के कारण ही मुख्यमंत्री बने थे। मांझी के पक्ष में भाजपा सदस्यों के हंगामे के बीच बिहार विधानसभा की कार्यसूची में शामिल कार्य खत्म होने के तुरंत बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाहियों में सर्वसम्मति से पारित वे विधेयक भी शामिल हैं।

जिनमें एससी, एसटी, ईबीसी और ओबीसी के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया गया है। बाद में सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में नाराज मांझी ने कहा, मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री से शिकायत करूंगा। मैं उन्हें बर्खास्त करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करूंगा। अभी कुछ दिन पहले ही उन्होंने महिलाओं के बारे में अपनी टिप्पणी से राज्य को शर्मसार किया। उनके बार-बार इस तरह के रवैए से पता चलता है कि अब उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें इतना महत्वपूर्ण पद नहीं सौंपा जा सकता है।

ओडिशा में घी के फर्जी कारखाने का भंडाफोड़, इंजन ऑयल से बनाते थे उत्पाद

बेरहामपुर। ओडिशा के गंजम जिले में बृहस्पतिवार को फर्जी घी बनाने वाले कारखाने का भंडाफोड़ होने के बाद 53 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एक खुफिया सूचना के आधार सामने आया कि बेरहामपुर शहर के बड़ा बाजार इलाके में एक घर में निर्माण इकाई का संचालन हो रहा था। यह इकाई पिछले दो वर्षों से चल रही थी। इकाई का संचालन करने में कथित तौर पर शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति एपारी राजेश्वर पात्रा को पिछले वर्ष गुटखा निर्माण इकाई का संचालन के आरोप में भी गिरफ्तार किया गया था। आरोपी जमानत पर बाहर था। इस मामले में कई और लोगों के शामिल होने का संदेह है। कार्रवाई में 10,000 से अधिक खाली पाउच, घी को पैक करने की तीन स्वचालित मशीनें, एक नामचीन घी कंपनी के लेबल, राइस-ब्रान तेल के 91 कनस्तर, 1500 डब्बे और पैक तथा पीसने की मशीनों को जब्त किया गया है।

अभिषेक ईडी के सामने पेश हुए, दस्तावेज़ जमा कराए

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए और पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल नौकरी घोटाले की चल रही जांच से संबंधित जांच एजेंसी के सवालों का जवाब सहायक दस्तावेजों के साथ सौंपा, जो लगभग 6,000 पृष्ठों में थे। यहां ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद बनर्जी ने कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल नौकरी घोटाले की जांच में केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

अधिकारियों ने बताया कि तृणमूल नेता पूर्वाह्न 11 बजकर करीब 10 मिनट पर साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे और लभगभ एक घंटे तक रुके, हालांकि एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ नहीं की। उन्होंने यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, मैंने हमेशा जांच के लिए ईडी के साथ सहयोग किया है। मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। अगर मुझे दोबारा बुलाया गया तो मैं ईडी के सामने पेश होऊंगा। मैंने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना विस्तृत जवाब सौंप दिया है। धन लेकर प्रश्न पूछने के विवाद में फंसी पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा के समर्थन में आगे आते हुए बनर्जी ने कहा कि जो कोई भी सरकार से सवाल कर रहा है, उसे केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार द्वारा परेशान किया जा रहा है। तृणमूल ने मोइत्रा का समर्थन करते हुए अब तक इस मुद्दे पर खुलकर कुछ भी कहने से बच रही थी और एक समय तो यहां तक कहा था कि वे इस मुद्दे पर संसद की आचार समिति की रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

तृणमूल नेता ने लड़ाई लड़ने में सक्षम होने के लिए मोइत्रा की सराहना की। ऐसा समझा जाता है कि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ धन लेकर सवाल पूछने के आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की आचार समिति ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर डालने वाले अनैतिक आचरण के आधार पर उन्हें संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की है।

ईडी के एक अधिकारी ने बताया, हमारे अधिकारियों ने आज बनर्जी से कोई सवाल नहीं पूछा। उन्होंने दस्तावेज जमा कराए और चले गए। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी दस्तावेजों की जांच के बाद इस पर फैसला करेगी कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव को फिर से तलब किया जाए या नहीं। राज्य को मनरेगा का बकाया तत्काल जारी करने की मांग को लेकर नई दिल्ली में एक विरोध रैली में भाग लेने के लिए तीन अक्टूबर के समन पर हाजिर नहीं होने के बाद डायमंड हार्बर के सांसद को केंद्रीय एजेंसी ने तलब किया था। ईडी ने 13 सितंबर को कथित स्कूल भर्ती घोटाले में बनर्जी से लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की थी। इससे पहले, दो बार के तृणमूल सांसद से ईडी ने कोयला चोरी मामले में दो बार पूछताछ की थी, एक बार 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में एजेंसी के कार्यालय में और फिर 2022 में कोलकाता में। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, माकपा ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को ईडी का समन एक छलावा था। माकपा के केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने जांच के नतीजे के बारे में आशंका व्यक्त करते हुए कहा, बनर्जी को ईडी का समन एक छलावा था। माकपा नेता ने कहा, बनर्जी को पता था कि उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि, कांग्रेस, जो वाम दलों और तृकां के साथ विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, बृहस्पतिवार को अभिषेक बनर्जी के समर्थन में सामने आई।

उच्चतम न्यायालय को मिले तीन और न्यायाधीश

भाषा। नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने तीन उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति संदीप मेहता को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में बृहस्पतिवार को शपथ दिलाई। तीनों न्यायाधीशों ने उच्चतम न्यायालय परिसर में एक समारोह में अन्य न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और अपने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में शपथ ली। तीन न्यायाधीशों के शपथ लेने के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या पूर्ण यानी 34 हो गई है। इससे पहले आज दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और गोहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इन न्यायाधीशों की पदोन्नति की घोषणा की। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने छह नवंबर को उनके नामों की सिफारिश की थी। उच्चतम न्यायालय में पिछली बार न्यायाधीशों की संख्या इस साल फरवरी में पूर्ण हुई थी जब न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को पदोन्नति प्रदान कर शीर्ष अदालत में नियुक्त किया गया था।

न्यायमूर्ति शर्मा को 18 जनवरी 2008 को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और 11 अक्टूबर 2021 को उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। इसके बाद उन्हें 28 जून 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के छह नवंबर के प्रस्ताव में कहा गया था कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले, वह संविधान, सेवा और अपराध से जुड़े मामलों में पेश होते थे। न्यायमूर्ति ए जी मसीह को 10 जुलाई 2008 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया गया था और 30 मई 2023 को उन्हें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।

न्यायमूर्ति मेहता के बारे में प्रस्ताव में कहा गया था कि उन्हें 30 मई 2011 को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और अपने मूल उच्च न्यायालय में वरिष्ठता प्राप्त करने के बाद उन्हें गोहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया और वहां वह 15 फरवरी 2023 से सेवारत हैं। इस बीच दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति शर्मा के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया जहां उन्होंने शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में इस महान राष्ट्र के लोगों की सेवौ करने का अवसर मिलने के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बार और पीठ को हमेशा आपसी सम्मान का बंधन साझा करना चाहिए क्योंकि यह न्याय प्रदान करने के अंतिम लक्ष्य के लिए अहम है। उन्होंने कहा, मैं विश्वास के साथ साझा कर सकता हूं कि न्यायाधीश के पद ने मुझे बहुत संतुष्टि की भावना दी है। न्यायाधीश का यही काम है कि वह एक वादी की पीड़ा को कम करने और उनके अधिकारों को बनाए रखने में सक्षम हो। वह एक साल से ज्यादा वक्त तक दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कई अहम मामलों को सुना। इस साल 27 फरवरी को उनकी पीठ ने सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र की अग्निपथ योजना को बरकरार रखा। हाल ही में, उनकी अध्यक्षता वाली एक पीठ ने महरौली पुरातत्व पार्क के आसपास के क्षेत्र में कुछ अनधिकृत निर्माणों को तोड़ने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से दिसंबर 2022 में जारी विध्वंस नोटिस को रद्द कर दिया। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने अधिकारियों से यौन अपराधों के शिकार बच्चों से जुड़े मामलों में अपनाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने को कहा। न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ ने एक मध्यस्थ पंचाट के उस आदेश को रद्द दिया था जिसमें इसरो के एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन को 2011 में एक करार को समाप्त करने के लिए देवास को ब्याज के साथ 56.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,600 करोड़ रुपए से अधिक) का हर्जाना देने का निर्देश दिया गया था।

बोल्ट-सैंटनर ने दिया श्रीलंका को झटका

●न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

●सेमीफाइनल की उम्मीद जीवंत

भाषा। बेंगलुरु

न्यूजीलैंड ने गुरूवार को यहां ट्रेंट बोल्ट के नई गेंद से शानदार प्रदर्शन की बदौलत विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 160 गेंद रहते पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखीं। न्यूजीलैंड के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद बोल्ट और मिशेल सैंटनर ने श्रीलंका को 171 रन पर ढेर करने में मदद की। फिर उसने यह छोटा सा लक्ष्य 23.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया जिसमें डेवोन कॉनवे ने 42 गेंद में 45 रन, डेरिल मिशेल ने 31 गेंद में 43 रन और रचिन रविंद्र ने 34 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए यह मुकाबला काफी अहम था क्योंकि उसे भारत, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका के खिलाफ जीत हासिल करने की जरूरत थी। अब उसका नेट रन रेट नौ मैच में 10 अंक से प्लस 0.743 है। उसके बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आठ आठ अंक हैं जिन्हें न्यूजीलैंड के करीब पहुंचने के लिए चमत्कार ही करना होगा। इससे न्यूजीलैंड के अंतिम चार में पहुंचने की पूरी उम्मीद है। अंतिम लीग मैच में पाकिस्तान (प्लस 0.036) शनिवार को इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि अफगानिस्तान (माइनस 0.338) का सामना कल दक्षिण अफ्रीका से होगा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज जब क्रीज पर उतरे तो वे इस बात से वाकिफ थे कि उन्हें अन्य दावेदारों से आगे रहने के लिए जल्दी जीत हासिल करनी होगी। उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाए जो सही लाइन एवं लेंथ हासिल करने में जूझ रहे थे। तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा ने पिच से कुछ फायदा उठाने का प्रयास किया लेकिन इतना काफी नहीं था। रविंद्र ने चमीरा पर एक छक्का और स्पिनर धनजंय डीसिल्वा पर दो छक्के जमाए।

स्कोरबोर्ड

श्रीलंका : निसांका का लाथम बो साउदी 02,परेरा का सैटनर बो फर्ग्यूसन 51, मेंडिस का रविंद्र बो बोल्ट 06,समरविक्रम का मिशेल बो बोल्ट 01, असालंका पगबाधा बो बोल्ट 08,मैथ्यूज का मिशेल बो सैटनर 16,डिसिल्वा का मिशेल बो सैटनर 19,करुणारत्नेका लाथम बो फर्ग्यूसन 06,तीक्षणा नाबाद 38,चामीरा का बोल्ट बो रविंद्र 01,मदुशनाका का लाथम बो रविंद्र 19,**अतिरिक्त** : 04, **कुल योग** : 46.4 ओवर मे 171 रन पर सभी आउट , **विकेट पतन** :1-3, 2-30, 3-32, 4-70, 5-70, 6-104, 7-105, 8-113, 9-128, **गेंदबाजी** : बोल्ट 10-3-37-3, साउदी 8-0-52-1, फर्ग्यूसन 10-2-35-2, सैटनर 10-2-22-2, रविंद्र 7.4-0-21-2, फिलिप्स1-0-3-0

न्यूजीलैंड : कॉनवे का डिसिल्वा बो चमीरा 45, रविंद्र का डिसिल्वा बो तीक्षणा 42,विलियमसन बो मैथ्यूज 14, मिशेल का असालंका बो मैथ्यूज 43,चैपमैन रन आउट 07, फिलिप्स नाबाद 17, लैथम नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 02,**कुल योग** : 23.2 ओवर मे पांच विकेट पर 172 रन,**विकेट पतन** :1-86, 2-88, 3-130, 4-145, 5-162,**गेंदबाजी** : मधुशंका 6.2-0-58-0 तीक्षणा 7-0-43-1, डिसिल्वा 2-0-22-0,चमीरा 4-1-20-1, मैथ्यूज 4-0-29-2

अफगानिस्तानी टीम की नजरें सेमीफाइनल पर

●कमजोरियों से पार पाने उतरेगा द.अफ्रीका

भाषा। अहमदाबाद

अफगानिस्तान विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को उतरेगा तो उसकी नजरें एक और बड़ी टीम को हराने पर होंगी जबकि दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी कमजोरियों से पार पाने की कोशिश में होगा। भारत और आस्ट्रेलिया के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंच चुका है लिहाजा उसके लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर नहीं है। आठ अंक के साथ अफगानिस्तान चौथे स्थान के लिए पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ दौड़ में है। अब उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हर हालत में हराना होगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की तुलना में अफगानिस्तान का रनरेट भी खराब है लिहाजा उसे बड़े अंतर से जीत और दूसरे मैचों के नतीजे अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी। इस मैच का नतीजा चाहे जो हो लेकिन अफगानिस्तान ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी के दिल जीते हैं। उसने आठ में से चार मैच जीते हैं। अब उनमें यह आत्मविश्वास भर गया है कि अपना दिन होने पर वे किसी को भी हरा सकते हैं।

कोहली की मानसिक मजबूती उसे बाकी खिलाड़ियों से अलग करती है: रिचर्ड्स

भाषा। दुबई

महान बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि उनकी मानसिक मजबूत उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है और वह मुश्किल से मुश्किल स्थिति से भी बाहर आ जाते हैं। कोहली ने हाल ही में अपने 35वें जन्मदिन पर सचिन तेंदुलकर के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 49वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। वह भारत में चल रहे मौजूदा विश्व कप में आठ मैचों में 543 रन के साथ रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। नवंबर 2019 से कोहली लगभग तीन साल तक शतक नहीं जड़ पाए और यहां तक कि पिछले साल एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने से पहले उन्होंने खेल से ब्रेक भी लिया।

भारत ने आईसी रॉड लावेर जूनियर चैलेंज में अमेरिका को हराया

सैन डिएगो (अमेरिका)। प्रतिभाशाली मानस धामने के नेतृत्व मे जूनियर भारतीय टीम ने यहां आईसी रॉड लेवर जूनियर चैलेज मे मेजबान अमेरिका को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टाटा महाराष्ट्र ओपन के दौरान अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने वाले धामने ने लड़को के शुरुआती एकल में ब्रोकेट को 6-1, 6-2 से हराया और उसके बाद रशिल खोसला ने जोनाह हिल पर 6-4, 6-3 से जीत हासिल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

अजितेश संधू हांगकांग में शीर्ष भारतीय

हांगकांग। अजितेश संधू पांचवे से आठवे होल के बीच लगातार चार बर्डी से पहले दौर मे चार अंडर 66 के स्कोर से गुरुवार को यहां हांगकांग ओपन मे संयुक्त रूप से 10वे स्थान पर चल रहे है और भारतीय गोल्फरो के बीच शीर्ष पर है। लगभग 10 साल बाद हांगकांग ओपन मे वापसी कर रहे कैमरन स्मिथ ने सात अंडर 63 के स्कोर से उभरते हुए स्टार युगेनियो चाकारा के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली है।

शिलांग लाजोंग और नेरोका एफसी ने अंक बांटे

शिलांग। शिलांग लाजोंग एफसी ने गुरूवार को यहां आई लीग फुटबॉल मुकाबले मे पूर्वोत्तर की एक अन्य टीम नेरोका एफसी से 1-1 से ड्रा खेला। आई लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की शिलांग मे चार सत्र के बाद वापसी हो रही है। लाजोंग ने पिछले हफ्ते नेहाटी मे मोहम्मडन स्पोर्टिंग से भी 1-1 से ड्रा खेलकर अंक बांटे थे। उसने ब्राजीली मिडफील्डर रेनान पॉलिनो के 34वे मिनट मे किए गोल से बढ़त बनाई।

खालसा कॉलेज के राज्य कराटे चैंपियन सम्मानित

लखनऊ । आगरा में गत 5 नवंबर को आयोजित यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों ने लखनऊ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए चार स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में सरन खत्री ने 9 वर्ष काता में रजत पदक तथा कुमिते में स्वर्ण पदक, अनंजय गौड़ ने 8 वर्ष कुमिते में स्वर्ण पदक, करण खत्री ने 10 वर्ष कुमिते में स्वर्ण पदक, अंश लोधी ने 12 वर्ष कुमिते में स्वर्ण पदक जीतकर उत्तर प्रदेश टीम में अपना स्थान पक्का किया। इस उपलब्धि पर खालसा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने चारों खिलाड़ियों तथा खालसा इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सरदार जसपाल सिंह को सम्मानित किया।

श्रीलंकाई संसद ने क्रिकेट की संचालन संस्था को बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित किया

कोलंबो। श्रीलंका की संसद ने गुरूवार को देश की क्रिकेट संचालन संस्था को बर्खास्त करने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इसे सत्ता पक्ष और विपक्षी दलो का पूरा समर्थन मिला। मुख्य विपक्ष पार्टी के नेता साजिथ प्रेमदासा ने संसद मे भ्रष्ट श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) प्रबंधन को हटाने के शीर्षक का प्रस्ताव पेश किया जिसका सरकार के सीनियर मंत्री निमल सिरिपाला डिसिल्वा ने पूरा समर्थन किया।

सर्वसम्मति से स्वीकृति दी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने गुरूवार को महज औपचारिकता पूरी करते हुए विश्वास तोड़ने के लिए महासचिव के हाई प्रोफाइल पद से शाजी प्रभाकरन को बर्खास्त करने की पुष्टि की। यहां अध्यक्ष कल्याण चौबे की अध्यक्षता मे एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक मे कार्यवाहक महासचिव के रूप मे कर्नाटक के अधिकारी सत्यनारायण एम की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई।

ऑस्ट्रेलिया टी20 में सूर्यकुमार या रुतुराज को मिल सकती है कप्तानी

●पंड्या की गैरमौजूदगी का पड़ेगा असर

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय टी20 टीम के चोटिल कप्तान हार्दिक पंड्या का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से शुरू होने वाली भारत की आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उपलब्ध होने की संभावना काफी कम है। मौजूदा वनडे विश्व कप के दौरान पंड्या के टखने का लिगामेंट चोटिल हो गया था। उन्हें इस चोट से उबरने के लिए अधिक समय की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा विश्व कप के सेमीफाइनल के बाद की जाएगी। इस बात की संभावना काफी अधिक है कि भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला 15 नवंबर को मुंबई में खेला जाएगा। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक हार्दिक के 10 दिसंबर से डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला शुरू होने तक फिट होने की संभावना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, हार्दिक के फिटनेस हासिल करने और चयन के लिए उपलब्ध होने में कुछ समय है। इस बात की संभावना अधिक है कि वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर डरबन में शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल हो जाए। वह इससे पहले अपना रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) पूरा कर लेंगे। इस बात पर कोई फैसला हालांकि एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) की स्पोर्ट्स साइंस टीम करेगी। यह समझा जाता है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नामित उप-कप्तान सूर्यकुमार यादव या एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करेंगे। सूर्यकुमार एकदिवसीय विश्व कप में खेल रहे हैं। मुंबई इंडियन्स के इस धाकड़ बल्लेबाज को सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप के विशेषज्ञ के तौर पर देखा जाता है। वहीं विश्व कप में खेल रहे रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल और तेज गेंदबाजों को टेस्ट श्रृंखला के लिए तरोताजा होने की जरूरत होगी। सफेद गेंद के भारतीय विशेषज्ञ (विशेष रूप से बल्लेबाज) आईपीएल के अलावा सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में फिटनेस बरकरार रखने पर प्रति वर्ष 25-30 मैच सकते हैं। ऐसे में अगर सूर्यकुमार खुद आराम नहीं मांगते हैं तो वह टीम का नेतृत्व करने के दावेदार होगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो रुतुराज इस काम के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। टी20 विश्व कप आईपीएल के बाद अगले साल जून और जुलाई में अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए कोर टीम में आयरलैंड दौरे और एशियाई खेलों गए खिलाड़ी शामिल होंगे। अधिकारी ने कहा, जाहिर है, किसी भी बड़े आयोजन के दौरान, जसप्रीत बुमराह जैसे किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जाएगा। उनके और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान पर्याप्त मैचों को खेल के इसके लिए तैयार रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार जैसे खिलाड़ियों को चुने जाने की संभावना है। टीम में संजू सैमसन, ईशान किशन और युजवेंद्र सिंह को भी मौका मिल सकता है। अक्षर पटेल अगर चोट से उबरने में सफल रहे तो वह टीम में शामिल होंगे क्योंकि विश्व कप में टीम के अहम सदस्य रविंद्र जडेजा को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले विश्राम मिलने की पूरी संभावना है। चयनकर्ता टीम चयन के दौरान हाल ही संपन्न सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के नाम पर भी विचार करेंगे। ऐसे में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार , रियान पराग और अभिषेक शर्मा को टीम में मौका मिल सकता है।

विश्व कप नॉकआउट के टिकटों की बिक्री गुरुवार रात से

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे विश्व के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटो के अंतिम सेट की बिक्री गुरुवार रात को होगी। विश्व कप का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई मे और दूसरा 16 नवंबर को कोलकाता मे खेला जाएगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद मे होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां जारी विज्ञप्ति मे बताया, विश्व कप के तीनो अहम मैचो पहला सेमीफाइनल (15 नवंबर), दूसरा सेमीफाइनल (16 नवंबर) और 19 नवंबर को होने वाले फाइनल के टिकट नौ नवंबर को रात आठ बजे आधिकारिक टिकट वेबसाइट टिकट्स डॉट क्रिकेटवर्ल्डकप डॉट कॉम पर उपलब्ध होगे। उन्होने कहा, विश्व कप के जादू और रोमांच का अनुभव करने और एक नए चैंपियन की ताजपोशी को व्यक्तिगत रूप से देखने के इच्छुक क्रिकेट प्रशंसको के लिए यह आखिरी मौका होगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके है। चौथे स्थान के लिए के लिए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला है।

पीसीबी ने चयनकर्ता इंजमाम का इस्तीफा स्वीकार किया

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और मुख्य चयनकर्ता इंजमाम के बीच मतभेद बढ़ गए है और देश के क्रिकेट बोर्ड ने हितो के टकराव के आरोपो के बीच इस पूर्व कप्तान का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बाबर आजम की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम जब भारत मे चल रहे क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल के अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है तब पीसीबी ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा कि उसने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पीसीबी ने बयान मे कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय पुरुष सीनियर चयन समिति और जूनियर चयन समिति क अध्यक्ष के रूप मे इंजमाम उल हक का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इंजमाम उल हक पीसीबी द्वारा हितो के टकराव के आरोपो की पारदर्शी जांच के लिए 30 अक्टूबर को स्वैच्छिक रूप से अपने पद से हट गए था। इंजमाम ने 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था जब पीसीबी ने उनके खिलाफ जांच शुरू की थी कि कई राष्ट्रीय खिलाड़ियो का प्रबंधन करने वाली कंपनी से उनका जुड़ाव हितो के टकराव के दायरे मे आता है या नही।

गेमिंग में देंगे युवाओं को ग्लोबल अनुभव

नई दिल्ली। विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने एक शानदार रिटेल एक्सपीरियंस प्रदान करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ सबसे बड़े एक्सपेरिशियल स्टोर का उदघाटन किया। एक्सपेरिशियल रिटेल पर वीवो के फोकस को हाइलाइट करते हुए, वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी हेड, गीतज चन्ना ने कहा, हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता हमारे एक्सपेरिशियल स्टोरों में झलकती है, दिल्ली में हमारी लेटेस्ट स्थापना का प्रतीक है। यह स्टोर कोर मोबाइल के साथ हमारी पार्टनरशिप द्वारा सपोर्टेड है, यह स्टोर कई सारे प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करने का नया स्टैंडर्ड स्थापित करता है, जो एक ही स्थान पर टॉप क्लास उत्पादों और सर्विस उपलब्ध कराता है। विकास मार्ग के हलचल भरे मोबाइल हब वाइब्रेंट युवा जनसँख्या को आकर्षित करता है। हम पाइपलाइन में ऐसे कई इनोवेटिव स्टोर के साथ इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का विस्तार जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। दो फ्लोर में फैले, इंटीग्रेटेड सेल्स और सर्विस स्टोर का रिटेल एरिया 2800 वर्ग फीट से अधिक है, जो एक ऑल-इन-वन एक्सपीरियंस प्रदान करता है। वीवो इंडिया ने गुजरात की प्रमुख रिटेल मोबाइल फोन सीरीज कोर मोबाइल के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की है, जो पूरे देश में 200 से अधिक स्टोर के साथ शानदार प्रजेंस रखती है। साथ ही गेमिंग और फोटोग्राफी जोन युवा उपभोक्ता को प्रीमियम इन-स्टोर एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

चिली विश्व कप से पहले अर्जेंटीना दौरा करेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली। चिली मे होने वाले विश्व कप से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हालात के अनुरूप ढलने के लिए अर्जेंटीना मे अभ्यास मैच खेलेगी। मुख्य कोच तुषार खांडकर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट 29 नवंबर से दस दिसंबर तक सैंटियागो मे होना है। खांडकर ने कहा , हम चिली जाने से पहले अर्जेंटीना मे अभ्यास मैच खेलेगे ताकि जूनियर विश्व कप से पहले हालात के अनुकूल ढल सके। भारत को जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी मे रखा गया है। भारत को पहला मैच 29 नवंबर को कनाडा से खेलना है जबकि 30 नवंबर को बेल्जियम और दो दिसंबर को जर्मनी से सामना होगा। चिली, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया पूल ए मे जबकि अर्जेंटीना, स्पेन , जिम्बाब्वे और कोरिया पूल बी मे है। पूल डी मे इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान की टीमे है। टीम चयन के बारे मे खांडकर ने कहा , हमारे पास काफी प्रतिभाशाली पूल है। अंतिम एकादश का चयन आसान नही था। लेकिन हमने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन को बेकरार है। पिछली बार भारत मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूककर चौथे स्थान पर रही थी।

विश्व कप अभियान में खराब प्रदर्शन के बावजूद सफेद गेंद के कप्तान बने रहना चाहते हैं बटलर

पुणे। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कप्तान जोस बटलर ने एकदिवसीय विश्व कप टूर्नामेंट मे निशानाजनक प्रदर्शन के बावजूद सफेद गेंद के दोनो प्रारूपो मे टीम का नेतृत्व जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। विश्व कप के शुरूआती दौर मे ही बाहर होने वाले गत चैंपियन ने बुधवार को नीदरलैंड्स को 160 रनो से हराकर पांच मैचो की हार का सिलसिला तोड़ दिया। 2025 मे चैंपियंस ट्रॉफी क्वालीफाई करने के इरादे से इंग्लैंड अब अपने अंतिम लीग मुकाबले मे पाकिस्तान पर जीत हासिल करना चाहेगी। इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब इस सप्ताह के अंत मे भारत आकर टीम से जुडेगे तथा टीम की खामियो पर चर्चा करेगे। इसके अलावा वे अगले महीने वेस्टइंडीज मे होने वाले दौरे के लिए टीम का भी चयन करेगे। इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडिज मे तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मुकाबले खेलेगी। चर्चा के दौरान कप्तान और कोच के रूप मे बटलर व मैथ्यू मॉट के भविष्य पर भी निर्णय लिया जा सकता है। बटलर ने बुधवार को कहा,ै हां, मै (अगले महीने सफेद गेंद के दौरे मे टीम की कप्तानी करना चाहूंगा)। मुझे पता है कि रॉब आज भारत आ रहे है। हम उनके और कोच के साथ कुछ अच्छी बातचीत कर सकते है और सभी के साथ उस (वेस्टइंडिज) दौरे के लिए एक योजना बना सकते हैं।

नियांटिक देगा कल्चर और गेमिंग का मजा

मुंबई। पूरे भारत में चलरहेउत्सवों को ध्यान में रखते हुए नियांटिक भारत और दुनिया भर के ट्रेनर्स के लिए ला रहा है फेस्टिवल ऑफ़लाइट का तीसरा एडिशन। जैसे.जैसे दीपावली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है, देश के हर कोने में मौजूद ट्रेनर्स को अपने पोकेमॉन के साथ रोशनी और उत्सव कीइस चमक में खो जाने वाली शानदार यात्रा पर निकलने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।टैडबल्ब का सामना करने के लिए तैयार रहें क्योंकि पोकेमॉन गो की शुरुआत हो रही है! जंगल के अँधेरे में कुछ पोकेमोन रात में भी अपनी चमक बिखेरेंगे। अपने पोकेमॉन के साथ चमकें और जश्न मनाएं!इमर्जिंग मार्केट नियांटिकए इंकण् के वाईस प्रेसिडेंट ओमारटेलेज़ के अनुसारए१भारतीय ट्रेनर्स के प्रति हमारी प्रतिबद्धता तीसरे वर्ष भी पोकेमॉन गो में इस फेस्टिवल ऑफ़लाइट कार्यक्रम के रूप में जारी है। जगमगाते पोकेमॉनए एनिमेटेड पोज़ए कलेक्शन चेलेन्जेस और टैडबल्ब एनकाउंटर के साथ दीपावली मनाएं। इस वर्ष हमने भारत की बढ़ती गेमिंग ऑडियंस और विविध संस्कृति के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करते हुएए हमारे भारतीय समुदायों के लिए अधिक रोमांचक गतिविधियों के साथए हिंदी भाषा सपोर्ट भी लॉन्च किया है। फेस्टिवल ऑफ़लाइट.मंगलवारए 7 नवंबर 2023ए सुबह 10 बजे से रविवारए 12 नवंबर 2023 रात 8 बजे तक पोकेमॉन डेब्यू.टैडबल्बए एलीटैडपोल पोकेमॉन और इसके इवोल्यूशन बेलिबोल्टए अपना पोकेमॉन गो डेब्यू करेंगे!

चोटिल क्लेन की जगह क्रोएस नीदरलैंड टीम में

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ विश्व कप के आखिरी लीग मैच मे नीदरलैंड ने चोटिल रियान क्लेन की जगह नोह क्रोएस को टीम मे शामिल किया है। क्रोएस ने एक वनडे खेला है और क्लेन के बाहर होने के बाद उन्हे विकल्प के तौर पर शामिल किया गया था। आईसीसी ने एक बयान मे कहा , आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 की इवेंट तकनीकी समिति ने नोह क्रोएस को रियान क्लेन की जगह नीदरलैंड टीम मे चुना है। नीदरलैंड आठ मे से दो मैच जीतकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है।

बजरंग को आपराधिक मानहानि मामले में जमानत मिली

भाषा। नई दिल्ली

पहलवान बजरंग पूनिया को कोच नरेश दहिया द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को जमानत दे दी। दहिया ने इस पहलवान पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तामान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने बयान से उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था। पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बजरंग ने कहा था कि दहिया के पास उनके आंदोलन का विरोध करने का नैतिक आधार नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ बलात्कार का मामला चल रहा है। दहिया ने तब अदालत का रुख किया था। बजरंग को हाल ही में एशियाई खेलों में हार का सामना करना पड़ा था। वह बिना पदक के वापस लौटे थे। अदालत में दहिया की पैरवी करने वाले वकील राजेश कुमार रेक्सवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया, बजरंग ने अदालत में खुद उपस्थिति से छूट मांगी थी। वह पहली तीन सुनवाई मौजूद नहीं रहे थे। वह आज शारीरिक रूप से पेश हुए और अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है। सुनवाई की अगली तारीख पांच मार्च है। दहिया ने अदालत में दावा किया कि उन्हें बलात्कार के मामले में बरी किया जा चुका है और बजरंग के बयान से उनका नाम खराब हुआ।

परनीत ने पहला व्यक्तिगत स्वर्ण जीता

● भारतीय तीरंदाजो ने सात पदक हासिल किए

भाषा। बैंकॉक

किशोर तीरंदाज परनीत कौर ने गुरुवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष भारतीय कम्पाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम को पछाड़कर व्यक्तिगत खिताब के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की कम्पाउंड तीरंदाज एक बार फिर अपने रिकर्व टीम पर भारी पड़े। भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। इन सात पदकों में से केवल एक कांस्य रिकर्व वर्ग (महिला टीम) में आया। कम्पाउंड महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला भारत की दो तीरंदाजों के बीच था। मुकाबले के बीच में प्रणीत दो अंकों से पिछड़ रही थी लेकिन 18 साल की इस खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 145-145 कर दिया। एशियाई खेलों में हाल में स्वर्ण पदक का हैट्रिक लगाने वाली ज्योति टाई-ब्रेकर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। वह शूट-ऑफ में परनीत से 8-9 से हार गई। अदिति स्वामी और प्रियांश की मिश्रित कंपाउंड जोड़ी ने भारत को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इस जोड़ी ने एक तरफा फाइनल में थाईलैंड को 156-151 से हराया। ज्योति, परनीत और अदिति की महिला टीम ने कम्पाउंड फाइनल में चीनी ताइपै को 234-233 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ एशियाई खेलों की अपनी सफलता को दोहराने में सफल रहीं। भारत ने अपना तीसरा कांस्य पदक पुरुषों के व्यक्तिग कम्पाउंड वर्ग में हासिल किया। अभिषेक वर्मा ने इस में दक्षिण कोरिया के जो जाएहून को 147-146 से हराया। रिकर्व वर्ग के तीरंदाजों का खराब प्रदर्शन इस प्रतियोगिता में भी जारी रहा जहां कोई भी तीरंदाज क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया। धीरज बोम्मदेवरा को तांग चिह-चुन ने 3-7 से हराया जबकि उनके सेना के उनके अनुभवी सहयोगी तरूणदीप राय को दक्षिण कोरिया के किम जे डेओक ने 0-6 (27-29, 28-29 29-30) से मात दी। महिला वर्ग में भारतीय तीरंदाज प्री-क्वार्टर फाइनल की बाधा को पार करने में विफल रहे।

यूपी रेंजर्स की जीत में राहुल विश्वकर्मा के पांच विकेट

लखनऊ। मैन ऑफद मैच राहुल विश्वकर्मा 5 विकेट की गेंदबाजी से यूपी रेंजर्स क्लब ने 19वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग में ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन को 11 रन से हराया। यूपी रेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए। राम प्रकाश ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए। शुभम वर्मा को तीन मिले। जवाब में श्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ग्रुप 25ण्3 ओवर में 114 रन ही बना सका। सिद्धांत सिंह ने 21, आर्यन ने 20 व मुजम्मिल अली ने 24 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। यूपी रेंजर्ससे राहुल विश्वकर्मा ने 7 ओवर में 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। प्रदीप वर्मा को तीन विकेट मिले।

22वीं अविनाश चतुर्वेदी इंटर स्कूल क्रिकेट 17 से

लखनऊ। 22वीं अविनाश चतुर्वेदी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 17 नवंबर से से 3 दिसंबर तक लामार्टिनियर कॉलेज के ग्राउंड पर खेला जायेगा। इच्छुक टीम अपनी इंट्री 15 नवंबर तक आयोजन सचिव एसके तिवारी को मोबाइल नंबर 9415027380 पर दोपहर 1 बजे तक भेज सकती हैं। टीम का ड्रा उसी दिन दोपहर 2 बजे निकाला जायेगा। अधिक जानकारी के लिए एसके तिवारी से संपर्क कर सकते हैं।

उत्तर क्षेत्र-1 व उत्तर क्षेत्र -2 फाइनल में

● पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट

लखनऊ। पिछले संस्करण की उपविजेता उत्तर क्षेत्र -1 ने पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफ इनल में पिछले संस्करण की विजेता कॉरपोरेट सेंटर को एक रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हराकर फ इनल में जगह बना ली। फ इनल में उत्तर क्षेत्र - 1 की टक्कर उत्तर क्षेत्र-2 से होगी जिसने एक अन्य सेमीफ इनल में पश्चिम क्षेत्र -2 को 72 रन से पराजित किया। भारत सरकार की महारत्न कंपनी पावरग्रिडए उत्तरी क्षेत्र-3 द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के जयपुरिया ग्राउंड पर दूसरे सेमीफाइनल में कॉरपोरेट सेंटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 135 रन बनाए। विकास चौधरी